

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 हमारी लड़ाई जारी रहेगी, सच्चाई की जीत ...

आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स में उथल-पुथल, साथी मालिक के ... 11



वर्ष : 12 | अंक : 128 | पटना, सोमवार,19 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 81,500 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी ने वित्त मंत्री सीतारमण को दी जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 65वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए भारत के विकास और सुधारों में उनके महत्वपूर्ण योगदान का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। निर्मला जी विकास और सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए कई प्रयास कर रही हैं। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। वित्त मंत्री के जन्मदिन पर उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों और पार्टी नेताओं ने सोशल मीडिया पर बधाई दी।

### विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर पहुंचे कुवैत

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर रविवार को कुवैत की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे। विदेश मंत्री ने एक्स पर कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या का गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वे कुवैती नेतृत्व के साथ बातचीत को लेकर उत्सुक हैं। इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या से मुलाकात करेंगे।

### पश्चिम बंगाल के मालदा में दो वाहनों के बीच टक्कर में छह लोगों की मौत

मालदा। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में गौर रेलवे स्टेशन के निकट एक वाहन एसयूवी के ट्रक से टकराने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना शनिवार आधी रात को राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर उस समय हुई जब वाहन जिले के कालियाचक से मालदा शहर आ रहा था। पुलिस ने बताया कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति ने रविवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकारियों और पुलिस ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त वाहन से शवों को निकाला तथा दो अन्य घायलों को अस्पताल भेजा।

**मुख्यमंत्री ने बिहटा में बनाये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का किया स्थल निरीक्षण**

# बिहटा एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शीघ्र होगा शुरू : नीतीश

### सीएम ने निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के दिये निर्देश



● हवाई यातायात को बेहतर बनाने के लिये की जाएगी आधुनिकतम व्यवस्था

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहटा में बनाये जानेवाले अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान बिहटा एयरफोर्स स्टेशन के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को नक्शा के माध्यम से वहां शुरू कराये जानेवाले निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि यह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा आधुनिक सुविधाओं से लैश होगी। हवाई यातायात को बेहतर बनाने के लिये यहां आधुनिकतम व्यवस्थायें की जायेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग चाहते हैं कि जल्द से जल्द इस एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शुरू हो ताकि लोगों को हवाई यात्रा में और सहूलियत हो। इससे विभिन्न जगहों से लोगों को विमान से आने-जाने के लिये सुविधा मिलेगी। इस एयरपोर्ट के निर्माण से और कनेक्टिविटी बढ़ेगी तथा पटना एयरपोर्ट पर पड़ने वाला भार भी कम होगा। साथ ही रोजगार और कारोबार के अवसर भी बढ़ेंगे। ज्ञातव्य है कि बिहटा एयरफोर्स बेस स्टेशन पर सिविल एनक्लेव बनाने की जब योजना बनायी गयी तो राज्य सरकार ने 108 एकड़ भूमि की स्वीकृति दी और उसकी चहारदीवारी भी करायी गयी। 08 एकड़ और जमीन देने की मांग एयर अथॉरिटी ने राज्य सरकार से की थी, जिसकी भी स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, बिहटा एयरफोर्स स्टेशन के पदाधिकारीगण तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के अवसर पर दी बधाई

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के बीच प्यार एवं स्नेह का त्योहार है। रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बॉधती हैं और बदले में भाई जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के लिये प्रतिबद्ध है। आज के दिन हम सभी को महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके सशक्तिकरण का संकल्प लेना चाहिये।

# कोलकाता दुष्कर्म-हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान, 20 को सुनवाई

### प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले पर करेगी सुनवाई

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित बलात्कार और हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 20 अगस्त की वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ मंगलवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हाल ही में मामले की जांच कोलकाता पुलिस से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दिया था। सरकारी अस्पताल के सेमिनार हॉल में जूनियर डॉक्टर से कथित बलात्कार और हत्या की वारदात के बाद देशभर में व्यापक स्तर पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस मामले को 13 अगस्त को कोलकाता पुलिस से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने का आदेश दिया। सीबीआई ने 14 अगस्त से जांच शुरू की है। हाईकोर्ट ने पीड़िता के माता-पिता की ओर से दायर याचिकाओं पर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया। याचिका में अदालत की निगरानी में जांच का आग्रह किया गया था।

हाईकोर्ट ने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 16 अगस्त को भीड़ की हिंसा को रोकने में राज्य की मशीनरी पूरी तरह विफल रही। हाईकोर्ट ने पुलिस और अस्पताल से स्थिति पर शपथ पत्र दाखिल करने के लिए कहा है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह भरोसा करना काफी मुश्किल है कि पुलिस और खुफिया विभाग को सात हजार लोगों की भीड़ के बारे में जानकारी नहीं थी।



पटना। भाजपा सांसद और प्रख्यात अभिनेता अरूण गोविल और प्रसिद्ध गायक उदित नारायण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की।

# बैठक : 35 साल तक बीजेपी को सत्ता से कोई भी नहीं हटा सकता है : शाह

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली में बीजेपी के पदाधिकारियों की बैठक में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी पहुंचे थे। बैठक के बाद अमित शाह ने कहा कि बीजेपी अभी 35 साल और सत्ता में रहेगी। कोई भी 35 साल तक बीजेपी को सत्ता से नहीं हटा सकता है। शाह ने कहा कि बीजेपी की जड़ें मजबूत हैं, संगठन मजबूत हैं। बीजेपी जहां सत्ता में है। वहां से जाती नहीं। उन्होंने कहा कांग्रेस जहां जाती है फिर वहां आती नहीं। बता दें कि चुनाव आयोग ने शुक्रवार को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी है। चुनाव की घोषणा के बाद बीजेपी में बैठकों का दौर शुरू हो गया है। शाह ने भविष्य में मजबूत चुनावी संभावनाओं का भरोसा जताते हुए पार्टी नेताओं से पार्टी की विचारधारा को देश के कोने-कोने तक ले जाने का आह्वान किया। सूत्रों के मुताबिक अमित शाह ने कहा कि लोगों ने बार-बार राज्यों और केंद्र में बीजेपी सरकारों में अपना भरोसा जताया है और कांग्रेस को नकारा है। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक कहा कि पार्टी का लक्ष्य इस अभियान में 10 करोड़ से ज्यादा सदस्य बनाने का है जिसमें वह राज्य शामिल नहीं होंगे जहां आने वाले महीनों में चुनाव होना हैं। आधे राज्यों में अभियान खत्म होने के बाद पार्टी को नए अध्यक्ष का चुनाव होने की उम्मीद है। शनिवार को हुई बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन से जुड़े प्रमुख नेताओं और राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने भाग लिया।गृहमंत्री शाह ने अपने संबोधन में कहा बीजेपी एक कार्यकर्ता-आधारित पार्टी है जो एक मजबूत विचारधारा से प्रेरित है।

# बुलंदशहर : सड़क हादसे में दस की मौत, 27 घायल

प्रात : किरण



बुलंदशहर/ एजेंसी। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के सलेमपुर क्षेत्र में रविवार को दो वाहनो की भिड़ंत में कम से कम दस लोगों की मौत हो गयी जबकि 27 अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शिकारपुर-बुलंदशहर रोड पर मैक्स पिकअप और प्राइवेट बस की आमने सामने से टक्कर हो गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 27 अन्य घायल हुए हैं। मरने वाले सभी लोग अलीगढ़ जिले की अतरौली तहसील के गांव रायपुर खास अहिर नगला के रहने वाले हैं। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में घायलों का उपचार करने में डाक्टरों की टीम जुटी हुई है। उन्होने बताया कि अलीगढ़ जिले की अतरौली तहसील के गांव रायपुर खास अहिर नगला के 37 लोग मैक्स गाड़ी से गाजियाबाद से अलीगढ़ जा रहे थे। ये लोग गाजियाबाद के बुलंदशहर रोड बी-10 स्थित बिरटानिया डेल्टा फूड कंपनी में नौकरी करते थे। रविवार को सभी लोग मैक्स पिकअप गाड़ी में सवार होकर गाजियाबाद से अपने घर के लिए निकले थे। बुलंदशहर के सलेमपुर थाना क्षेत्र में सामने से आ रही एक प्राइवेट बस ने पिकअप को टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पांच ने जिला अस्पताल की इमरजेंसी में दम तोड़ा है। इसके साथ ही 27 लोग घायल हुए हैं। मरने वाले और घायल सभी पिकअप में सवार थे। जिलाधिकारी चन्द्रप्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचकर घायलों का हाल जाना और डाक्टरों को इलाज के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि मैक्स गाड़ी में 37 लोग सवार थे, जिसमें 10 की मौत हो गई है। 27 लोगों का इलाज चल रहा है इनमें चार लोगों को मेरठ के लिए रेफर कर दिया है।

## सहरसा में मां-बेटी की धारदार हथियार से की गई हत्या

सहरसा। बिहार के सहरसा जिले के सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला और उसकी बेटी की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना नरियार गांव की है। सहरसा पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार रविवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे घटना की सूचना मिली। बयान के अनुसार मृतकों की पहचान गांव की निवासी रिंकू देवी 32 और उनकी बेटी नैना कुमारी 11 के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक एसपी हिमांशु ने बताया कि सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस थाने के अधिकारी मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम तथा श्वान दस्ते ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस अधीक्षक ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि मामले की जांच के लिए सदर अनुमंडल पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया है।






**पूर्व सीएम चंपई सहित झामुमो-कांग्रेस के कई विधायक हो सकते हैं भाजपा में शामिल**

# झारखंड की सियासत में भूचाल, भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच दिल्ली पहुंचे चंपई सोरेन

प्रात : किरण



रांची/जमशेदपुर/एजेंसी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच रविवार को दिल्ली पहुंचे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सोरेन के एक करीबी सहयोगी ने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री रविवार को कोलकाता से राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना हुए। उन्होंने और ब्योरा देने से इनकार कर दिया। दिल्ली पहुंचने के तुरंत बाद चंपई सोरेन ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के किसी नेता से मुलाकात नहीं की है और वह राष्ट्रीय राजधानी में एक निजी यात्रा पर हैं।

शुक्रवार को मीडिया में आई कुछ खबरो में दावा किया गया था कि झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले सोरेन भाजपा में शामिल हो सकते हैं। लेकिन सोरेन ने शनिवार को कहा था कि उन्हें अटकलों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जमशेदपुर रवाना होने से पहले उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा था, मुझे ऐसी अटकलों और खबरों के बारे में कुछ नहीं पता मैं जहां हूं, वहीं हूं। जब भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी से सोरेन के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मेरे पास कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। मुझे केवल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिल रही है।

**झामुमो-कांग्रेस के पांच से छह विधायकों की भाजपा में शामिल होने की संभावना:** झामुमो-कांग्रेस के पांच से छह विधायक भी भाजपा में शामिल होने की संभावना है। वह सभी दिल्ली पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनके साथ झामुमो के विधायक दशरथ गगरई, रामदास सोरेन, चमरा लिंडा और समीर मोहंती के अलावा पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम भी हैं। पिछले तीन दिनों से इन विधायकों के भाजपा में शामिल होने की खबरें झारखंड की सियासत में सुर्खियां बटोर रही थीं। हालांकि, चंपई सोरेन ने इन खबरों को निराधार बताया था। वह बार-बार यही कहते रहे कि मैं जहां हूं, वहीं हूं। इस बीच शनिवार की शाम झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम ने चंपई सोरेन से रांची स्थित आवास पर मुलाकात की। इसके कुछ ही देर बाद चंपई सोरेन अपने जमशेदपुर स्थित आवास के लिए रवाना हुए। लोबिन, हेंब्रम कह चुके हैं कि वह भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि चंपई सोरेन की भी भाजपा के नेताओं से बात हुई है। सूचना मिल रही है कि आज इन विधायकों की दिल्ली में भाजपा के झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात होगी और इसके बाद उन्हें आज ही पार्टी में शामिल कराया जा सकता है। अगर भाजपा में शामिल होने वाले विधायकों की संख्या छह से ज्यादा हुई तो हेमंत सोरेन सरकार के अल्पमत में आने का खतरा पैदा हो सकता है।

### भाजपा विधायकों को खरीद रही है और समाज को बांट रही है : हेमंत

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में जाने को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा विधायकों को खरीद रही है औ समाज को बांट रही है। गोड्डा जिले में एक सरकारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा गुजरात, असम और महाराष्ट्र से लोगों को लेकर आती है, ताकि आदिवासियों, दलितों, पिछड़ी जातियों और अल्पसंख्यकों के बीच नफरत फैला सके और उन्हें आपस में लड़वा सके। उन्होंने कहा कि समाज की बात छोड़िए, ये लोग परिवारों और पार्टियों को तोड़ने का काम करते हैं। वे विधायकों को खरीदते हैं। पैसे की ताकत से राजनेताओं को इधर से उधर जाने में देर नहीं लगती। हेमंत सोरेन ने यह भी कहा कि झारखंड में इस साल विधानसभा चुनाव होना है। लेकिन चुनाव की तारीख राज्य की विपक्षी पार्टी तय करेगी, न कि चुनाव आयोग। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि चुनाव आयोग अब एक संवैधानिक संस्था नहीं रही। इसमें भाजपा के लोग कब्जा कर चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अंजुमन ए मोहम्मदिया का वार्षिक कैलेंडर का हुआ विमोचन

पटना सिटी। अंजुमन ए मोहम्मदिया, बिहार रजिस्टर्ड पटना सिटी के तत्वावधान में रविवार को सायं वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि खानकाह एमादिया, मंगल तालाब के सज्जादानशीं हजरत मौलाना सैयद मिसबाहुल हक एमादी के हाथों कुतुबखाना अंजुमन तरक्की उर्दू मंगल तालाब के हॉल में हुई। बैठक की अध्यक्षता अंजुमन के अध्यक्ष डॉप्रो सैयद शमशुल हुसैन ने और संचालन हसन इमाम ने किया। मौलाना का पैनल सीरत कांफ्रेंस के लिए तैयार हो गया। इस कैलेंडर के विमोचन में हसन इमाम, महासचिव इरशाद अहमद, मेराज जिया, जाकिर हुसैन बक्स, मो साबिर अली, मो ताजउद्दीन, शाहनवाज खान, जकीउलाह खान, इकबाल हुसैन, मो फिरदौस आलम, मो फैयाज, कमाल अशरफ, मो रफी, रियाजउद्दीन, नौशाद इलाही, मो फिरोज, अजीम सिद्दीकी, मो कैफ आदि मौजूद रहे।

### सावन महोत्सव व भजन संध्या आज

पटना सिटी (प्राकि)। श्री बड़ी देवी जी प्रबंधन समिति, खाजेकलां बड़ी देवी स्थान में सोमवार को बाबा भोले का भव्य श्रृंगार के साथ ही धार्मिक आयोजन किया गया है। पूजा महोत्सव के अध्यक्ष अमरजीत कुमार गुप्ता उर्फ ट्विंकल ने बताया कि सोमवार को भव्य श्रृंगार के बाद प्रसाद भोग एवं आरती होगा। इसके बाद भजन संध्या शुरू होगा। सामूहिक भंडारा रात 10 बजे तक चलेगा। पुरोहित आदित्य पांडेय व मुकेश पांडेय पूजा का विधान संपन्न कराएंगे। आयोजन की सफलता के लिए ट्विंकल गुप्ता, कार्तिक यादव, रोहित कुमार, सुनील केसरी, मन्नू प्रसाद आदि सक्रिय हैं।

### रक्तदान हेतु लगाया गया शिविर




फतुहा। रविवार को वाणी पुस्तकालय में जनक नन्दन मेमोरिएल सेवा संस्थान के द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। डोनेशन कैंप में जनक मेमोरियल सेवा संस्थान के अध्यक्ष दीपक कुमार, सचिव डॉक्टर चंदन कुमार, संचालक डॉक्टर मनीष कुमार एवम वाणी पुस्तकालय के संचालक दयानंद प्रसाद सिंह, सदस्य मुकेश कुमार, रौशन कुमार, फैयाज अहमद, विकास कुमार के अलावा अन्य कई लोग भी उपस्थित थे। इस ब्लड कैम्बप में बहुत से लोगों ने ब्लड डोनेट भी किया। जिन लोगों ने ब्लड डोनेट किया उनको एक कार्ड भी दिया गया है और बताया गया कि इस कार्ड का इस्तेमाल एक साल तक कर सकते है आपके किसी फैमली मेम्बर्स को या स्वयं आप को ब्लड की जरूरत पड़ती है तो आप कभी भी ब्लड ले सकते है। रक्तदान को महादान भी कहा जाता है।

### वृद्ध महिला से बदमाशों ने चेन छीनकर हुए फरार

दानापुर नगर के। रूपसपुर थानाक्षेत्र के अंतर्गत अभिमनु नगर के रामविलास महतो मार्ग में शनिवार की सुबह लगभग दस बजे दरवाजा से बाहर कचरा फेंक रही वृद्ध महिला से बदमाशों ने चेन छिनतई कर फरार हो गये। महिला से शोर मचाया लेकिन तबतक बदमाश फरार हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक बिनोद कुमार की पत्न ी ऊषा देवी अपने घर के दरवाजा से बाहर कचरा फेंक रही थी। तभी मोटरसाइकिल पर सवार एक बदमाश ने उसके गले से चेन छिनकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की जांच पड़ताल कर रही है। पीड़िति द्वारा लिखित शिकायत नहीं दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# अपराधी शंकर वर्मा को घर के पास गोली मारकर हत्या

## घटनास्थल से पुलिस ने एक पिस्टल व तीन गोली किया बराबद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अनेक कांड में शामिल और अपराधी प्रवृत्ति का रहा शंकर वर्मा को अपराधियों ने रानी घाट स्थित घर के पास ही गोलियों से भून डाला। इसके बाद अपराधी हथियार लहराते हुए आराम से फरार हो गए। इस संबंध में एएसपी शरथ आरएस का कहना है कि मृतक शंकर पर 18 गंभीर कांड दर्ज था। इसमें सुल्तानगंज, कदमकुआं, पीरबहोर, गांधी मैदान, कंकड़बाग आदि थाना शामिल है। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्टल और तीन खोखा भी बरामद किया है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा है। मृतक की मां शोभा देवी ने कहा कि उसका बेटा शिव शंकर प्रसाद उर्फ शंकर वर्मा घर के बाहर खड़े बाइक की सफाई किया था। उसी मोहल्ला में ही दुगार्पूजा समिति की बैठक होनी थी, जिसमें उसे शामिल होने के लिए जाना था। वह घर के



दरवाजा के अंदर आने ही वाला था कि अचानक एक मोटरसाइकिल पर सवार चार की संख्या में अपराधी पहुंचा। सभी अपराधी उसके बेटे की घेराबंदी कर उसको टारगेट बना कर गोलीबारी करना शुरू कर दिया। अपराधियों ने शंकर के सिर में सटा कर दो गोलियां दागी हैं। घर के बाहर



गोलियों की आवाज सुनकर वह बाहर निकली, तब अपराधियों ने उस पर भी पिस्टल तान दिया और धमकी दिया कि अंदर जाओ, नहीं तो ठोक देंगे। इस पर मां ने कहा कि उसे छोड़ दो, भले मुझे गोली मार दो। जब अपराधी शंकर वर्मा की मौत से इत्मीनान हो गए, तब बाइक पर सवार होकर गलियों से होते हुए भाग निकले। बाइक चला रहा अपराधी हेलमेट पहन रखा था, जबकि तीन ने चेहरे पर गमछा बांध रखा था। हालांकि बताया जाता है कि अपराधी जब गलियों के रास्ते भाग रहा था, तब बाइक घुमाने के दौरान बीच में बैठा अपराधी गिर गया था। मगर इसके बाद सभी फिर से संभलते हुए बाइक पर सवार हो भाग निकला। पत्नी का कहना था कि शंकर वर्मा ठेकेदारी का काम करते थे। शनिवार को भी ठेकेदारी के लिए रुपया जमा करने को गए थे। वहीं दूसरी ओर एएसपी ने कहा कि अपराधियों की गोली का शिकार हुआ शिव शंकर प्रसाद उर्फ शंकर वर्मा के खिलाफ भी विभिन्न थाना में 18 गंभीर कांड दर्ज है। घटनास्थल से एक पिस्टल और तीन खोखा भी बरामद किया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में दिखे अपराधियों की पहचान कर छापेमारी की जा रही है। फिलहाल हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।

# मेट्रो डिपो को ले मकान तोड़ने के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। पटना-मसौढ़ी रोड में मेट्रो डिपो निर्माण के लिए अधिग्रहण किए गए जमीन पर बने पक्का मकान को प्रशासन की ओर 20 अगस्त तक खाली करने के आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के खिलाफ रविवार को स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है क भू-अर्जन कार्यालय में मुआवजा के लिए आवेदन दिया है। लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। मकान के चारों तरफ कमर तक पानी जमा है। मकान को खाली करने में परेशानी है। ऐसे में पहले मुआवजा देने,



मकान खाली करने समय तक रास्ता होने के बाद ही प्रशासन कार्रवाई करे। नहीं तो, इसके खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। बता दें कि वार्ड संख्या वार्ड संख्या 56 के पहाड़ी और रानीपुर मौजा में मेट्रो डिपो और प्रोपर्टी डेवलपमेंट एरिया के तहत मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और रेसिडेंशियल क्वार्टर बनाने को लगभग 51 एकड़ जमीन अधिग्रहण कर रखा है।

# सिटी बार एसो. के चुनाव में अधिकांश पुराने चेहरे, नए की भी एंट्री

## अध्यक्ष संजय कु सिन्हा, महासचिव अशोक, कोषाध्यक्ष प्रवीण ने चौंकाया, ऑडिटर देवानंद तिवारी व कुमारी नीलम जीते

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी अधिवक्ता संघ का चुनाव के लिए मतदान शुक्रवार को हुआ था। शनिवार की रात मतगणना का काम समाप्त हुआ। चुनाव पदाधिकारी दिलीप कुमार झा, सहायक चुनाव पदाधिकारी राकेश कुमार सिन्हा, संजय कुमार व कंचन कुमार ने बताया कि इस बार वोटों की गिनती का काम अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष से शुरू कर पदाधिकारियों और अंत में कार्यसमिति सदस्यों के मतों की गणना कर परिणाम घोषित किया गया। चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ हुआ। इसमें सभी प्रत्याशियों और वोटरों का भी पूरा सहयोग चुनाव संचालन समिति को मिला। अध्यक्ष के रूप में 290 वोट पाकर संजय कुमार सिंह अपना पद बचाने में सफल रहे। शशि शंकर सिंह 181 वोट पाकर उन्हें टक्कर देने की कोशिश की, मगर असफल रहे।

वहीं अजय शंकर लाल जमुआर को 36, गोपाल प्रसाद सिंह को 41, मनोज कुमार सिन्हा-2 को 28 वोट मिला जबकि 10 वोट को रद्द कर दिया गया। उपाध्यक्ष के तीन पद पर सैयद फैजुल होदा, अजय कुमार साह और मधु कुमारी ने बाजी मारी। फैजुल को 216, अजय को 196 और मधु को 184 वोट मिला। अन्य



गोपाल प्रसाद शर्मा को 88, प्रमोद कु गुप्ता को 180, प्रेमचंद साह को 85 और विजय प्रसाद को 160 वोट मिला। वहीं 30 वोट को रद्द किया गया। महासचिव के पद पर अशोक कुमार भी 234 मत पाकर अपना पद बचा लिये। उन्हें दीपक कुमार गुप्ता ने 113 मत लाकर टक्कर देने की एक हद तक कोशिश की। अनुज प्रसाद 21, अवधेश कुमार 73, चंदेश्वर प्रसाद 8, मो इरफान आलम 6, रंजीत कुमार बिमल 88, विक्रमादित्य गुप्ता 11 वोट पाए। वहीं 32 वोट को रद्द कर दिया गया। कोषाध्यक्ष के पद पर महज छह वोट से प्रवीण कुमार ने जीत दर्ज की। प्रवीण को 231, जबकि अजीत कुमार वर्मा को 225 और मुजफ्फर अली को 69 वोट मिला। सबसे अधिक इसी पद के लिए 61 वोट रद्द किया गया। प्रवीण की जीत अधिवक्ताओं के बीच चर्चा का विषय बना है।

कारण कि कम उम्र के वकील इस पद पर जीत दर्ज किए हैं। ऑडिटर के दो पद पर कुमारी नीलम और देवानंद तिवारी विजयी रहे। नीलम ने 230, देवानंद ने 224, राकेश ने 119 और गिरीश शंकर ने 26 वोट प्राप्त किया। 86 वोट रद्द किए गए। संयुक्त सचिव के तीन पद पर गोविंद कनोडिया, संजीव आनंद और राजीव रंजन-1 ने विजय पताका लहराया। गोविंद को 249, संजीव को 189, राजीव को 180, मृगेंद्र प्रताप सिंह को 42, ओम नारायण चौबे को 16, संजय कुमार-6 को 79, शिवनंदन तिवारी को 145, सिकंदर को 82 और विजय कुमार शर्मा को 162 वोट मिला। 31 वोट को रद्द किया गया। सहायक सचिव के तीन पद पर अजय कुमार, प्रेमलता कुमारी और राजकिशोर पंडित विजयी रहे। अजय और प्रेमलता को बराबर 136-136 और राजकिशोर को 131 वोट मिला। कुमार नीरज को 124, महेंद्र पाल को 71, मुकेश रंजन को 93, पंकज कुमार को 116, पुरुषोत्तम कुमार सिंह को 120, शिवरंजन सिंह को 99 और उमाशंकर को 108 वोट मिला। 27 वोट को रद्द किया गया।कार्यसमिति के 12 पद के लिए चुनाव हुआ है। इसमें वरीय कार्यसमिति के पांच पद पर धनुषधारी सिंह 285, बाल्मीकि गोस्वामी 203, उमेश कुमार सिंह 184, विजय कुमार-2 179 और संजय कुमार सिंह-2 149 वोट लाकर विजयी हुए। मनोहर लाल 146, राम कृष्ण प्रसाद यादव 137, राजकुमार सिंह 79 और रमेश उपाध्याय 97 वोट ही ला सके।कार्यसमिति के सात सदस्यों में पुतुल कुमारी 206, कुमारी सरोज 198, अमित कुमार 191, सौरभ कुमार 176, अमित राज 174 और अजीत कुमार 170 वोट पाकर विजयी रहे।

# नगर निगम के हर अंचल में खुलेगा डिस्पेंसरी कर्मियों का होगा इलाज

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के प्रतिनिधियों के साथ नगर आयुक्त की वार्ता हुई। इसमें कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त कर्मी का इलाज निगम के खर्च पर कराए जाने की मांग समन्वय समिति के प्रतिनिधियों ने की। इस पर नगर आयुक्त ने कहा कि सात चिकित्सकों की नियुक्ति पटना नगर निगम में हुई है। इसमें तीन ने अपना योगदान दिया है। अन्य भी एक सप्ताह में योगदान दे देंगे। हर अंचल में डिसपेंसरी खोले जाने पर सहमति बनी।

दो सितम्बर को उद्घाटन का निर्णय हुआ। दो एम्बुलेंस खरीदे जाने की बात भी नगर आयुक्त ने बताई।वार्ता के दौरान रात्रि पाली से दिन में शिफ्ट किए गए सफाई पर्यवेक्षकों को सिटी और अजीमाबाद अंचल के पदाधिकारी और नगर पार्षद द्वारा कार्य से रोकने और हाजिरी नहीं बनाने देने पर आपति दर्ज किया गया। नगर आयुक्त ने आविलंब कार्रवाई की बात कही। समन्वय समिति के प्रतिनिधियों ने नगर आयुक्त से यह भी कहा कि नगर पार्षद और कुछ अंचल स्तर के पदाधिकारी के मिलीभगत से कुछ कर्मी को आधे वेतन के साथ बैठाया जाता है।

इसकी भी अपने स्तर से जांच करा लें। नगर आयुक्त ने इस पर सफाई निरिक्षकों को चेतावनी दी है कि आधे वेतन पर किसी भी कर्मी को बैठाया, तो सफाई निरीक्षक को ही बैठा दिया जाएगा। वार्ड 51 के पार्षद बैजू लाल दास द्वारा सफाई पर्यवेक्षक शंभू कुमार के साथ गाली-गलौज और दिव्यांग महिला सफाई कर्मी के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने पर रोष प्रकट किया गया।नगर आयुक्त ने भी इसे अमानवीय व्यवहार बताते हुए इस पर संज्ञान लेने की बात कही। इस मामले पर समन्वय समिति के प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार पहले बांकीपुर के कार्यपालक पदाधिकारी गंगाकांत ठाकुर से मिले थे। उन्होंने भी इसे गंभीरता से लिया।सुरक्षा उपकरण भी एक सप्ताह के भीतर उप्लब्ध कराने का आश्वासन नगर आयुक्त ने दिया।

# अधिवक्ता संघ के विजयी प्रत्याशी को बधाई

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष नवीन सिन्हा, पटना महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने पटना सिटी अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर संजय सिन्हा और अशोक कुमार महासचिव, देवानंद तिवारी, कुमारी नीलम अंकेक्षक, सैयद फैजुल होदा, अजय कुमार साह, मधु कुमारी उपाध्यक्ष, प्रेमलता



कुमारी, अजय कुमार, राजकिशोर पंडित सहायक सचिव, गोविंद कनोडिया, संजीव आनंद, राजीव रंजन-1 संयुक्त सचिव, धनुषधारी सिंह, वाल्मीकि गोस्वामी, संजय कुमार-2, उमेश कुमार सिंह, विजय कुमार-2 वरीय एक्सक्यूटिव सदस्य बनने पर खुशी जताई और सभी को हार्दिक बधाई दी।

बधाई देने वालों में प्रदेश भाजपा व्यवसाय मंच कैसा संयोजक नितिन कुमार रिंकू, सत्यदेव प्रसाद पप्पू, दिव्यराज विनायक, अशोक भारती भी शामिल है।

# जमीन विवाद में हुई गोलीबारी, मामला दर्ज

## चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के रानीपुर खिडकी मोड़ के पास जमीनी विवाद को लेकर गोलीबारी की घटना हुई है। इस संबंध में थाना में तीन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। बात किए जाने पर खाजेकलां थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि रानीपुर के रहने वाले नदीम के घर के पास गोलीबारी कर अपराधी फरार हुआ है। पिछले करीब डेढ़ साल से कुछ लोगों के साथ इनका जमीनी विवाद चल रहा है। संभावना है कि इस विवाद में डर, दहशत और हमला करने की नीयत से गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया हो। पुलिस के अनुसार पीड़ित ने 13 अगस्त को भी एक सनहा कोर्ट में दर्ज कराया है। हालांकि पुलिस मामला दर्ज होने और घटना की सूचना मिलने के बाद स्थल का निरीक्षण किया है। आसपास के सीसीटीवी को भी खंगालने का काम किया जा रहा है।

**चोरी की बाइक के साथ**

**गिरफ्तार:** इधर सुलतानगंज थाना के पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पत्थर की मस्जिद के पास वाहन जांच को देखकर दो युवक बाइक छोड़कर भागने लगा। इसी दौरान पुलिस ने दोनों को खदेड़ कर पकड़ लिया। गिरफ्तार टेकारी रोड का रहने वाला गोलू कुमार एवं त्रिपोलिया का रोशन कुमार है। पुलिस ने चोरी की बाइक को भी जब्त कर लिया है।

# विश्व जगत में सामाजिक समरसता के लिए सद्गुरु कबीर के वाणी की आवश्यकता : महंत ब्रजेश मुनि महाराज

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। स्थानीय मीठापुर कबीर आश्रम में आयोजित सत्संग में महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने कहा कि आज के संदर्भ में सदगुरु कबीर की वाणी की आवश्यकता है। आज विश्व में जो बांग्लादेश में जो हिंसा हो रही हैं, कोलकाता में हिंसा हो रही है उसका निवारण करना हो तो सदगुरु कबीर के वाणी की आवश्यकता है। समाज, देश और विश्व के देशों में बढ़ती हुई भुखमरी, अशिक्षा, बेरोजगारी, स्वार्थलोलुपता, अनेकता आदि समस्याओं से सारी मानवजाति चिंतित है। वास्तव में ये ऐसी मूलभूत समस्यायें हैं जिनसे निकल कर ही हत्या, लूट, मार-काट, आतंकवाद, धार्मिक विद्वेष, युद्धों की विभीषिका आदि समस्याओं ने जन्म लिया है। इस प्रकार आज इन समस्याओं ने पूरे विश्व की मानवजाति को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। ऐसी भयावह परिस्थिति में समाज को सही राह दिखाने के लिए आज सद्गुरु कबीर के वाणी की आवश्यकता है। सदगुरु कबीर ने समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने पर बल देते हुए कहा था कि ह्यह्यवही महादेव वही मुहम्मद ब्रह्मा आदम कहिए। कोई हिंदू कोई तुर्क कहांव एक जमीं पर रहिए। सद्गुरु कबीर मानवतावादी भी थे। क्योंकि वह हमेशा सत्य की राह पर चलते थे और वह सारे भगवान को एक ही मानते थे इसके अलावा वह जाति और धर्म में भेदभाव नहीं करते थे।

# बीएनटी हेल्थ एंड हैप्पीनेस क्लीनिक का प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से म[illegible]या

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बीएनटी हेल्थ एंड हैप्पीनेस क्लीनिक में प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। आशियाना दीवा रोड़ (बिरयानी महल) के नजदीक एक वर्ष के उपलक्ष्य में डॉ जितेन्द्र कुमार तिवारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सैकड़ों रोगी को निःशुल्क स्वास्थ्य की पांच की।, जिसमें बीपी शुगर एवं 487 निःशुष्क जांच की गई, साथ में दवा भी मुफ्त में वितरण किया गया, इस क्लीनिक का मुख्य उद्घाटनकर्ता चेयरमैन, सिविल सर्जन डॉ मिथिलेश्वर कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया, जिसमें




सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस शिविर में विभिन्न चिकित्सकों ने अपनी मुफ्त सेवा दी। डा उत्तम पाठक (सर्जन) बिहार सरकार डा हर्ष कुमार (चिकित्सा पदाधिकारी प्रहरसा, एक ज्योति (मगध स्कैन सेन्टर) राजा बाजार पटना एवं साई नेत्रालय, कंकड़बाग एवं निरोग धास्पीटल राजा बाजार के चिकित्सकों ने ड्ड मुफ्त सेवा प्रदान की। इ.ठ.ळ ्'ल्लू के चेयरमैन दीप्ति पाण्डेय ने शौल देकर अभिवादन किया। इस ्'ल्लू. के सहयोगी एम जी पाण्डेय, नागेन्दर पाठक मुख्य अभियंता एनके तिवारी एवं ब्रजेश सिन्हा, ने शिविर में भरपूर सहयोग किया।

# पूर्व कर्मचारी ने ही कॉल कर मांगा था पांच लाख की रंगदारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाइपास थाना की पुलिस ने रंगदारी मांगे जाने की घटना का सफल उद्भेन महज दो दिनों में कर लिया है। 16 अगस्त को कूंट के व्यवसायी अमित कुमार को उसके मोबाइल पर कॉल कर पांच बजे लाख की रंगदारी की मांग की जा रही थी। साथ ही धमकी दी गई कि रुपया नहीं देने पर इन्हें और उनके घर वालों की हत्या कर दी जाएगी। इसके बाद व्यवसायी अमित कुमार के द्वारा बाइपास थाना में मामला दर्ज कराया गया। सिटी एसपी ईस्ट के द्वारा आरक्षी उपाधीक्षक-2 डॉक्टर गौरव कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। कांड में तेजी से काम करते हुए तकनीकी साक्ष्य एवं अन्य बिंदुओं पर अनुसंधान करते



हुए एक व्यक्ति हुमाद गली का रहने वाला अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया। साथ ही इस रंगदारी मांगने में इस्तेमाल किया गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया। पूछताछ में पकड़ा गया अमित ने कहा कि पूर्व में वह वादी के फैक्ट्री में काम कर चुका है और आवेदक का मोबाइल नंबर भी पकड़ाए व्यक्ति के पास पहले से था। पकड़ाए व्यक्ति द्वारा कांड में अपने एक अन्य सहयोगी का नाम बताया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# सीएम ने बिहटा में बनाये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का किया स्थल निरीक्षण, निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के दिये निर्देश

प्रात :किरण संवाददाता

बिहटा। गोपाल विद्यार्थी` सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को बिहटा में बनाये जानेवाले अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान बिहटा एयरफोर्स स्टेशन के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को नक्शा के माध्यम से वहां शुरू कराये जानेवाले निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी` अधिकारियों ने बताया कि यह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा आधुनिक सुविधाओं से लैश होगी। हवाई यातायात को बेहतर बनाने के लिये यहां आधुनिकतम व्यवस्थायें की जायेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे विभिन्न जगहों से लोगों को विमान से आने-जाने के लिये सुविधा मिलेगी। इस एयरपोर्ट के निर्माण से और कनेक्टिविटी बढ़ेगी तथा पटना एयरपोर्ट पर पड़ने वाला भार भी कम होगा। साथ ही रोजगार और



कारोबार के अवसर भी बढ़ेंगे।ज्ञातव्य है कि बिहटा एयरफोर्स बेस स्टेशन पर सिविल एनक्लेव बनाने की जब योजना बनायी गयी तो राज्य सरकार ने 108 एकड़ भूमि की स्वीकृति दी और उसकी चहारदीवारी भी करायी गयी। 08 एकड़ और जमीन देने की मांग एयर अर्थॉरिटी ने राज्य सरकार से की थी, जिसकी भी स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना डीएम डॉ० चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, बिहटा एयरफोर्स स्टेशन के पदाधिकारीगण तथा एयरपोर्ट अर्थॉरिटी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय रैगिंग विरोधी सप्ताह का समापन, स्डूडेंट्स को रैगिंग के दुष्परिणामों के बारे में किया गया जागरूक

# रैगिंग में भाग लेने वालों निष्कासन या निलंबन सहित कठोर दंड के भागी होंगे : निदेशक डॉ जीके पाल

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। एम्स पटना ने हाल ही में संस्थान के भीतर रैगिंग को रोकने के उद्देश्य से एक भव्य एंटी-रैगिंग जागरूकता सप्ताह की मेजबानी की। इस महत्वपूर्ण पहल की देखरेख संस्था प्रमुख डॉ. जी.के. पाल ने की। सप्ताह की गतिविधियाँ 12 अगस्त, 2024 को प्रशासनिक ब्लॉक में एम्स पटना के छात्रों द्वारा आयोजित रंगोली और पोस्टर प्रस्तुति के साथ शुरू हुई। यह प्रदर्शन रैगिंग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रैगिंग मुक्त परिसर बनाए रखने के लिए एम्स पटना की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए डिजाइन किया गया था। 13 अगस्त, 2024 को सभागार में एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ 600 से अधिक छात्रों को डॉ. जी.के. पाल द्वारा संबोधित किया




गया और सम्मानित संकाय सदस्य, जिनमें डॉ. प्रेम कुमार, डॉ. पुनम प्रसाद भदानी, डॉ. अनुप कुमार, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. ज्योति प्रकाश, श्री नीलोत्पल बल और डॉ. राथिस नायर शामिल हैं। सत्र के दौरान, वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए और छात्रों को रैगिंग में शामिल होने के गंभीर परिणामों पर जोर दिया और रेखांकित किया कि रैगिंग एक दंडनीय अपराध है। 14 अगस्त 2024 को, एम्स पटना ने आज एक शक्तिशाली एंटीरैगिंग जागरूकता रैली आयोजित की, जिसका नेतृत्व कार्यकारी निदेशक डॉ. जी.के. पाल. रैली हॉस्टल विंग से शुरू हुई और प्रशासनिक भवन तक मार्च किया गया, जिसका उद्देश्य रैगिंग के गंभीर परिणामों और इसके खिलाफ संस्थान की अटल शून्य-सहिष्णुता नीति को रेखांकित करना था। संस्था के प्रमुख डॉ. जी.के. पल ने सभा को संबोधित करते हुए छात्रों से किसी भी प्रकार की रैगिंग में भाग लेने से परहेज करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उल्लंघन के परिणामस्वरूप निष्कासन या निलंबन सहित कठोर दंड दिया जाएगा। डॉ. पाल ने पेशेवर और व्यक्तिगत करियर दोनों पर रैगिंग के हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला, और इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के व्यवहार में शामिल लोगों के लिए परिणाम गंभीर होंगे।

रैली में डीन (ए) डॉ. प्रेम कुमार, विभागाध्यक्ष ट्रॉमा सर्जरी और ईडी के ओएसडी डॉ. अनिल कुमार, डीन (छात्र मामले) डॉ. पुनम प्रसाद भदानी, रजिस्ट्रार डॉ. ज्योति सहित 300 से अधिक छात्रों और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रकाश, डॉ. सुशील कुमार, मिस आकांशा (कार्यकारी निदेशक के पीएस), प्रिंसिपल नर्सिंग कॉलेज रतीश नायर, सुरक्षा अधिकारी प्रेम नाथ राय, सुरक्षा कर्मचारी, और अन्य संस्थान कर्मचारी। (रैली चित्र) प्रतिभागियों ने प्रभावशाली नारे लगाए । डॉ. प्रताप कुमार पात्रा द्वारा एक निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कई छात्र प्रतिभागियों ने भाग लिया। 17 अगस्त, 2024 को एम्स एडमिन ब्लॉक में एक नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन आयोजित किया गया था। इस नुक्कड़ नाटक में दो टीमें शामिल थीं- एक एमबीबीएस कार्यक्रम से और दूसरी नर्सिंग कार्यक्रम से। प्रदर्शन की डॉ. जी.के. ने बहुत प्रशंसा की। पाल ने कहा कि नुक्कड़ नाटक प्रभावी ढंग से रैगिंग के हानिकारक प्रभावों के बारे में संदेश देता है। उन्होंने सभी छात्रों से रैगिंग में शामिल होने से बचने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि जो लोग ऐसी गतिविधियों में शामिल पाए जाएंगे उन्हें अधिकतम कानूनी परिणाम भुगतने होंगे, जिसमें कोई नरमी संभव नहीं होगी।

# युवाओं को आगे बढ़ाना चाहती है भाजपा : दिलीप जायसवाल

## पूर्व विधायक सुनील पांडेय अपने बेटे के साथ भाजपा में हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में विशाल प्रशांत एवं तरारी के पूर्व विधायक और राष्ट्रीय लोजपा के नेता सुनील पांडेय ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के भूमि सुधार और राजस्व मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने इन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई और पार्टी में स्वागत व अभिनंदन किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जायसवाल ने सभी लोगों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि आज भाजपा लोगों की पसंद बन गई है। आज भाजपा की नीति लोगों को आकर्षित कर रही है।

डॉ जायसवाल ने इस मिलन समारोह में आए विशाल प्रशांत एवं पूर्व विधायक के समर्थकों का भी स्वागत करते हुए कहा कि आपके बिना सुनील पांडेय अधूरे हैं। असली मालिक जनता ही हैं। उन्होंने कहा कि आपके आने से भाजपा और मजबूत होगी। उन्होंने विशाल प्रशांत का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा युवाओं को बढ़ाना चाहती है। आज प्रसन्नता है कि सुनील पांडेय ने अपने पुत्र को भाजपा को सुपुर्द किया है।

श्रावण महीने की चर्चा करते हुए डॉ जायसवाल ने कहा कि सावन जैसे पवित्र महीने में आप सभी भाजपा में शामिल हुए हैं, यह शुभ है। इस दौरान समर्थकों ने हर - हर महादेव के जयकारे भी लगाए। इस समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सुनील पांडेय ने कहा कि वे पहले भी एनडीए के कार्यकर्ता थे, आज वे भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जो भी निर्णय लेगी वह हम सभी को मान्य होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी दायित्व देगी उसे निर्वहन करेंगे। इस मिलन समारोह में भाजपा से शाहाबाद के सह क्षेत्रीय प्रभारी अशोक भट्ट ,मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा, कार्यालय मंत्री प्रवीण पटेल, प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित प्रकाश बबलु, मनोज कुमार,भोजपुर जिला अध्यक्ष दुर्गा राज, सतपाल नरोतम,मयंक मौली,अमरेंद्र ठाकुर सांडिल्य सहित पार्टी के सैकड़ों नेता कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# नीतीश कुमार के व्यक्तित्व और कार्यशैली का हर कोई कायल : उमेश



● पूर्व मुख्यमंत्री स्व सतीश प्रसाद सिंह के पुत्र सुनील कुमार जदयू में हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश कार्यालय पूर्व मुख्यमंत्री स्व सतीश प्रसाद सिंह के पुत्र सुनील कुमार ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नीति-सिद्धांत एवं विकासकार्यों में विश्वास जताते हुए जदयू की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पर्ची देकर सुनील कुमार को जदयू की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधायक पन्ना लाल सिंह पटेल एवं प्रदेश महासचिव रणविजय कुमार मौजूद रहे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि सुनील कुमार के आने से पार्टी को भागलपुर और खगड़िया के क्षेत्र में मजबूती मिलेगी और इसका व्यापक फायदा अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में पूरे एनडीए गठबंधन को होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के व्यक्तित्व और कार्यशैली का आज हर कोई कायल है। यही कारण है कि आये दिन जदयू परिवार का विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 19 वर्षों के शासनकाल में 14 करोड़ बिहारवासियों का दिल और विश्वास दोनों को जीता है।

# बिहार में प्राकृतिक सौंदर्य का अनुपम भंडार है : नीतीश



● बिहार टूरिज्म कॉन्क्लेव 2024 का पर्यटन मंत्री ने किया शुभारंभ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

टूरिज्म एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा होटल पाटलिपुत्र एग्जॉटिका में आयोजित प्रथम बिहार टूरिज्म कॉन्क्लेव 2024 का शुभारंभ पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया। इस कार्यक्रम में टूरिज्म एसोसिएशन ऑफ बिहार के सदस्यगण एवं देश के अन्य राज्यों एवं बिहार के अलग-अलग हिस्सों सहित नेपाल के होटल व एंडवेंचर टूरिज्म के विभिन्न हितधारक भी सम्मिलित हुए। इस दौरान बिहार सरकार की पर्यटन नीति के संदर्भ में व्यापक विमर्श करते हुए नीतीश मिश्रा ने बिहार में पर्यटन के बढ़ते अवसरों पर चर्चा की। साथ ही बिहार में पर्यटकीय सुविधाओं का किस प्रकार से विस्तार किया जाए जिससे बिहार आने वाले पर्यटकों को सुखद अनुभूति हो, इसपर भी विमर्श किया। इस अवसर पर मंत्री ने सबों को अवगत कराया कि बिहार में प्राकृतिक सौंदर्य का अनुपम भंडार है जिसे पर्यटन विभाग द्वारा लगातार प्रमोट किया जा रहा है एवं पर्यटकीय सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। साथ ही पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, देश के अलग-अलग शहरों में विज्ञापन, रोड-शो व एक्जीबिशन के माध्यम से बिहार के पर्यटन स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है जिसके सुखद परिणाम आने वाले समय में प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में पर्यटन विभाग और टूरिज्म एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# वंचितों के अधिकारों पर डाका डाल रहे एनडीए के लोग : लालू

## बोलें- नहीं चलने देंगे नागपुरिया मॉडल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



यूपीएससी के द्वारा जारी एक विज्ञापन ने विवाद खड़ा कर दिया है। विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद विपक्ष केंद्र सरकार पर हमलावर है। एक के बाद एक प्रतिक्रियां सामने आ रही है। इसी कड़ी में राजद सुप्रीमो लालू यादव ने भी केंद्र सरकार को घेरा है। इसके पहले तेजस्वी यादव ने सीधे-सीधे केंद्र सरकार पर बाबा साहेब के लिखे संविधान और आरक्षण के साथ कैसा घिनौना मजाक एवं खिलवाड़ करने का आरोप लगा दिया है। वहीं लालू यादव ने भी सोशल मीडियो पर ट्विट कर मोदी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि, वो केंद्र सरकार की नागपुरिया मॉडल नहीं चलने देंगे। साथ ही राजद सुप्रीमो ने एससी, एसटी और ओबीस से बड़ी मांग की है। उन्होंने कहा कि एनडीए के लोग वंचितों के अधिकारों पर डाका डाल रहे हैं। लालू यादव ने ट्विट कर कहा कि, बाबा साहेब के संविधान एवं आरक्षण की धज्जियां उड़ाते हुए नरेंद्र मोदी और उसके सहयोगी दलों की सलाह से सिविल सेवा कर्मियों की जगह अब संघ लोक सेवा आयोग ने निजी क्षेत्र से संयुक्त सचिव, उप-सचिव और निदेशक स्तर पर नियुक्ति के लिए सीधी भर्ती का विज्ञापन निकाला है। उन्होंने आगे कहा कि, इसमें कोई सरकारी कर्मचारी आवेदन नहीं कर सकता। इसमें संविधान प्रदत कोई आरक्षण नहीं है। कारपोरेट में काम कर रहे बीजेपी की निजी सेना यानि खाकी पेंट वालों को सीधे भारत सरकार के महत्त्वपूर्ण मंत्रालयों में उच्च पदों पर बैठाने का यह नागपुरिया मॉडल है। संघी मॉडल के तहत इस नियुक्ति प्रक्रिया में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को आरक्षण का कोई लाभ नहीं मिलेगा। वंचितों के अधिकारों पर एनडीए के लोग डाका डाल रहे है।

# हत्या, लूट और दुष्कर्म की घटनाओं से शर्मसार हुआ बिहार : तेजस्वी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सूबे में कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर लगातार हमलावर बने हुए है। इसी कड़ी में एक बार सरकार पर हमला बोला है। रविवार को तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर ट्विट कर सरकार को घेरा है। बता दें कि तेजस्वी यादव आए दिन सोशल मीडिया पर ट्विट कर क्राइम बुलेटिन जारी करते रहते हैं। एक बार फिर तेजस्वी यादव ने क्राइम बुलेटिन जारी किया है। इस बार तेजस्वी यादव ने 87 घटनाओं का जिक्र किया है। साथ ही तेजस्वी यादव ने सीएम की चुप्पी को लेकर भी सवाल खड़ा किया है। तेजस्वी यादव ने ट्विट कर कहा कि, बीजेपी शासित डबल इंजन सरकार में बिहार में ट्रबलिंग क्राइम रिकॉर्ड! क्या आपने सीएम को रिकॉर्डतोड़ अपराध, अनियंत्रित भ्रष्टाचार तथा बिहार में प्रतिदिन गिरती सैकड़ों लाशों और ढहते पुलों पर बोलते सुना? सुनेंगे भी नहीं? नेता प्रतिपक्ष ने पटना, सिवान, कैमूर, सहरसा, सुपौल, पूर्णिया, बेगुसराय, सुपौल, जमुई, आरा, मुंगेर, नालंदा, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, समस्तीपुर, अररिया, पूर्वी चंपारण, गया, वैशाली, शिवहर, जहनाबाद, गया, दरभंगा, मोकामा, दानापुर, गोपलागंज, कटिहार व मसौढ़ी सहित कुल 87 घटनाओं का जिक्र करते हुए सरकार पर निशाना साधा है।

# अपराधियों में शासन और प्रशासन का भय समाप्तः अरुण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा राज्य कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए जब आपराधिक घटनाएं सहित राज्य के ज्वलंत मुद्दों को लेकर सरकार को आईना दिखाने का काम करते हैं तो सत्तापक्ष के लोग ऐसे भड़कते हैं जैसे लाल कपड़ा देखकर सांड भड़कता है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि पूरे बिहार में हत्या, लूट, बलात्कार, अपहरण और रंगदारी की घटनाएं चरम पर है। दिनदहाड़े अपराधी अपराध कर रहे है। लोग भय के साये में जीने पर मजबूर है। घर में लोग सुरक्षित नहीं है। अपराधी घर में घुस कर लोगों को गोली मारकर हत्या और लूटपाट कर रहा है। अपराधियों में शासन और प्रशासन का भय समाप्त हो चुका है। इसलिए अपराधी बेखौफ होकर खुलेआम आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे है। बिहार में अपराधियों का राज कायम है।

# मुजफ्फरपुर दुष्कर्म व हत्याकांड के खिलाफ माले का प्रतिवाद मार्च

## पीड़ित परिजनों की सुरक्षा व उचित मुआवजा दे सरकार : माले

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर में विगत 12 अगस्त को एक 14 वर्षीय दलित लड़की के साथ बलात्कार के घटना के खिलाफ रविवार को माले, ऐपवा व इंसाफ मंच के बैनर से पूरे राज्य में प्रतिवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजधानी पटना के अलावा समस्तीपुर, गया, आरा, बिहारशरीफ, बेगूसराय, पटना ग्रामीण के मसौढ़ी व पुनपुन, सासाराम, सिवान, नवादा, खगड़िया, वैशाली आदि केंद्रों पर प्रतिवाद मार्च आयोजित किए गए। प्रदर्शनकारी मुजफ्फरपुर कांड पर भाजपा-जदयू की खामोशी के खिलाफ लगातार नारे लगा रहे थे। पीड़ितो को दोषी ठहराने की संस्कृति पर रोक लगाओ, अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी हो, कार्यस्थल पर यौन हिंसा पर रोक लगाओ, पीड़िता के परिजन को सुरक्षा व उचित मुआवजा दो आदि नारे भी लगाए जा रहे थे।

मौके पर का. मीना तिवारी ने कहा कि आज पूरा देश कोलकाता बलात्कार व हत्या कांड के खिलाफ आंदोलित है। हर जगह से आवाज उठ रही है। लोग सड़क पर हैं। लेकिन कोलकाता कांड पर खूब बढ़-चढ़कर बोलने वाली भाजपा व जदयू बिहार के मुजफ्फरपुर की घटना पर चुप है। यह कैसा दोहरापन है? स्थानीय सांसद और विधायक अभी तक गांव में नहीं पहुंचे हैं। सरकार का कोई आला अधिकारी भी नहीं पहुंचा है। मुआवजे की कोई घोषणा नहीं की गई है। 16 अगस्त को माले व ऐपवा की टीम वहां पहुंची थी। गांव वालों व परिजनों से बात की। शशि यादव ने कहा कि मोदी शासन में पूरे देश में महिलाओं पर हमले बढ़े हैं। भाजपा का पूरा चरित्र ही महिला विरोधी है। इस प्रवृति के खिलाफ आज पूरा देश खड़ा हो रहा है। प्रदर्शन के द्वारा मुजफ्फरपुर कांड के मुख्य अभियुक्त की तत्काल गिरफ्तारी, मृतक परिजन की सुरक्षा व 10 लाख रु. का मुआवजा की मांग की गई।

# राजद शासनकाल के आपराधिक घटनाओं की सूची बनाएं तेजस्वी : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किये गये एनडीए सरकार में आपराधिक घटनाओं की सूची पर पलटवार करते हुए कहा कि तेजस्वी को पहले राजद शासनकाल की आपराधिक घटनाओं की सूची जारी करनी चाहिए। लेकिन, तेजस्वी ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि इससे उनकी पोल खुल जायेगी। राजद का शासनकाल बिहार के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज हो चुका है। तेजस्वी बताएं या न बताएं कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि पति-पत्नी के 15 वर्षों का शासनकाल और उस समय की आपराधिक घटनाएं लोगों के जेहन से कहीं गया नहीं है। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर तेजस्वी यादव पर जमकर तंज कसा। कहा कि अपनी बोली बदल लेने से सियार शेर नहीं बन जाता। सियार सियार ही रहता है, जो दूसरे के शिकार को चोरी-छिपे खाकर अपना पेट भरता है। राजद के इस 10वीं फेल नेता की भी यहीं फितरत रही है, दूसरे के कामों को अपना बताकर उसका श्रेय लेना। लेकिन, होनेवाला नहीं है। एनडीए ऐसा करने नहीं देगा और बिहार की जनता ऐसा होने नहीं देगी। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी जी के झांसे में कोई नहीं आनेवाला। बिहार में एनडीए की सरकार है। यहां कानून का राज है। किसी अपराधी को बख्शा नहीं जायेगा। अपराधियो से सख्ती से निबटने का पुलिस को सख्त निर्देश है। पुलिस स्वतंत्र होकर काम कर रही। किसी की पैरवी का कोई दबाव नहीं है। यहीं वजह है कि 24 से 36 घंटे में अपराधी पकड़े जाते हैं। चाहे यूपी हो या बिहार, असम हो गुजरात, जहां भी एनडीए की सरकार है, वहां अपराधियों में कानून का खौफ है।

# अनर्गल प्रलाप करते हैं एनडीए के नेता : एजाज

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि तेजस्वी यादव बढ़ते अपराध और पुल - पुलिया गिरने पर पर सवाल खड़ा करते हैं, तब सत्तापक्ष एनडीए के नेता बेचैन क्यों जाते हैं। जब सच का आईना दिखाया जाता है तो उसका जवाब देने कि बजाय भाजपा और जदयू के नेता लालू और तेजस्वी फोबिया से ग्रसित होकर अनर्गल प्रलाप करते हैं। एजाज ने आगे कहा कि तेजस्वी यादव सरकार की गलतियों बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार को शिष्टाचार और सदाचार का रूप दिए जाने के मामले को उजागर करते हैं और सच्चाई से रूबरू कराते हैं तो भाजपा जदयू को इस मामले पर घबराहट और बेचैनी क्यों हो जाती है। बिहार में अपराध और अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है और सरकार इसे रोकने में पूरी तरह से असमर्थ है, आज तेजस्वी जी 87 अपराधिक घटनाओं को आंकड़ों के साथ सार्वजनिक रूप से जानकारी दे रहे हैं, तो सरकार को जवाब नहीं सूझ रहा है और और सरकार में बैठे हुए लोग अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। सरकार के स्तर से सच्चाई पर जवाब देने की बजाय तेजस्वी के सवाल पर घिसा-पिटा राग अलाप रही है। बिहार में सरकार आपसी खींचतान की स्थिति में है ,और नुरा -कुश्ती का खेल चल रहा है,बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार जनता की रक्षा की बजाय खुद को ही बचाने में लगी हुई है। डबल इंजन सरकार जनता के प्रति अपनी जवाबदेही का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रही है। जिस कारण पूरे बिहार में लोगों में सरकार के प्रति गुस्सा और रोष है।

# गांधी मैदान में 27-28 अगस्त को श्री कृष्ण जन्मोत्सव का होगा भव्य आयोजन

● श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल करेंगे उद्घाटन



पटना। श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट द्वारा पहली बार ऐतिहासिक गांधी मैदान में श्री कृष्ण महोत्सव का आयोजन 27 एवं 28 अगस्त को होगा। इसका उद्घाटन माननीय राज्यपाल करेंगे। आयोजन को लेकर रविवार को होटल मौर्या में श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट की ओर से एक प्रेस वार्ता हुई। इसमें अध्यक्ष श्री अरुण कुमार ने यह जानकारी मीडिया को देते हुए कहा कि सदियों से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाने की परंपरा चली आ रही है। इस वर्ष श्री दशहरा कमेटी ट्रस्ट की ओर से पहली बार ऐतिहासिक गांधी मैदान में श्री कृष्ण महोत्सव का आयोजन हो रहा है। पहले दिन 27 अगस्त को श्री कृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन होगा, तो दूसरे दिन 28 अगस्त को दही-हांडी प्रतियोगिता का रोमांचक दृश्य पटनावासियों को देखने को मिलेगा। श्री दशहरा कमिटी के संयोजक मुकेश नंदन ने कहा कि इस बार श्री दशहरा कमेटी ट्रस्ट द्वारा श्री कृष्ण महोत्सव 2024 बेहद खास होने जा रहा है। श्री कृष्ण महोत्सव के संयोजक मनीष सिन्हा ने कहा कि लगातार दो दिनों तक गांधी मैदान आकर्षण के केंद्र में रहेगा। 27 अगस्त को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, भक्ति संगीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, तो 28 अगस्त को दोपहर 12 बजे से दही हांडी प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में राज्यभर की कुल 24 टीमें शामिल हो रही हैं। 20 फीट की ऊंचाई पर दही हांडी लटकायी जाएगी और सबसे कम समय में मटका फोड़नेवाले को विजयी घोषित किया जाएगा। श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट के चेयरमैन कमल नोपानी ने कहा कि रावण दहन कार्यक्रम की तरह इसमें भी हजारों श्रद्धालु जुटने जा रहे हैं। सह संयोजक राकेश कुमार ने बताया कि खासकर दही हांडी प्रतियोगिता का रोमांच देखने लायक होगा। दही हांडी के प्रथम विजेता को 1.5 लाख, दूसरे को 1 लाख और तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले को 51 हजार मिलेंगे। प्रतियोगिता में शामिल होनेवाली सभी टीमों को सांत्वना पुरस्कार के तहत 11-11 हजार रुपये दिए जाएंगे। एम पी जैन ने बताया कि प्रेस वार्ता में श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट के कार्यकारिणी समिति सदस्य आरसी मल्होत्रा, डा. धनंजय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को मर्यादा का करना चाहिए पालन : विजय

## सुचिता की राजनीति करे नेता प्रतिपक्ष



पटना। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के हाल के बयानों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के विरुद्ध टिप्पणी करने की योग्यता नेता प्रतिपक्ष की नहीं हैं। नेता प्रतिपक्ष भी अपने पिता की तरह जात-पात का जहर समाज में फैलाकर राजनीति करना चाहते हैं। किन्तु उन्हें देखना चाहिए कि उनके पिता का क्या हाल हुआ! नकारात्मक राजनीति को छोड़कर नेता प्रतिपक्ष को भी सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए और राज्य के विकास में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संघ लोकसेवा आयोग द्वारा प्रकाशित जिस विज्ञापन पर नेता प्रतिपक्ष ने टिप्पणी की है उसके महत्व को उन्हें समझना चाहिए। हरेक मामले में जातीय जहर की राजनीति का कोई महत्व नहीं होता। देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आरक्षण के पूर्णतः पक्षधर हैं। नीतीश कुमार जी ने ही बिहार में पहली बार महिलाओं को अलग से आरक्षण की सुविधा दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र मे शिक्षा और शिक्षित होना बहुत जरुरी है।लालू परिवार के पंद्रह वर्षों के शासनकाल में शिक्षा में सुधार की कार्रवाई नहीं हुई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुचिता की राजनीति का आदर्श स्थापित किया है। डबल इंजन की सरकार में राज्य का सर्वांगीण विकास हो रहा है। राज्य की जनता यह सब देख रही है। नेता प्रतिपक्ष को भी सुचिता की राजनीति करते हुए अपने संवैधानिक दायित्वों का पालन करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष की आस्था का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि विधानसभा सत्र में अनुपस्थित रहें और ना ही क्षेत्र में किसी के सुख-दुख का सहभागी बने।

# कुशवाहा समाज की राजनीतिक अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं : निशिकांत



पटना। बिहार प्रदेश कुशवाहा समाज के बुद्धिजीवियों की चिंतन बैठक मौर्या होटल में संपन्न हुई ! चिंतन बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति एवम समाजसेवी निशिकांत सिन्हा ने कहा कि बिहार में कुशवाहा समाज की आबादी मुस्लिम, यादव के बाद तीसरे नंबर पर है लेकिन राजनीति, शैक्षणिक एवं औद्योगिक भागीदारी निचले स्तर है। हमारी कोशिश है कि बिहार के कुशवाहा समाज का सर्वांगीण विकास हो। हमारे समाज के लोग राजनीति, मीडिया, जुडिशरी, उद्योग जगत,शिक्षण संस्थान, सरकारी सेवा ,ब्यूरोक्रेट्स, टेक्नोक्रेट्स में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें ! इसके लिए मैं पिछले 5 वर्षों से नवादा में अभियान शुरू किया था अब यह अभियान पूरे बिहार में चलेगा। कहा कि आने वाला समय हमारा है। आपके सहयोग से सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, गौतम बुद्ध, महात्मा फुले, शहीद जगदेव प्रसाद के सपनों को साकार करेंगे। आने वाले विधानसभा,पंचायत निकाय, नगर निकाय,लोकसभा में आबादी के अनुसार हमारी भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए हम सब लोग गोलबंद होकर अपनी राजनितिक जागरूकता का परिचय दे! कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री रेणु कुशवाहा ने कहा कि बिहार में राजनीतिक शून्यता है इसको भरने के लिए निशिकांत कुशवाहा आगे आए हैं हम लोग तन मन धन से मदद करेंगे और बिहार का सर्वांगीण विकास होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अवधेश कुशवाहा ने कहा कि यह अभियान गांव तक चलेगा और टीम के साथ में पूरे बिहार में भ्रमण करेंगे। जन अधिकार पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहां की यह कुशवाहा समाज की एकता का ही परिचायक है कि आज सभी राजनीतिक दल कुशवाहा समाज को प्रमुखता दे रहे हैं। कार्यक्रम को पूर्व विधायक राजेश कुशवाहा, पूर्व न्यायाधीश दामोदर प्रसाद, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी विजय कुमार सिंह,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय कुशवाहा, पूर्व आईआरएस बैजनाथ मेहता अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा, प्रोफेसर शशि आर्यन, बैधनाथ कुशवाहा, (नवादा) मणिलाल कुशवाहा,( नवादा )राकेश सिंह कुशवाहा, मनोज मेहता, अधिवक्ता गंगेश गुंजन, संतोष कुशवाहा, मनोरंजन कुशवाहा, हरिओम कुशवाहा सहित सैकड़ो लोगों ने संबोधित किया।

# महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या दरिंदगी की पराकाष्ठा : मुकेश

पटना। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस बीच विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने भी इस घटना की कठोर निंदा करते हुए कहा कि सभ्य समाज में ऐसी घटना कभी स्वीकार्य नहीं हो सकती है। उन्होंने महिलाओं और उनके परिवारों की सुरक्षा को लेकर भी गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर दूसरे की जिंदगी देने का काम करते हैं और इस धरती पर उन्हें भगवान का दर्जा प्राप्त है। ऐसे में एक महिला डॉक्टर के साथ पहले रेप और फिर हत्या की घटना इस समाज पर काला धब्बा है। कोलकाता में जो कुछ हुआ उससे पूरी मानवता शर्मसार हुई है। उच्च न्यायालय द्वारा इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गयी है। पूर्व मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार हो या प्रदेश की सरकार हो दोनों सरकारों से अनुरोध है

प्रत्येक दिन आयोजित होंगे साहित्यिक कार्यक्रम और विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएँ

# साहित्य-सम्मेलन में 1 सितम्बर से आरंभ होगा हिन्दी पखवारा-सह-पुस्तक चौदस मेला

☞ शताब्दी-समारोह के लिए राष्ट्रपति महोदया की स्वीकृति की हो रही है प्रतीक्षा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



हिन्दी-दिवस के उपलक्ष्य में बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आगामी 1 सितम्बर से 15 सितम्बर तक हिन्दी-पखवारा-सह- पुस्तक चौदस मेला का आयोजन किया जाएगा। पखवारा के प्रत्येक दिन सम्मेलन सभागार में विविध साहित्यिक आयोजन संपन्न होंगे तथा विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। 14सितम्बर को 14 हिन्दी-सेवियों का सम्मान तथा 15 सितम्बर को, समापन-समारोह में प्रतियोगिताओं के सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने बताया है कि, समारोह का उद्घाटन 1 सितम्बर को अपराहन तीन बजे किया जाएगा। इसी दिन डा कामिल बुल्के तथा राष्ट्र-भाषा प्रहरी नृपेंद्रनाथ गुप्त की जयंती भी मनायी जाएगी तथा पुस्तकों के लोकार्पण होंगे। 2 सितम्बर को विद्यार्थियों के लिए श्रुतिलेख-प्रतियोगिता, 3 सितम्बर को विद्यार्थियों की व्याख्यान-प्रतियोगिता, 4 सितम्बर को डा विष्णु किशोर झा बेचन की जयंती एवं कवि-सम्मेलन, 5 सितम्बर को हमारे शिक्षक विषय पर विद्यार्थियों द्वारा निबन्ध-लेखन प्रतियोगिता, 6 सितम्बर को कथा-कार्यशाला , 7 सितम्बर को काव्य-कार्यशाला, 8 सितम्बर को कवयित्री-सम्मेलन, 9 सितम्बर को भारतेंदु जयंती एवं ह्यनाट्य-साहित्य में बिहार का योगदान विषय पर संगोष्ठी, 10 सितम्बर को राजा राधिका रमण प्रसाद सिंह जयंती एवं लघु-कथा गोष्ठी, 11 सितम्बर को केदार नाथ मिश्र प्रभात जयंती एवं कवि-सम्मेलन, 12 सितम्बर को विद्यार्थियों के लिए काव्य-पाठ प्रतियोगिता, 13 सितम्बर को विद्यार्थियों के लिए कथा-लेखन प्रतियोगिता, 14 सितम्बर को, हिन्दी-दिवस समारोह एवं हिन्दी-सेवी सम्मान तथा 15 सितम्बर को समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा। 15 दिनों के पुस्तक चौदस मेले में नेशनल बुक ट्रस्ट तथा राज कमल प्रकाशन समेत कई प्रकाशक भाग ले रहे हैं। प्रत्येक हिन्दी-प्रेमी से आग्रह किया गया है कि, धन-त्रयोदशी की भावना के साथ, जिसमें कुछ न कुछ धन का क्रय इस विचार से किया जाता है कि, इससे घर में श्री की वृधि हो, पुस्तकों का क्रय अवश्य करें, इस भावना के साथ कि, इससे घर में प्रज्ञा-श्री की वृधि होगी। डा सुलभ ने बताया है कि सम्मेलन के शताब्दी-समारोह के लिए भारत की राष्ट्रपति महोदया की स्वीकृति की प्रतीक्षा की जा रही है। उनकी स्वीकृति प्राप्त होते ही समारोह की तिथि घोषित कर दी जाएगी। इस समारोह को अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप दिया जाएगा, जिसमें विश्व के विभिन्न देशों के हिन्दी-सेवी विदुषियों और विद्वानों की भी प्रतिभागिता होगी। विश्व में हिन्दी का उन्नयन कर रहे 21 हिन्दी-सेवियों को साहित्य सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय शताब्दी-सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

# जय भीम-जय मीम का नारा देनेवाले दलितों के हितैषी नहीं : मिथिलेश

## कहा-यह नारा हिंदू समाज को ही खंडित करने वाला नहीं, बल्कि देश को तोड़ने वाला है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



अंबेडकर के विचारों को गहराई से जानने-समझने की कोशिशें, उनके विचारों की प्रासंगिकता पर सामाजिक, बौद्धिक और राजनीतिक क्षेत्र में विमर्श आज भी जारी है। इसी कड़ी में प्रख्यात लेखक मिथिलेश कुमार सिंह की पुस्तक अंबेडकर, इस्लाम और वामपंथ ने अंबेडकर के विचारों के अनछुए पहलुओं को सामने लाकर राष्ट्रीय स्तर पर नयी बहस का आगाज किया है। रविवार को संगम चैनल पर लाइव व्याख्यान में बोलते हुए प्रख्यात लेखक मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा की जय भीम जय मीम का नारा लगाने वाले लोग दलितों के लिए चिता तैयार कर रहे हैं। यह नारा केवल हिंदू समाज को ही खंडित करने वाला नहीं है, बल्कि देश को तोड़ने वाला नारा है। इसी नारे ने आजादी के पहले भारत विखंडन की भावनाओं को मजबूती प्रदान किया था और जिन्ना के झांसे में आकर योगेंद्र नाथ मंडल ने भारत के एक बड़े भाग को दलितों के समर्थन से पाकिस्तान को दिलवाने में मदद किया था। आजादी के पहले इस नारे का अंबेडकर ने कड़ा विरोध किया था और आजादी के बाद पाकिस्तान से सारे दलितों को भारत वापस आ जाने की अपील किया था। अंबेडकर का स्पष्ट मानना था कि दलितों का हित पाकिस्तान की अपेक्षा भारत में बेहतर तरीके से साधेगा। अंबेडकर ने मोपला कांड के समय भी कांग्रेस के मुस्लिम नेताओं की मानसिकता को लेकर क्षोभ व्यक्त किया था। जब कांग्रेस अधिवेशन में मोपला के दलितों को धर्मांतरित करने वाले और प्रताड़ित करने वाले मुसलमानों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करने की बात आई तो कांग्रेस के मुस्लिम नेताओं ने इस प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया। इस बात को लेकर अंबेडकर बड़े निराश थे। वे अपनी पुस्तक भारत का विभाजन या पाकिस्तान में लिखते हैं कि मोपला कांड में जिन मुसलमानों ने दलितों की हत्या की, उनका धर्मांतरण कराया उसे खिलाफतवादियों ने गाजी घोषित किया और उनकी प्रशंसा में प्रस्ताव पारित किया ।खिलाफतवादियों के इस गतिविधि पर गांधी जी ने कुछ नहीं कहा। न ही गांधी ने मोपला कांड के दोषियों के खिलाफ भी एक शब्द कहा। इस बात को लेकर वह गांधी जी से काफी नाराज भी थे। अंबेडकर का स्पष्ट मानना था कि भारतीय राजनीति में सांप्रदायिक तत्वों का समावेश गांधी जी ने ही कराया था जब उन्होंने खिलाफत आंदोलन का समर्थन किया था। मुस्लिम तुष्टिकरण की शुरूआत भी वहीं से मानी जाती है।

आगे बोलते हुए श्री सिंह ने कहा कि आज भी अंबेडकर की बात समीचीन प्रतीत होती है। 1971 में बांग्लादेश की आजादी में हिंदुओं ने मुसलमानों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर उनका साथ दिया। उस समय वहां उनकी आबादी 30 प्रतिशत थी, जो आज घटकर 7 प्रतिशत हो गई है । आज जो मुसलमान के द्वारा बांग्लादेश के हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं वह अंबेडकर की बातों को अक्षरशः सत्य साबित करते हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

## संक्षिप्त खबरें

### फरार हत्यारोपियों के घर ढोल बजा कर पहुंची पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

बोचहा ।थाना क्षेत्र के रोशी गांव में चाकू बाजी में घायल व्यक्ति का इलाज के दौरान एसकेएमसीएच मौत मामले में आरोपी के घर आज ढोल लेकर पहुंची पुलिस ने इश्तेहार चिपका कर चेतावनी दिया। ढोल बजाते हुए जैसे ही पुलिस आरोपी के घर पहुंची, उसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान पुलिस ने बताया कि कांड संख्या 538/23 हत्या का आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा है। कोर्ट के आदेश पर एसआई सरिता कुमारी, और लुटावन राम आरोपी के घर इश्तेहार लगाने गई थी, शफुद्दीनपुर कनियाइनार मार्ग पर बरहम स्थान के समीप बीते दिनों चाकू से हमला कर रामानंदन राय को जख्मी कर दिया, जिसका इलाज के दौरान एसकेएमसीएच में मौत हो गई। मामले में गायघाट थाना क्षेत्र के पछगाछिया गांव निवासी मृतक की पत्नी पवन देवी ने रोशी गांव के राजा राय, सुनील राय एवं पछगाछिया गांव के सुरेश राय, मोनिल राय, और पप्पू राय पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी, थाना अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया कि हत्या के मामले में फरार आरोपी के घर कोर्ट के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया गया है, 30 दिनों के अंदर आरोपी को थाना या कोर्ट में सरेंडर करने को कहा गया है, ऐसा नहीं करने पर आरोपी के घर की कुर्की जप्ती की जाएगी।

### मार-पीट और जालसाजी का अभियुक्त गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर ।जिले बेनीबाद थाना क्षेत्र के बलहा गांव से पुलिस ने मारपीट व जालसाजी करने के मामले में फरार एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ़्तार हुए अभियुक्त के विरुद्ध बीते वर्ष 9 अक्टूबर को न्यायालय के आदेश पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमें जालसाजी से जमीन केवला कराने व जबरन जमीन कब्जा करने समेत मारपीट लूटपाट का आरोप लगाया था। इस मामले में ओंकार प्रसाद सिंह ने 6 लोगों के विरुद्ध न्यायालय में शिकायत किया था। जिसमें बताया गया है कि इस मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई करना नहीं चाहा, इसके बाद न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई गई। थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि इस मामले के एक आरोपी को शशि कुमार सिंह को गिरफ़्तार किया गया है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

### जयनगर बीडीओ राजीव रंजन कुमार ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण

मधुबनी जयनगर बीडीओ राजीव रंजन कुमार ने प्रखंड की बस्ती पंचागत के उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं डीडवार पंचायत के गोवराही गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किये है,बीडीओ राजीव रंजन ने स्कूल में बच्चो को मिलने वाला मध्याह्न भोजन और साफसफाई व्यवस्था के साथ पठन पाठन व्यवस्था को लेकर छात्रों से अवगत भी हुआ बोडीओ ने छात्रों को शुद्ध पेयजल शौचालय भवन वर्ग संचालन और विधि व्यवस्था को लेकर प्रधानाध्यापक से जानकारी सझाकिया बीडीओ ने शिक्षको को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण बात रखे।

### अंतिम सोमवारी पर विशेष पूजा अर्चना के लिए बाबा सिद्धेश्वरनाथ में जुटेंगे कांवड़ियों

मनीगाछी। प्रखंड क्षेत्र की टटुआर पंचायत के विशौल गांव स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर में सावन की अंतिम सोमवारी पर कांवड़ियों की भारी जुटान होगी। इस अवसर पर विशेष पूजा अर्चना के लिए मंदिर व्यवस्थापक द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है ।इस अवसर पर सैकड़ों कमरथुआ जहां पैदल एवं विभिन्न वाहनों से सिमरिया से गंगा जल लाकर बाबा सिद्धेश्वरनाथ का जलाभिषेक करेंगे वहीं गांव के युवकों द्वारा आयोजित भव्य रूद्राभिषेक अनुष्ठान एवं भजन संध्या का आयोजन भक्तों के विशेष आकर्षण के केन्द्र में रहेगा। मंदिर कमिटी के अध्यक्ष प्रो जीवकांत मिश्र ने बताया कि अंतिम सोमवारी पर भक्तों की भारी भीड़ के नियंत्रण के लिए मंदिर पथ पर बैरिकेटिंग की विशेष व्यवस्था बहाल की जाएगी। जबकि स्वयंसेवकों की टीम मंदिर परिसर में चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखेंगे। प्रातः गांव की सीमा से गाजे बाजे के साथ कमरथुओं की मंदिर परिसर तक अगुवानी की जाएगी।

# भारी बहुमत से बनाएंगे बिहार में एनडीए की सरकार : दिलीप जायसवाल

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल का रविवार को पटना से मोतिहारी जाने के क्रम में कांटी स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर के समीप पूर्व मंत्री अजीत कुमार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया । प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में सुबह से ही हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हाथी , घोड़ा , गाजा बाजा के साथ छिन्मस्तिका मंदिर के पास एन एच 28 पर जमे हुए थे। प्रदेश अध्यक्ष के आते ही कार्यकताओं ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया । इस मौके पर दिलीप जायसवाल ने छिन्नमस्तिका माता के मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया ।कार्यकताओं का भारी भीड़ देखकर उत्साहित प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकताओं के साथ पैदल चलकर मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर श्री जयसवाल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहां की 2025 में हमें बिहार में बड़े बहुमत से एन डी ए की सरकार बनाना है। साथ ही हम सबको प्रधानमंत्री मोदी जी के हर एक सपने को साकार भी करना है, इसलिए कार्यकर्ता साथियों अभी से इस मिशन मे जोड़ शोर से लग जाए।

श्री जयसवाल ने कहा मैं आज कांटी छिन्नमस्तिका मंदिर में आकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया हूं । मैं मां से कामना किया हूं कि पुरा बिहार, मुजफ्फरपुर , कांटी का उन्नति व विकास हो । साथ ही आपसी सद्भाव भाईचारा बना रहे। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से कहा कि मैं आज आप सभी के स्नेह और समर्थन से अभिभूत हूं। कार्यकताओं की ऊर्जा और उत्साह मुझे नई प्रेरणा से भर दिया है । आप सभी का स्नेह इस आयोजन को मेरे लिए यादगार बना दिया है । मैं आप सभी को ह्रदय तल से धन्यवाद व्यक्त करता हूं। प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने वालों में मुखिया इंद्र मोहन झा , अशोक पासवान, मुरारी झा , रणधीर कुमार सिंह, सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, राहुल कुमार, रंजीत चौधरी , सरोज कुमार तिवारी, पूर्व मुखिया नंदकिशोर सिंह, हाफिज ओजैर, मो० समीम, हरदेव ठाकुर, मंकू पाठक, गजेंद्र झा, साकेत रमन पांडे , सुजीत कुमार सिंह, शिवनाथ ठाकुर , अनिल शाही, नागेंद्र पंडित , नागेंद्र गिरी, गजेंद्र झा, सुरेंद्र सिंह, शिवेंद्र ठाकुर, सुमन कुमार सिंह, पवन कुमार ,राम सागर चौधरी, रमेश ठाकुर , अखिलेश साह, शंकर महतो, अरविंद सिंह , अंकेश ओझा आदि प्रमुख थे।

## भारतीय संस्कृति के महाकवि हैं गोस्वामी तुलसीदास : चंद्रभूषण सिंह चंद्र

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। गोस्वामी तुलसीदास का रचना संसार भारतीय जनमानस में आर्दश व संस्कृति के मूल्यों के रूप में बसा हुआ है। वे भारतीय संस्कृति के जनमानस के महाकवि हैं। उन्होंने रामचरितमानस के रूप में ऐसा साहित्य रचा जो करोड़ों लोगों का सबसे पवित्र व अलौकिक ग्रंथ बन गया। कागज के पन्नों को तुलसी ने तुलसी दल जैसा बना दिया। नूतन साहित्यकार परिषद के अध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह चंद्र ने साहित्य भवन में रविवार को आयोजित तुलसी जयंती समारोह में उक्त बातें कही। तुलसी की भक्ति भावना पर चंद्र ने कहा कि तुलसी की भक्ति आडम्बर से रहित हैं। उसमें विविध विधि-विधानों की आवश्यकता ही नहीं है। कविवर तुलसी ने राम के आदर्श चरित्र में जीवन की सभी दिशाओं और समाज के सभी क्षेत्रों में जिन आदर्शों की स्थापना की है, उनके आधार पर एक आदर्श समाज की रचना हो सकती है। तुलसी ने लोकमंगल की कामना को सिद्ध करते हुए श्री राम के आदर्श रूप की संकल्पना को समाज में स्थापित किया। तुलसी की विलक्षण प्रतिभा इस बात में हैं कि उन्होंने भक्त और रचनाकार की भूमिकाओं का एक साथ निर्वहन किया है। तुलसी ने रामचरितमानस के जरिए भगवान राम की भक्ति को घर-घर तक पहुंचाया है। सेवानिवृत डीडीओ परशुराम सिंह ने कहा कि तुलसी के काव्य लौकिक तथा पारलौकिक, दोनों प्रकार के आनन्द के साधन है। वे एक ओर ह्दय में पावन भावों का संचार करते हैं तो दूसरी ओर जीवन को अनेक समस्याओं का समाधान भी करते है। सेवानिवृत शिक्षक स्वराजलाल ठाकुर ने कहा कि राम के जीवन में उन्होंने पिता-पुत्र, भाई-भाई, गुरु-शिष्य, पति-पत्नी, राजा-प्रजा आदि सभी सम्बन्धों का आदर्श उपस्थित कर सभी के कर्तव्यों का निर्देश किया हैं। उपाध्यक्ष पिनाकी झा ने तुलसीदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसी मानव मूल्यों के उपासक थे। पत्रकार राकेश कुमार राय ने कहा कि गोस्वामी तुलसी की रचनाएं हर उम्र, हर वर्ग और हर परिस्थिति में लोगों को अपना जीवन जीने की एक बेहतर प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने तुलसीदास की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। जयंती समारोह में नंदकिशोर ठाकुर,अधिवक्ता नीरज शर्मा,रामेश्वर महतो, महेश कुमार आदि शामिल थे।

## बिहार सदस्यता अभियान के संयोजक बनाये जाने पर विधायक जीवेश कुमार को दिया बधाई



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र झा पूर्व मंत्री बिहार सरकार सह जाले विधायक जीवेश कुमार को राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के बिहार संयोजक बनने पर बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 10 करोड़ सदस्य बनाने का एक लक्ष्य तय किया गया है हमें पूरा उम्मीद और पूर्ण विश्वास है कि लक्ष को पूरा करेंगे। ऐसे कुशल संगठन कर्ता मिथिला के लाल को दायित्व देने के लिए भाजपा के यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा , पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गृह मंत्री अमित शाह ,राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष राष्ट्रीय महामंत्री शाह बिहार प्रभारी विनोद तावडे राज्यसभा सांसद बिहार सह प्रभारी दीपक प्रकाश , क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी , प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जसवाल ,बिहार संगठन महामंत्री भिखु भाई दलसानीया का कोटि-कोटि धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हैं । तथा दरभंगा से बधाई देने वाले में मीडिया प्रभारी अमलेश, जिला मंत्री राजू तिवारी, राजेश रंजन, कन्हैया पासवान, भाजपा नेता ध्रुव मंडल, मंडल अध्यक्ष संतोष पोद्दार मनोज झा राजकुमार झा प्रवीण कुमार झा सुबोध कामत सत्यनारायण झा मनोज कुमार झा डॉ आनंद प्रकाश जिला महामंत्री विजय चौधरी ,अंकुर गुप्ता, दरभंगा विधानसभा संयोजक लक्ष्मण कांस्कार, पिंटू महासेठ, मनोज यादव, अशोक मिश्रा शामिल है ।

## नहाते वक्त नदी में डूबी एक बच्ची,बहुत खोजबीन करने पर मिला लाश



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बेनीपट्टी स्नान करने के दौरान धौंस नदी में डूबी इशरत प्रवीण नामक एक लड़की ।बता दे की शनिवार को दोपहर करीब चार बजे रानीपुर के मो. जहीर की पुत्री इशरत प्रवीण अपने कुछ सहेलियों के साथ नदी में नहाने के लिये निकली थी। जहां वो डूब गई। ग्रामीण स्तर पर शव की काफी खोजबीन की गई। जहां देर शाम तक शव नहीं मिलने पर एसडीआरएफ को बुलाया गया था।

रविवार को सुबह नदी से बरामद किया गया उसका शव बरामदगी के लिए खोज में जुटे थे झंझारपुर से आए नौ सदस्यीय एसडीआरएफ की टीम के साथ सीओ भी पहुंचे थे ।उनकी उपस्थिति में एसडी आरएफ दो मोटर वोट लेकर नदी में उतरे थे ।लड़की जहां डूब गई थी उसके इर्द गिर्द शव को खोजा गया, पर थोड़ा दूरी पर एक-दो घंटे बाद खोज ने पर लाश नदी में पाया मिला ।शव मिलने की सूचना होते ही नदी किनारे भीड़ उमड़ पड़ा बेनीपट्टी थाना के अवर निरीक्षक भी पहुंचे। शव मिलने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

## कलयुगी बेटा बना हैवान, कुदाल से काटकर मां को उतारा मौत के घाट, खुद पहुंच गया थाना किया सरेंडर

**थाना पर खुद जा कर बयान दिया कि मैने अपनी मां कि हत्या कर दि है**

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिला के हरलाखी थाना क्षेत्र में गोपालपुर के एक बेटे ने अपनी मां को कुदाल से काटकर मौत के घाट उतार दिया । मृतका की पहचान गोपालपुर गांव निवासी हिताई यादव की पत्नी जीबछी देवी उम्र करीब 62 साल के रूप में की गई है। घटना के बाद आरोपी लालाबाबू यादव उम्र करीब 36 वर्ष ने हरलाखी थाना पुलिस के पास आत्मसमपर्ण कर दिया है। वहीं थानाध्यक्ष के सामने बयान दिया कि मैने अपनी मां की हत्या कर दिये है मेरी शिकायत लिखिए लिजिए। जिसके बाद पुलिस ने उसको हिरासत में ले लिया। घटना की जानकारी के बाद थानाध्यक्ष जितेंद्र सहनी दलबल के साथ घटनास्थल गोपालपुर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया, उसी बीच सूचना मिलते ही नव पदस्थापित एसडीपीओ निशिकांत भारती भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उसको बाद हत्या का पुलिस ने बड़े भाई को दी जानकारी। बताया जा रहा है कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है और परिवार में कई दिनों से जमीन बेचने को लेकर विवाद कर रहा था। और घटना रविवार की सुबह करीब छ या सात बजे का है। बताया जा रहा है कि घटना को अंजाम देने के बाद उसने डायल 112 समेत अपने बड़े भाई को जानकारी भी दिया कि मैंने मां की हत्या कर दी है। घटना के समय उसके बड़े भाई और पिता खेत में कार्य को लेकर थे ।फिर वे लोग जब घर पहुंचकर देखा तो मृतका का लाश टोकरी से ढंका पड़ा था। इतने देर में चौकीदार मुखिया सरपंच ग्रामीण समेत समेत लोग जुट गए। पुलिस ने एफ एस एल टीम को भी बुलाया है ताकि सबूत और नमूने को एकत्रित किया जा सके। फिलहाल जांच में जुटी पुलिस थानाध्यक्ष जितेंद्र सहनी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा जा रहा है। युवक हिरासत में है प्राथमिकी की प्रक्रिया कीया जा रहा है आगे मामले में जांच चल रहा है कार्रवाई की जाएगी।

## शहर के विभिन्न वार्डों में नगर विधायक ने जलापूर्ति योजना का किया उद्धाटन




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा । शहर वासियों को पेय जल के संकट से निजात दिलाने की दिशा में बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह नगर विधायक संजय सरावगी ने शानदार पहल किया है। रविवार को शहर के विभिन्न वार्डों में मिनी जलापूर्ति योजना का उद्घाटन इनकी ओर से किया गया है। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत शहर के आधा दर्जन वार्डों में लोगों को पेय जल बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने की दिशा में नगर विधायक की इस पहल की जितनी सराहना की जाए वह कम है। विभिन्न वार्डों में पेय जल से संबंधित इस कार्यक्रम के संबंध में पूछने पर नगर विधायक श्री सरावगी ने बताया कि मिनी जलापूर्ति योजना का उद्घाटन शहर के वार्ड नंबर 39 में ब्रह्मस्थान के निकट, वार्ड नंबर 41 में कचहरी पोखर के निकट, वार्ड नंबर 47 में लोहिया चौक डीएसपी ऑफिस के निकट, वार्ड नंबर 48 में पंचगछिया में तथा पुरानी मच्छहट्टा में, वार्ड नंबर 34 में सफाई कर्मचारी क्वार्टर पोस्टमार्टम हाउस के नजदीक तथा चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी क्वार्टर में डीएमसीएच के तहत उद्घाटन किया गया है। तकरीबन विधायक कोष से 22 लाख की लागत से शहर में पेयजल की समस्या से निदान दिलाने को लेकर यह कार्य श्री सरावगी की ओर से किया गया है। मालूम हो कि शहर के तकरीबन सभी वार्डों में हर घर नल योजना के आरंभिक दिनों से अब तक लगातार नगर विधायक की नजर शहर वासियों के पेय जल की सुविधा को लेकर गंभीरता से दिखाई देती आ रही है। वर्षों पूर्व पटना में हर घर नल योजना के तहत आयोजित बैठक में भी नगर के विभिन्न वार्डों में लोगों की समस्या को लेकर इनकी ओर से जबरदस्त आवाज उठाई गई थी। इसके उपरांत सभी वार्डों में पाइप को दुरुस्त किया गया तथा जहां-जहां लिकेज था उसका भी मरम्मत किया गया। साथ ही नए-नए टेप लगाकर लोगों को सुविधा प्रदान की गई। विगत गर्मी के मौसम में लक्ष्मी सागर वार्ड नंबर 15 एवं 16 में विभिन्न स्थानों पर लीकेज की समस्या, लोगों को कम पानी पहुंचने की समस्या आदि को भी नगर विधायक की ओर से सुनने के उपरांत गंभीरता से दूर करने का प्रयास किया गया। रविवार को आयोजित विभिन्न उद्घाटन समारोह में नगर विधायक के साथ निगम पार्षद एवं पूर्व उप महापौर शंकर प्रसाद जायसवाल, लहरिया सराय नगर भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार पोद्दार, नगर महामंत्री सुंदरलाल चौधरी, रिंकू राम ,श्रवण भगत, अशोक नायक, रमन महतो, जगन्नाथ सहनी, शंभू शाह, अभिषेक कुमार, विकास पासवान, निशांत चौधरी, प्रतीक सर्राफ ,लक्ष्मी भगत, हरीश, पिंटू पासवान, पूर्व पार्षद नुसरत आलम, पार्षद पूनम देवी ,मुन्नाराम, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्षा सपना भारती सहित सैकड़ो कार्यकर्ता समारोह में उपस्थित रहे।

## शास्त्र चर्चा से होता है सम्बर्धन व संरक्षण : कुलपति



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।संस्कृत विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर विभाग में दूसरे दिन जारी संस्कृत सप्ताह समारोह के दौरान शास्त्रों पर वृहत चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय ने कहा कि शास्त्रों पर चर्चा से उसका संरक्षण व सम्बर्धन होता है। इसके कई अन्य फायदे भी हैं। ज्ञान विकसित होने के साथ साथ गूढ़ विषयों पर मंथन कर उसे सामान्य बनाया जा सकता है। इससे विषय की व्यापकता बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि आज की इस चर्चा से पता चलता है कि किन विभागों में किन किन विषयों की प्रमुखता से अध्ययन-अध्यापन की जाती है। आज शास्त्र चर्चा में जिन बिंदुओं पर चर्चा हुई वे सभी विषय हमारे दैनंदिन जीवन के उपयोगी है। उन्होंने अध्ययन व अध्यापन विधि भी बतायी। सभी स्नातकोत्तर विभागों के एक एक प्रध्यापक ने शास्त्र चर्चा में भाग लिया। डॉ० शम्भु शरण तिवारी के संयोजकत्व एवम डॉ० सुधीर कुमार के मंच संचालन में आज के सम्पन्न कार्यक्रम में व्याकरण विभाग से डा.साधना शर्मा ने अक्षर समाम्नाय पर शास्त्र चर्चा की । साहित्य विभाग से डा.रीतेश कुमार चतुर्वेदी ने काव्य लक्षण तथा ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ. कुणाल कुमार झा ने बालारिष्ट योग पर शास्त्र चर्चा प्रस्तुत की। धर्मशास्त्र विभाग से डा.पुरेंद्र वारिक ने धर्मशास्त्र के परिचय का प्रतिपादन किया। वेद विभाग से प्रो.विनय कुमार मिश्र ने उपाकर्म की महत्ता एवं वैदिक वाङ्मय का विवेचन किया। शिक्षाशास्त्र विभाग के निदेशक डॉ.घनश्याम मिश्र ने संस्कृत अध्यापक के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता पर चर्चा की । दर्शन विभाग से डा.शम्भु शरण तिवारी ने सन्निकर्ष विषय पर चर्चा की। समारोह में डा.रेणुका सिंहा, डॉ.दिलीप झा, डॉ.दयानाथ झा, डॉ.रामसेवक झा, डॉ.ममता पाण्डेय,डॉ.मैथिली कुमारी, डॉ प्रियंका तिवारी, डॉ.ध्रुव कुमार मिश्र सहित दर्जनों छात्र -छात्राएं उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष छात्र कल्याण डा.शिवलोचन झा ने किया।

## दलित किशोरी के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । सीपी आई( एम एल) न्यू डेमोक्रेसी की 8 सदस्यीय जांच टीम मुजफ्फरपुर जिले के अंतर्गत पारु प्रखंड के लालू छपरा गांव में एक दलित परिवार की बेटी रुपा कुमारी के साथ के साथ उसी ग्राम के संजय यादव एवं उसके सहयोगी मिलकर बलात्कार एवं निर्मम हत्या के सवाल पर मृतका के मृतिका के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की एवं स्थानीय ग्रामीणों से भी बात किया। जांच टीम ने पाया कि संजय यादव दबंग एवं सामंती प्रवृत्ति का व्यक्ति था। बीते 11 अगस्त को घटना घटित हुई, लेकिन अभी तक दोषियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। लोगों के विरोध एवं दबाव में सिर्फ कुर्की जब्ती कर पाई है जबकि अपराधी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए था। जांच टीम ने कहा कि सुशासन और न्याय की सरकार के मुखिया एवं दलितों के मानस पिता कहे जाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी एक शब्द भी अभी तक कुछ नहीं बोल पाए हैं ।यह प्रदर्शित करता है कि उनका दलितों के प्रति मानसिकता क्या है। इधर हाल के वर्षों में दलितों पर हर तरह के हमले तेज हुए हैं जो गंभीर विषय है। पार्टी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी दोषी अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए और दोषियों को फांसी की सजा दी जाए ।मृतक के परिवार की सुरक्षा की व्यवस्था की जाए ।आवास निर्माण कराया जाए। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं किया गया तो पार्टी इसके खिलाफ सशक्त आंदोलन करेगी जांच टीम में रामवृक्ष राम, मृत्युंजय सिंह ,राज किशोर राम, जब्बार, दीपक मंडल , और इस्माइल मोहम्मद चांद शामिल थे।

## मारपीट व रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के बोरिया डीह निवासी संगीता देवी पति हरे कृष्ण सिंह ने मारपीट व रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें पड़ोस के ब्यूटी देवी, प्रियांशु कुमार, दिवांशु कुमार एवं अन्य को नामजद किया है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़िता ने बतायी है कि बेवजह उपर्युक्त नामित एवं अन्य लोहे की रॉड एवं चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। बीच बचाव करने में गई तो मुझे भी बाल पकड़ कर जमीन पर पटक दिया तथा साड़ी खींचकर अर्धनग्न कर दिया। मेरे पुत्र के साथ में ईंट से मारपीट किया तथा मेरे पुत्र को हत्या करने की धमकी दिया। मेरे पास से सोने का चैन एवं मेरे पति की जेब से 2150 कृपया निकाल दिया तथा 50000 रंगदारी में मांग करते हुए पूरे परिवार को जान मारने की धमकी दिया।

## कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार एवं हत्या की किया कड़ी निंदा

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर विभूतिपुर पुर पंचायत में लोजपा कार्यकर्ता की बैठक शेखर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई बलात्कार एवं हत्या की कड़ी निंदा करते हुए अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा की मांग की है ताकि दोबारा इस तरह की घटना करने के लिए कोई साहस न कर सके।

## गुमशुदा को लेकर थाने में दिया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के चकविदुलिया वार्ड 12 निवासी विष्णु देव पंडित ने अपनी मां राजकुमारी देवी उम्र 58 वर्ष के गुमशुदा को लेकर स्थानीय थाना में आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। बताया है कि 6 अगस्त को मेरी मां घर से निकल कर भटक गई। मेरी मां पिछले कुछ वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ्य चल रही है।

## मुखिया ने बीआरसी भवन के मरम्मती एवं चाहरदिवारी की निर्माण हेतु डीइओ को दिया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के चकहबीब पंचायत के मुखिया रामसेवक साह मध्य विद्यालय चकहवीब स्थित जर्जर बीआरसी भवन के मरम्मती एवं प्लस टू श्री राम जी झा आदर्श स्मारक विद्यालय चकहवीब के चारदीवारी निर्माण के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन दिया है। जिसने बताया है कि मध्य विद्यालय चकहवीब में बीआरसी भवन का निर्माण 2005 में करवाया गया। 2007 में चालू किया गया। परंतु भवन के छत से पानी टपकने के कारण इसे परितत्व कर दिया गया। जबकि संपूर्ण रूप से इसका कार्य भी पूरा नहीं हुआ था। 17 वर्ष पूर्व बनी बीआरसी भवन पूर्ण रूप से जर्जर हो चुका है। जिसकी मरम्मती आवश्यक है। वही प्लस टू श्री राम जी झा आदर्श स्मारक विद्यालय चकहवीब में चारदिवारी न रहने के कारण गाय भैंस बकरी का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके कारण विद्यार्थी की पढ़ाई बाधित होती है।

## प्रेमी युगल को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से ग्रामीणों ने पकड़ प्रेमी युगल को पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव के प्रेमी जो दो बच्चों का पिता हैं अपने ही संबंधी के लड़की को प्रेम के चक्कर में फंसा कर घर ले आया ।जब दोनों शादी करने का मन बना ही रहे थे कि इसी दौरान प्रेमी युगल के संबंधी को इसकी सूचना दी गई ।मौके पर पहुंचकर लोगों के सहयोग से रोकने का प्रयास किया । जब वह असफल होने लगा तो उसने स्थानीय पुलिस को सूचना देते हुए लोगों के प्रयास से दोनों प्रेमी युगल को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने लड़की के परिजन से पूछा ताछ करने की बात कही है।

## भाकपा नेता के निधन पर कार्यकरतओ ने कि शोक व्यक्त

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकताओं एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने फूलहरा गांव निवासी 90 वर्षीय भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता रामाशीष शाह के निधन पर कार्यकरतओ ने शोक व्यक्त किया है। जिसमें बृजेश प्रसाद देव, अजय कुमार, ओम नारायण झा, शशि भूषण शर्मा एवं भाजपा के किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल शर्मा तेज नारायण प्रसाद राम ने शोक व्यक्त किया गया है।

## सुभाष चंद्र बोस की मनाईं गई पुण्यतिथि

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर भाजपा के दरभंगा जिला के प्रभारी उमेश प्रसाद कुशवाहा के क्षेत्र अंतर्गत वासुदेवपुर गांव स्थित आवास पर सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया ।साथ ही उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया ।मौके पर शशि भूषण शर्मा भाजपा के किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल शर्मा तेज नारायण प्रसाद इन्द्र मणि कुमार गुड्डू आदि लोग मौजूद थे।

## मार पीट की धटना में दो जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर कल्याणपुर थाना व चकमहेसी थाना क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों पर आपसी विवाद में मार-पीट में एक किशोरी सहित दो लोग जख्मी हो गये । परिजनों के द्वारा ईलाज के लिए कल्याणपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया ।जख्मी की पहचान केशो पट्टी गांव के पवन सिंह के पुत्र 26 वर्षीय गोविंद सिंह व चकमहेसी थाना क्षेत्र के उतरा साढी गांव के संजीत कुमार के 17 वर्षीय पुत्री सारिका कुमारी के रूप में पहचान हुई । इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर वीके ठाकुर ने बताया कि दोनों जख्मी का ईलाज जारी है। वहीं पुलिस ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब पीकर उत्पात मचाने वाले एसआई केदार उरांव निलंबित

जमुई एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि थाना में प्रतिनियुक्त पुलिस अवर निरीक्षक केदार उराँव द्वारा रविवार 18 अगस्त को शराब का सेवन कर उत्पात मचाने एवं थाना के पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट एवं गाली-गलौज की शिकायत प्राप्त हुई थी। तत्क्षण सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई के तहत केदार उराँव को हिरासत में ले लिया गया है। ब्रेथ एनालाइजर से उनके द्वारा शराब का सेवन किये जाने की पुष्टि हुई है। केदार उराँव के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई विधिमान्य प्रक्रिया के अनुसार प्रक्रियाधीन है। जमुई पुलिस की मद्यनिषेध के विधिक उल्लंघन में जीरो टॉलरेंस की नीति है। इस आलोक में, तत्काल प्रभाव से केदार उराँव को निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। जमुई पुलिस के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी मद्यनिषेध के प्रति अपनी वचनबद्धता पर दृढ़संकल्पित हैं।

# झारखंड के रास्ते बिहार आ रहे ऑटो से जमुई पुलिस ने 23 लाख 67 हजार 497 रुपए सहित अंग्रेजी दवाइयां किया जब्त

## ऑटो पर सवार तीन युवकों को भी गिरफ्तार किया

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई. जिले में बिहार पुलिस ने झारखंड से आ रहे एक ऑटो से बोरे में भरकर ले जा रहे 23 लाख से अधिक कैश और दवाइयां पकड़ी गई हैं दवाइयों की जांच ड्रग इंस्पेक्टर के द्वारा करवाई जा रही है तो लाखों के कैश वाले मामले में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को सूचना दे दी गई है। आयकर विभाग यह पता करेगा कि ये रुपये किसके और कैसे हैं। पुलिस ने इस कार्रवाई में तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इन आरोपियों से पूछताछ में पूरे गिरोह का पता चल सकेगा। फिलहाल ये तीनों पुलिस को जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि इसके बारे में जल्द ही अन्य




लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ऑटो से कैश और दवाइयां अलग-अलग दो बोरे में भरकर ऑटो से झारखंड से चकाई के रास्ते जमुई के तरफ लाया जा रहा था। दरअसल, जमुई एसपी डॉ शौर्य सुमन को इस बारे में सूचना मिली थी कि चकाई के तरफ से एक वाहन पर सवार तीन लोग झारखंड से बिहार की और कुछ अवैध सामान लेकर आ रहे हैं। बस इस सूचना के आधार पर झाझा एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन हुआ और फिर बटिया थाना इलाके में जांच शुरू हुई।

प्लास्टिक के बोरे के अंदर था डिब्बा और उसमें थे लाखों के नोट पुलिस ने नाकाबंदी करते हुए वाहन चेकिंग शुरू कर दी। इस पर ऑटो पर सवार तीन व्यक्ति और उनके साथ ऑटो पर ही प्लास्टिक के बोरे में बंद सामान रखा मिला। इस पर संदेह होने पर जब पूछताछ की गई तो तीनों व्यक्ति के द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद ऑटो की जांच की गई तब एक बोरे में नोटों का बंडल मिला और दूसरे में दवाइयां। बोरे में एक डिब्बे में कैश को छुपा कर रखा हुआ था। जब नोटों की गिनती हुई तब पता चला कि उसमें 23 लाख 67 हजार 497 रुपया कैश था। इस मामले में मुख्यालय डीएसपी आफताब आलम ने बताया कि बटिया थाना इलाके में कार्रवाई की गई है। इन आरोपियों से पूछताछ जारी है और इसमें शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# छात्राओं ने छात्र की कलाई पर राखी बांधकर विद्यालय में मनाई रक्षा बंधन




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] नगर क्षेत्र स्थित सरडोनिक्स स्कूल में स्कूली बच्चों के बीच रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाया गया। विद्यालय की छात्राओं ने छात्र को सबसे पहले तिलक लगाया और उसके बाद उनकी कलाई पर राखी बांधकर दीर्घायु की कामना किया। वही बच्चों के बीच रक्षा बंधन को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ जिसमें छात्राओं ने भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना सहित अन्य भाई बहन पर आधारित गाना पर अपनी प्रस्तुति दी। सैकड़ों छात्राओं और छात्र के बीच विद्यालय में मनाई गई। वही छात्रों ने भी राखी बांधने वाली छात्राओं को पूर्ण भरोसा दिया कि वे हर मुश्किल में सदैव खड़े होकर उनकी रक्षा करेंगे। विद्यालय निदेशक एम अख्तर, प्राचार्य विष्णु शर्मा ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के बीच संस्कार की भी दीक्षा दी जाती है ताकि छात्र-छात्राओं के बीच जो भाई बहन के अटूट प्यार, स्नेह का रिश्ता होता है वह हमेशा बना रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमुई के तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिले के झाझा प्रखंड अंतर्गत ताराकुरा गांव के सामुदायिक भवन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राधिकार के सचिव राकेश कुमार के निर्देश पर पैनल अधिवक्ता अशोक प्रसाद केसरी एवं पीएलवी अविनाश कुमार पांडे के द्वारा किया गया। जागरूकता शिविर का विषय गरीबी उन्मूलन हेतु नालसा की योजना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता ने कहा की वर्तमान युग में भी गरीबों की समस्या हमारे देश में अभी व्याप्त है। बहुत सारे परिवार गरीबी रेखा के नीचे अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इनके जीवन में सुधार लाने एवं गरीबी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा कई योजना चलाई जा रही है। इसकी जानकारी लोगों तक पहुंचाई जानी जरूरी है। जिससे वे इसका लाभ उठा सके। उन्होंने राज्य एवं केंद्र द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। जिससे उनके जीवन में सुधार आ सकता है। सरकार की खाद्य सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, श्रम गारंटी योजना, कौशल विकास योजना, मुद्रा लोन योजना, आयुष्मान कार्ड के विषय में लोगों को विस्तार पूर्वक बताया गया। जिसका लाभ प्राप्त कर वे अपने जीवन स्तर में सुधार ला सकते हैं। इसके अतिरिक्त विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत चलाई जा रही निशुल्क विधिक सेवा के विषय में भी लोगों को जानकारी दी गई। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत जिसका आयोजन 14 सितंबर को किया जाना है उसके विषय में भी उन्होंने जनसमूह को विस्तार से अवगत कराया एवं उसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की मुखिया सुमित्रा देवी एवं सरपंच नवीन यादव के अतिरिक्त दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# गिद्धौर के दुर्गा मंदिर परिसर में भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर/जमुई। मां दुर्गा महा आरती कमिटी के सौजन्य से गिद्धौर के ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर परिसर में बीते शनिवार की देर रात भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जदयू नेता शैलेंद्र रावत, समाजसेवी गुरुदत्त प्रसाद, जयनंदन सिंह एवं योगेंद्र रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कमिटी के युवा सदस्य सुधांशु कुमार ने किया। कार्यक्रम में देवघर से आए गीत बहार सांस्कृतिक ग्रुप ने अपनी प्रस्तुति दी। ग्रुप के संयोजक सुधांशु की देखरेख में कलाकार उत्तम कुमार, सुमन चंचल, राकेश आरके, दिवाकर, आरती कुमारी एवं काजल कुमारी ने अपनी मधुर संगीत की प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय कर दिया। भजनों की रंगारंग प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति भजनों की प्रस्तुति दी। सभी कलाकारों को आयोजकों द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष रावत, अजीत रावत, मुन्ना केशरी, अशोक केशरी, यशवंत रावत, निरंजन राम, सुधांशु कुमार सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

# बंगाल से लेकर मुजफ्फरपुर तक बलात्कार व महिलाओं पर बढ़ती हिंसा चिन्ताजनक : बासुदेव राय

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई भाकपा माले व महिला संगठन(ऐपवा)जमुई मुजफ्फरपुर के पारू गांव में एक दलित लड़की के साथ बलात्कार व हत्या की बेहद दर्दनाक घटना के खिलाफ पीड़िता की न्याय की गारंटी और अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग पर भाकपा माले व महिला संगठन (ऐपवा) जिला जमुई की ओर से रविवार 18अगस्त को राज्य व्यापी प्रतिवाद मार्च निकाला गया। महिला संगठन का नेतृत्व कामरेड दिपमाला , कामरेड किरण गुप्ता, संगीता देवी, मीना देवी, ने किया। जमुई स्टेडियम से प्रतिवाद मार्च चलकर बजार होते हुए अस्पताल रोड होकर अम्बेडकर चौक पर प्रतिवाद सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य व ऐक्टू जिला संयोजक बासुदेव राय ने कहा की कलकत्ता से लेकर उत्तराखंड और बिहार से विगत पांच छह दिनों में बलात्कार व हत्या की बेहद अमानवीय घटनाएँ बेहद चिंतनीय है। कलकत्ता में एक डाक्टर के साथ कार्य स्थल पर बलात्कार व हत्या को अंजाम दिया गया। उत्तराखंड में एक नर्स के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की गई। बिहार के मुजफ्फरपुर में एक गाँव की दलित लड़की के साथ बलात्कार व हत्या कर दी गई। ये तीनों घटनाएं लगभग एक साथ घटी है। जो इ सवाल को महिलाओं की सुरक्षा व स्वतंत्रता के सवाल को उठा रहा है। मुजफ्फरपुर के पारू गाँव मे 12 अगस्त की रात संजय राय चार पांच लोगों के साथ मृतक युवती के घर के पिछे से घुसा और सोई हुई युवती को उठाकर ले गये। युवती की मां ने संजय राय को पहचान ली है और हल्ला मचाने के बाद भी नहीं छोड़ा अगले दिन बगल के पोखर से उसकी लाश मिली। हमारी मांग है की मृतक युवती की पोस्टमार्टम रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। सभी अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। मृतक परिवार को दस लाख रुपए मुवावजा देने की गारंटी की जाए। प्रतिवाद मार्च में शामिल विद्यालय रसोईया संघ के जिला सचिव कामरेड मोहम्मद हैदर, कामरेड दामोदर पासवान, अर्जुन मांझी, इब्राहिम मियां, बहादुर तांती,सुरेश मांझी, पार्वती देवी एवं अन्य सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# पौधरोपण करना है समाज की व्यक्तिगत जिम्मेदारी : श्रेयसी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल यात्रा एक विचार मंच के द्वारा चलाई जा रही मुहिम समाज को सकारात्मक संदेश दे रहा है । युवाओं के एक सामूहिक प्रयास का ही परिणाम है कि आज 450वें सप्ताह से लगातार जमुई में हरियाली का ग्राफ बढ़ रहा है। समाज पौधारोपण करना समाज की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है, जिसे हर व्यक्ति को निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। उक्त बातें जमुई विधायक श्रेयसी सिंह ने कहीं। मौका था साइकिल यात्रा एक विचार मंच के 450 वें सप्ताह के उत्सव का। दरअसल, शहर के शीतला कॉलोनी स्थित प्रयास एजुकेशन परिसर में रविवार को साईकिल यात्रा एक विचार द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में जमुई विधायक श्रेयसी सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया । कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। विचार मंच के संस्थापक विवेक कुमार ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर विधायक को सम्मानित किया। इसके बाद मंच के वरिष्ठ सदस्य चंदन मिश्रा ने मंच के उद्देश्यों, इसके सिद्धांतों एवं क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी साझा की । वहीं, कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रेयसी सिंह ने मौजूद युवाओं का हौसला अफजाई




करते हुए अपने जीवन के हर एक अवसर पर पौधरोपण करने के लिए प्रेरित करते हुए विचार मंच के प्रयासों को मुक्तकंठ से सराहा। विचार मंच के द्वारा आयोजित किए गए विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागी भी कार्यक्रम के दौरान सम्मानित हुए। वहीं, कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में विधायक श्रेयसी सिंह ने पौधरोपण कर जिलेवासियों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। इसके पूर्व साईकिल यात्रा के सदस्य, एनसीसी के सैकड़ों सदस्यो के साथ जमुई श्री कृष्ण सिंह स्टेडियम से 450वें साईकिल यात्रा निकली गई। यात्रा को हरी झंडी अनुज कुमार, प्रशिक्षक, एनसीसी द्वारा हरी झंडी दिखा के शीतला कॉलोनी के लिए रवाना किया गया। साईकिल यात्रा कचहरी चौक, बाजार होते हुए पर्यावरण जागरूकता नारा लगाते हुए शीतला कॉलोनी पहुंची। शैलेश भारद्वाज और राहुल सिंह ने बताया की आज की यात्रा इसलिए भी अलग रही की 450 यात्रा पूर्ण होने पर मंच द्वारा अलग अलग जगह पर 450 पौधा लगाई गई। जिसकी शुरूआत प्रयास एजुकेशन कैंपस में करीब 60 पौधा लगा के विधायक ने श्री गणेश किया। अन्य पौधा बरुआत्ता, खैरा, खैरमा में लगाई गई है। इसके साथ ही जून माह में आयोजित पर्यावरण प्रतियोगिता में प्रतिभागी को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रयास एजुकेशन के रंजन कुमार, जन शिक्षण संस्थान जमुई के डायरेक्टर अंशुमान, भाजपा महिला उपाध्यक्ष सुनीता सिंह, भाजपा नेता बृजनंदन सिंह, डॉ. शैलेंद्र सिंह के आलावा विचार मंच के सक्रिय सदस्य सचिराज पद्माकर, ठाकुर डूगडुग सिंह, शैलेश भारद्वाज, कुंदन सिन्हा, राहुल सिंह राठौड़, गोलू कुमार, राकेश कुमार, तरुण कुमार सिन्हा, विराट सौरभ कुमार, अनंत कुमार, अखिलेश सिंह, मौजूद रहे। कार्यक्रम में अभिषेक कुमार झा ने मंच संचालन किया। इन्हें किया गया सम्मानित विचारमंच द्वारा आयोजित किए जाने वाले चित्रकला, कविता, स्लोगन, निबंध फोटोग्राफी एवं क्विज आदि प्रतियोगिता में सम्मानित होने वाले सफल प्रतिभागियों में से आराध्या सिन्हा, प्रेरणा सिन्हा, चंदन केशरी, कुंदन केशरी, अरनव आनंद, विक्की कुमार दुबे, सीपू कुमार ,संस्कार कुमार, कन्हैया कुमार, खुशी कुमारी, अरुण कुमार, सचिन कुमार, शिवम कुमार, आशुतोष कुमार, अनुराग कुमार, रंजीत कुमार, एकलव्य कुमार, करण कुमार, हिमांशु कुमार, प्रिया भारती,पायल कुमारी, अनिकेत रजक, करण कुमार ने पुरस्कार पाया। इन प्रतिभागियों के अलावे विचार मंच के द्वारा ग्रीन केंपस अवार्ड के लिए चयनित जन शिक्षण संस्थान जमुई के अंशुमान, ग्रीन स्कूल अवार्ड के लिए एस पब्लिक स्कूल जमुई के लिए मदन एवं ग्रीन पार्क अवार्ड के लिए उझंडी पार्क के लिए मनीष को विधायक श्रेयसी सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

# झाझा के बाजारों में सज गई राखी की दुकानें

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है,रेशम की डोर से संसार बांधा है... रक्षाबंधन के दिन यह गीत हर बहन की जुबान पर होती है ।राखी का मतलब पहले रेशम के धागे से जुड़ा होता था,लेकिन अब रेशम के धागे के साथ साथ बहने सिल्वर, गोल्ड, और ब्रेसलेट की राखियां भाई की कलाई पर बांधकर जीवन भर के साथ रहने का वादा ले रही है। रक्षाबंधन पर्व सोमवार को मनाया जाएगा जिसको लेकर अब प्रखंड के झाझा बाजार सहित ग्रामीणों क्षेत्र के दुकानों में पर्व की तैयारी जोर-जोर से शुरू हो चुकी है बाजारों में राखी की अस्थाई और अस्थाई दुकानें सज गई है। दुकानों के बाहर लगे स्टालों पर तरह-तरह के राखियां दिख रही है। अगर ट्रेन की बात की जाए तो झाझा बाजार में इस बार लुम्बा राखी, जड़ी राखी,व लाइट वाली राखियों की खासा डिमांड है। इसके साथ ही सिल्वर राखी भी पानी खूब खरीद रही है।

# बीडिओ ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए बीएलओ के साथ की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड परिसर स्थित सभागार सह किसान भवन में बीडिओ ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ के साथ बैठक की। जिसमें बीडियो सुनील कुमार ने कहा कि प्रत्येक बीएलओ को कम से कम 25 महिला और 18 वर्ष पूरा कर चुके लोगों का नाम अनिवार्य रूप से जोड़ना है। एक भी पात्र का नाम वोटर लिस्ट में छूटना नहीं चाहिए। चुनाव से संबंधित कार्य में किसी प्रकार के न की गुंजाइश नहीं रहती है। सभी मतदान केंद्र का सत्यापन का कार्य 20 से 29 अगस्त तक होना है ।उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ को मतदान केंद्र के भौतिक सत्यापन के दौरान अक्षांश देशांतर के साथ फोटो खींचकर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करना है। सत्यापन में रखना है इन बातों का ध्यान भौतिक सत्यापन के दौरान स्कूल में आवागमन का रास्ता है कि नहीं, शौचालय,पानी,बिजली है कि नहीं जैसी बातों को विशेष रूप से देखनी है ।बीडिओ ने कहा कि बीएलओं में सबसे ज्यादा शिक्षकों की संख्या है। बिहार की शिक्षा व्यवस्था में बदलाव आया है। बदलाव के लिए शिक्षा और संस्कार जरूरी है। स्कूल में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराइए। आज भी मेडिकल,इंजीनियरिंग,बैंक, वकालत में 90 प्रतिशत बच्चे सरकारी स्कूल के होते हैं ।10 प्रतिशत बच्चे ही निजी स्कूल के, शिक्षक को अभिभावक के साथ जुड़ना चाहिए।

# डायरिया का एक और नया मरीज मिला

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] डायरिया प्रभावित झाझा प्रखंड के सरैया गांव में स्थित सामान्य करने को ले स्थानीय स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत दिख रहा है। स्थिति सामान्य हो जाने के दावे भी किया जा रहे हैं। लेकिन रविवार को फिर डायरिया के एक नए मरीज चिन्हित किए गए हैं ।मामले की जानकारी देते हुए स्वास्थ प्रबंधक सुभाष चंद्र ने बताया कि सरैया गांव निवासी महेश मुर्मू के 6 वर्षीय पुत्री रितिका कुमारी को उल्टी,दस्त के बाद उसे रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है.फिलहाल उसकी हालत सामान्य बनी हुई है.लेकिन प्रतिदिन आरहे नया मामले को देखते हुए ये तो स्पष्ट है कि अभी उक्त गांव में डायरिया ने अपने पाव पूरी तरह समेटे नही है।

# कलकत्ता व पारू के बलात्कार खिलाफ आइसा, ऐपवा,भाकपा माले का सामूहिक प्रतिवाद मार्च




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। कलकत्ता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पारू मुजफ्फरपुर एवं परवतिया टोला, मधुबनी में हुए बलात्कार एवं हत्या कांड के खिलाफ आइसा, ऐपवा, आरवाईए, जन संस्कृति मंच, इंसाफ मंच एवं भाकपा माले ने प्रतिवाद दिवस के तहत संयुक्त रूप से प्रतिवाद मार्च एवं प्रतिवाद सभा की। प्रतिवाद सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य कॉ. धीरेंद्र झा ने कहा कि कलकत्ता, यूपी, दिल्ली और बिहार में महिलाओं के साथ दरिंदगी की जो घटनाएं सामने आईं हैं, उससे पूरा देश शर्मसार है। और 75 वर्षों के लोकतांत्रिक समाज निर्माण पर प्रश्न चिह्न खड़ा करता है। हर रंग के सत्ताधारी ऐसी अमानवीय घटनाओं पर रोक लगाने, ऐसी प्रवृत्तियों से दृढ़ता से लड़ने का संकल्प लेने के बदले अपने को बचाने में लगे हैं, जो और भी खतरनाक है। माले के वरिष्ठ नेता आर के सहनी, जिला सचिव बैद्यनाथ यादव, जन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रो. सुरेंद्र सुमन,ऐपवा जिला सचिव शनिचरी देवी,जसम जिलाध्यक्ष डॉ. रामबाबू आर्य ने सम्बोधित किया। प्रतिवाद सभा को आरवाईए के राज्य सहसचिव संदीप कुमार चौधरी, आइसा जिला सचिव मयंक कुमार, ओणम सिंह, सबा रौशनी, मौसमी कुमारी, जुबैदा कुमारी, मधु सिन्हा, शम्स तबरेज, माले नेता अभिषेक कुमार, देवेंद्र साह, भोला पासवान, एहसान, प्रिंस कर्ण, राजेश राम, उमेश साह, मिथिलेश कुमार, दीपक कुमार, अरविंद कुमार राम, सुरेंद्र राम, रविदास सेवा संघ के जिला अध्यक्ष बलराम राम, बिल्टू राम, मंजुला कुमारी, अमरजीत, योगेंद्र राम, जसम जिला सचिव समीर कुमार, प्रभात कुमार चौपाल समेत सभी संगठनों के नेताओं ने संबोधित किया।

# सांसद पप्पु यादव रूपा के परिवार को पार्टी फंड से देंगे 5 लाख

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बीते दिनों जिले के पारू प्रखंड अन्तर्गत एक गांव में दलित किशोरी की निर्मम हत्या के बाद जिले का राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि लगातार पीड़ित परिवार से मुलाकात कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं ।इसी क्रम में पूर्णियां सांसद पप्पु यादव आज पारू पहुंचे और पीड़ित परिवार के घर जाकर पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने राज्य में महिलाओं और कमजोर वर्ग पर लगातार हो रहे अत्याचार पर अपनी गंभीर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि बलात्कारी और अपराधी की कोई जाति नहीं होती है ।अपराधी चाहे किसी भी जाति का क्यों न हो , वह सिर्फ अपराधी है। उन्होंने कहा कि एक दलित बालिका कि जिस तरह नृशंसता पूर्वक हत्या कर शव को चौर में फेंक दिया गया वह किसी भी सभ्य समाज के माथे पर कलंक का बड़ा धब्बा है। उन्होंने तत्काल अपने पास से पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की और अपने पार्टी फंड से 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। सांसद ने कहा कि घटना के मुख्य आरोपी को यदि शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे इस मामले को सदन में उठाएंगे। बताते चलें कि मृत किशोरी की मां ने इस घटना को लेकर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है ।प्राथमिकी में उन्होंने कहा है कि 11अगस्त की रात वह अपने घर में बड़ी व छोटी बेटी के साथ सोई हुई थी ।तभी अभियुक्त संजय राय अपनू 5 साथियों के साथ घर पर पहुंचा और उनकी छोटी बेटी को अगवा कर ले गया। इस दौरान विरोध करने पर उसके बेटू की पिटाई भी कर दी। रात में बेटी का कुछ पता नहीं चला। सुबह में गोपालपुर गांव के पोखर में उसका शव पाया गया ।

# अंतिम सोमवारी को लेकर जगह-जगह कांवरियों के लिए लगा सेवा शिवर कैम्प

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के दरभंगा मुख्य सड़क के मुक्तापुर से लेकर परतापुर बासुदेवपुर भूटा चौक बिरसिंहपुर गोपालपुर कल्याणपुर चौक ध्रुवगामा इंटर कॉलेज भट्टी चौक बरहेता चौक जटमलपुर तक सड़क किनारे अंतिम सोमवारी को लेकर सेवा शिविर कैम्प लगाकर श्रद्धालुओं की ओर से सेवा शिविर बाजे गाजे के साथ लगाई गई है। जगह-जगह पर गर्म जल नींबू पानी शरवत आदि की व्यवस्था समाजिक कार्यकर्ता द्वारा की गई । शांति व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पुलिस सक्रिय है। बता दें कि गंगा घाट से कांवरियों डाक बम सारी रात मुख्य सड़क से जल लेकर गुजरेंगे बाबा तिलकेश्वर नाथ महादेव पर जलाभिषेक करेंगे।

# अवैध विद्युत का उपयोग करते आधा दर्जन से अधिक लोगों पर हुई प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] अवैध विद्युत का उपयोग करने पर सहायक विद्युत अभियंता विनोद नागर के दिशा-निर्देश पर आधा दर्जन से अधिक लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है । सहायक विद्युत अभियंता ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि क्षेत्र में अवैध विद्युत का उपयोग कर रहा है । तभी कनीय अभियंता के साथ अन्य लोगों को छापेमारी के लिए भेजा बेनीबांक गांव निवासी रघुनाथ मंडल, निवासी गोपाल मंडल तार जोड़कर विद्युत का उपयोग कर रहा था । इस कारण विद्युत चोरी को लेकर रघुनाथ मंडल पर 5483 ,जबकि गोपाल मंडल पर 20242 रुपये का जुमार्ना लगाया गया ।जबकि कानन गांव निवासी घनश्याम पासवान पर 29657, कानन गांव निवासी अमित यादव पर 31673 ,कानन गांव निवासी रविंद्र कुमार पर 19973 ,गोपाल यादव पर 18824 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है.जबकि करहरा, कुसौना गांव निवासी अवधेश कुमार पर 7158, उमेश यादव पर 12916 रुपया का जुमार्ना लगाया गया । सभी लोगों पर अपने मीटर से पूर्व तार का उपयोग कर बिजली की चोरी का आरोप है । थानाध्यक्ष संजय कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन की बात बताया है ।

# राहुल मरांडी हत्याकांड में तीन अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, एसडीपीओ ने दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] चरकापत्थर थानाक्षेत्र अंतर्गत तेतरिया गांव स्थित नदी किनारे राहुल मरांडी उर्फ डुगा मरांडी की हुई हत्या मामलें में पुलिस ने हत्याकांड में संलिप्त तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ राजेश कुमार ने पीसी करते हुए मामले की पूरी जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन के दिशा निर्देश पर मेरे नेतृत्व में एक टीम गठित कि गई जिसमें चरकापत्थर थानाध्यक्ष अनिरूद्ध कुमार एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी को शामिल किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना स्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाया गया और उसके बाद तकनीकी मदद से हत्याकांड में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसकी पहचान सुगाटांड के रहने वाले किताबुल अंसारी उर्फ छोटू अंसारी, जाकिर अंसारी तथा तीसरा बरमानी गांव के रहने वाले जब्बार शेख के रूप में हुई है। वही पकड़े गए तीनो अभियुक्त के खिलाफ पुलिस के द्वारा कार्रवाई करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# विषहरी पूजा- प्रखंड में गूंज रहे हैं बिहुला-विषहरी के गीत,दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



## • शाम में बाला लखेंद्र की निकली बारात रात में शादी समारोह में शामिल हुए लोग

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। गिद्धौर प्रखंड भर में विषहरी पूजा उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है। जिसे लेकर केतरू नवादा में हर जगहों पर विसहरी गीत सुनाई पड़ रही है। चार दिवसीय पूजा के दौरान पहले दिन शुक्रवार की शाम बाबा लखेंद्र का मंडप पूजन हुआ। वहीं शनिवार की शाम विषसरी की शादी विधि पूर्वक हुई। रविवार को सभी जगह पर मेला लगाया जाएगा और कल सोमवार को विषहरी प्रतिमा का विसर्जन त्रिपुरा सुंदरी मंदिर के तलाब में किया जाएगा ।वही लोक आस्था का पर्व मनसा विषहरी की पूजा व अर्चना के लिए केतरु नवादा गांव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है ।बिहुला विषहरी की पूजा-अर्चना करने के लेकर विषहरी मंदिर केतरू नवादा में अहले सुबह से ही श्रद्धालु दूध,पंचामृत व खीर आदि लेकर प्रसाद चढ़ाने पहुंच रहे है ।समिति के द्धारा मंदिर को भव्य रूप से लाइट एवं फूलों से सजाया गया है ।वही श्रद्धालुओं का मानना है कि बिषहरी पूजन से सर्पदंश से मुक्ति मिलती है।

## संक्षिप्त खबरें

### भोरहा शिव मंदिर पर रुद्राभिषेक के लिए की गयी जलभरी



पानापुर(सारण)प्रखंड के भोरहां मठिया स्थित शिवमंदिर पर होनेवाले रुद्राभिषेक के लिए रविवार को जलभरी की गयी ।कलशयात्रा में शामिल होने के लिए भोरहा ,कोंध ,रामपुररुद्र आदि गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु सुबह में ही शिवमंदिर पर एकत्रित हो गए थे ।रंग बिरंगे परिधानों में सजे श्रद्धालु शिवमंदिर से माथे पर कलश लिए गाजे बाजे के साथ सारंगपुर डाकबंगला घाट पहुँचे जहां पंडित राजेश ओझा द्वारा उद्घोषित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की गयी । आयोजनकताओं ने बताया कि आचार्य अखिलेश शर्मा ,मोनू बाबा एवं पंडित राजेश ओझा द्वारा रुद्राभिषेक कराया जाएगा। रुद्राभिषेक के बाद मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया है जहां भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। कलशयात्रा में मुखिया कलावती देवी ,मुखिया प्रतिनिधि ललन महतो ,चंद्रप्रकाश पांडेय ,विपिन कुमार ,नंदू मिस्त्री ,जयप्रकाश पांडेय सहित अन्य शामिल थे।

### मदरसा में निःशुल्क मैडिकल कैंप का हुआ आयोजन

छपरा ' शहर के सरकारी मदरसा, मदरसा वारिसूल ओलूम नई बाजार में डॉ इशिका सिन्हा चाईल्ड स्पेशलिस्ट ने फ्री हेल्थ चेक अप शिविर का आयोजन किया ' जिसमें मदरसा के विद्यार्थियो सहित इस मुहल्ले के बच्चों का निःशुल्क इलाज एवं निःशुल्क दवा वितरण किया ' इस अवसर पर काफी संख्या में स्थानीय बच्चे हेल्थ कैंप में उपस्थित हुए, और इलाज पाकर लाभान्वित हुए ' इस अवसर पर मदरसा के प्राचार्य मो. इजहारुल हक ने डॉ इशिका मैडम का स्वागत किया और इस नेक कार्य के लिए प्रसंशा भी किया ' निःशुल्क मेडिकल हेल्थ कैंप में हाफिज शरीफ तथा शिक्षक आफताब अहमद ने शिविर में मदरसे के बच्चे एवं स्थानीय लोगों को इलाज के लिए अभिभावकों से सम्पर्क कर उन्हें प्रोत्साहित किया

### क्लब के सदस्यों ने किया पौधरोपण

छपरा कार्यालय। लायंस क्लब ऑफ छपरा ग्रेटर द्वारा शिशु पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया जिसमें बहुत सारे पौधे लगाए गए पौधे जो लगाए गए हैं जिसकी देख-देख हमारे सभी लाइन सदस्य करेंगे लायंस क्लब छपरा ग्रेटर के क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन एस जेड ए रिजवी ने बताया इस पौधा रोपण कार्यक्रम को लायंस क्लब छपरा ग्रेटर द्वारा प्रत्येक महीने अलग-अलग जगह पर करेगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोग्राम अध्यक्ष चंदन शर्मा. क्लब उपाध्यक्ष राजेश कुमार उपाध्याय.संतोष कुमार सिंह सागर कुमार विशाल राय शेखर कुमार इस कार्यक्रम की जानकारी चंदन शर्मा ने दी

### रक्षाबंधन के अवसर पर भाइयों को उपहार में दें हेलमेट : एसपी

छपरा। जिले में बढ़ रहे सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डा. कुमार आशीष ने रक्षाबंधन के अवसर पर सभी बहनों से अपने भाई को उपहार में हेलमेट देने की भावनात्मक अपील की है। यह अपील एक पोस्टर जारी कर की गई है, जिसमें सभी बहनों से अपने भाई को हेलमेट उपहार में देने के साथ ही नशा नहीं करने की शपथ लेने के सलाह दी गई है। एसपी ने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कारण माह जनवरी 2024 से अबतक 269 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है एवं 169 व्यक्ति जख्मी हुए हैं। इन दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। उन्होंने बाइक चलाने वालों से कहा कि वे हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। नशापान से भी दूर रहें। इस अभियान को सफल बनाने के लिए एसपी ने बहनों से आगे आकर अपने-अपने भाई से इस रक्षाबंधन पर शारीरिक सुरक्षा से संबंधित वचन लेने की अपील की है। यह सुरक्षा तभी संभव है जब सभी भाई हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाएंगे तथा नशापान से दूर रहेंगे। जारी पोस्टर में यह स्लोगन दिया गया है ह्यहेमलेट का उपहार दें और नशामुक्त बिहार बनाएं। सड़क सुरक्षा को लेकर एसपी के इस पोस्टर अभियान की तारीफ की जा रही है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक बेतिया ने सिपाही भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

## सीटिंग प्लान, फ्रिस्किंग स्थल, सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी, जैमर आदि का लिया जायजा

- जिले के कुल-18 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालित हुई परीक्षा

प्रात :किरण संवाददाता



बेतिया(प.च)। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या-01/2023 के अंतर्गत बिहार पुलिस में सिपाही पद की रिक्तियों पर चयन के लिये आयोजित लिखित परीक्षा आज जिलान्तर्गत कुल-18 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। इसके साथ ही यह परीक्षा दिनांक-21.08.2024, 25.08.2024 एवं 28.08.2024 को एकल पाली (12.00 बजे मध्याह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक) में सम्पन्न होगी। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बेतिया अमरकेश डी द्वारा रविवार को परीक्षा केन्द्रों औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान गुलाब मेमोरियल कॉलेज, केआर उच्च विद्यालय अवस्थित परीक्षा केंद्र सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, केन्द्राधीक्षक एवं वीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस क्रम में सीटिंग प्लान, फ्रिस्किंग स्थल, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, वीडियोग्राफी अन्य मूलभूत सुविधाओं आदि का जायजा लिया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पायी गयी। परीक्षा का संचालन स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त पाया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा कार्य में संलग्न सभी केन्द्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का अशरक्षः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन किया जाय। कदाचार में शामिल छात्र-छात्राओं सहित अन्य व्यक्तियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाय। उनके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बेतिया अमरकेश डी, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर विनोद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारीनरजनीकांत प्रवीण, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# बगहा में एकलव्य निषाद समाज ने वीरांगना फूलन देवी का जयंती समारोह धूमधाम से मनाया

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। बगहा में एकलव्य निषाद समाज ने वीरांगना फूलन देवी की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया । कार्यक्रम में जिला के विभिन्न इलाकों से निषाद समाज के हजारों पुरुष और महिलाओं ने शिरकत किया । जेडीयू एमएलसी भीष्म सहनी के नेतृत्व में आयोजित इस जयंती समारोह कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ जुटी । बिहार के जदयू एमएलसी भीष्म सहनी ने कहा की वीरांगना फूलन देवी आयरन लेडी थीं और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछड़ों अतिपिछड़ों समेत गरीब तबके के लोगों के लिए जो आरक्षण दिया है वह आरक्षण हीं फूलन देवी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है ।बतादें की बिहार में 2025 विधानसभा चुनाव को लेकर जहां बीजेपी और राजद ने सभी 243 सीटों पर तैयारी शुरू कर दिया है वहीं अब जेडीयू अतिपिछड़ों और पिछड़ा समाज के साथ दलितों और अल्पसंख्यक समाज को एक जुट करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के बहाने गोलबंदी तेज कर दिया है। क्योंकि जदयू एमएलसी आरक्षण का दम भर रहें नीतीश कुमार को पिछड़े समाज के उत्थान का श्रेय देने से पीछे नहीं हट रहें हैं ।

# बियाडा के सीमेंट फैक्ट्री से कोबरा सांप का डेढ़ घंटे के मशक्कत के बाद रेस्क्यू

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। मॉनसून के सीजन में लगातार सांप निकल रहे हैं। इसी क्रम में एक विशाल कोबरा सीमेंट ईंट उद्योग में निकलने से मजदूरों के बीच अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच घंटों मशक्कत के बाद जहरीले सांप का रेस्क्यू किया। बताया जा रहा है की रामनगर के सोनखर में बियाडा में संचालित सीमेंट उद्योग में प्रतिदिन की तरह मजदूर काम करने पहुंचे तभी एक 4 फिट का कोबरा नजर आया। जिसके बाद मजदूरों ने भागकर अपने मालिक से सांप के बारे में जानकारी दी। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जब सांप का रेस्क्यू शुरू किया गया तो सांप बार बार फन उठा कर डंसने की कोशिश कर रहा था लिहाजा उसके रेस्क्यू में तकरीबन डेढ़ घंटे का समय लग गया। स्नेक कैचर कयामुद्दीन ने बताया की रेंजर ने मुझे सांप के रेस्क्यू के लिए भेजा। यह विशाल कोबरा सांप चार फीट लंबा था और बार बार काटने का प्रयास कर रहा था। इसी क्रम में वह ईंट के ढेर में घुसने लगा। तब काफी मशक्कत के बाद उसका रेस्क्यू किया और वापस वन क्षेत्र में ले जाकर छोड़ दिया।

# बच्चों के कौतूहल और आकर्षण का केंद्र बनेगा चिल्ड्रन पार्क का सतरंगी फव्वारा : गरिमा

- औचक निरीक्षण के बाद बोलीं महापौर- शीघ्र पूरा कराएं चिल्ड्रन पार्क का सौंदर्यीकरण और सभी विस्तारित सुविधाओं का निर्माण
- अगले बाल दिवस पर नगर निगम अपने चिल्ड्रेन पार्क में निगम प्रशासन करेगा बाल मेले का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) ।बेतिया नगर निगम के वार्ड चार में अवस्थित उत्तरवारी पोखरा के पास चिल्ड्रन पार्क का सौंदर्यीकरण के साथ विस्तारित सुविधाओं का निर्माण कार्य का महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्हें पूरे पार्क के लिए एक सरसेबुल बोरिंग पंप से संबद्ध पाइप से पानी की आपूर्ति के साथ आकर्षक स्वरूप में बने पांच डिजाइनर बेंच के निर्माण में बारीकियों के लिए साइट इंचार्ज अभियंता सुजय सुमन की प्रसंशा की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तरवारी पोखरा चिल्ड्रन पार्क में बना सतरंगी फव्वारा यहां आने वाले बच्चों के विशेष कौतूहल और आकर्षण का केंद्र बनेगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने चिल्ड्रन पार्क के सौंदर्यीकरण और आवश्यक सुविधाओं के विस्तार से संबंधित गार्ड रूम, टिकट घर और सौंदर्यीकरण के अन्य कार्यों के साथ पाथवे की रंगाई आदि का कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही महापौर ने बताया कि आगामी बाल दिवस पर उत्तरवारी पोखरा के इस चिल्ड्रेन पार्क में नगर निगम प्रशासन की ओर से सालाना ह्लबाल मेलाह्व का आयोजन करने पर सशक्त समिति या नगर निगम बोर्ड में भी विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तरवारी पोखरा के पश्चिमी तट पर निर्मित यह चिल्ड्रन पार्क जल्दी ही पूरे नगर निगम के साथ जिलाभर के बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। श्रीमती सिकारिया ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों, स्थानीय लोगों एवं उपस्थित सुदामा साह से पार्क की साफ सफाई में दिख रहीं कोताही पर नजर रखने का अनुरोध किया।

# जन सुराज के जिला कमेटी की घोषणा एवं जिला कार्यालय का उद्घाटन हेतु 20 अगस्त को जिला कन्वेंशन का होगा आयोजन

- सभी जन सुराजी अधिकाधिक संख्या में भाग लें - किरण देव यादव, जिला महासचिव, जसु

प्रात :किरण संवाददाता

खगड़िया। जन सुराज के जिला महासचिव किरण देव यादव ने बताया कि 20 अगस्त 2024 को 11:00 दिन से मंजू वाटिका मैरिज हॉल आवासवोर्ड खगड़िया में जिला कन्वेंशन का आयोजन किया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि कन्वेंशन में जन सुराज के अशोक पासवान, महेंद्र साहू, इंद्रदेव साह, पीके मिश्रा, किशोर कुमार मुन्ना बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। श्री यादव ने कहा कि जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के निर्देश पर उपरोक्त मुख्य अतिथि द्वारा जिला कमेटी की घोषणा की जाएगी। तथा जिला कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। कन्वेंशन में जिला कार्यवाहक कमिटी के सभी गणमान्य जन सुराजी भाग लेंगे। श्री यादव ने जन सुराज से जुड़े सभी सक्रिय जन सुराजी से अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया। श्री यादव ने कहा कि जिला कन्वेंशन में सही लोग सही सोच सामूहिक प्रयास से सत्ता एवं व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को तेज करने का संकल्प लिया जाएगा। एवं सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक राजनीतिक बौद्धिक सांस्कृतिक रुप से हाशिए पर खड़े लोगों को राजनीतिक मुख्यधारा में जोड़ने एवं जन सुराज से जोड़कर जनता का सुंदर राज्य स्थापित करने के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा।

# चिकित्सा पदाधिकारी और सीओ ने अवैध नर्सिंग होम पर संयुक्त कार्यवाई कर किया सील

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। बगहा में दर्जनों अवैध निजी नर्सिंग होम धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी ने सीओ के साथ गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक अवैध निजी नर्सिंग होम को सील किया साथ ही अस्पताल के एक कर्मी को गिरफ्तार भी किया गया है। बताया जा रहा है की बगहा दो प्रखंड के हरनाटांड में काफी दिनों से सोनू हेल्थ केयर नाम से एक निजी नर्सिंग होम संचालित किया जा रहा था जहां किसी अन्य डॉक्टर के नेम प्लेट का उपयोग किया जा रहा था। चिकित्सा पदाधिकारी राजेश कुमार नीरज ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी की गई है। छापेमारी के दौरान अस्पताल से सर्जरी करने के कई उपकरण बरामद किए गए साथ ही एक कर्मी को भी गिरफ्तार किया गया है। डॉक्टर के नेम प्लेट के आधार पर उक्त चिकित्सक के डॉक्युमेंट्स की भी जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल सीओ की मौजूदगी में अस्पताल को सीज कर दिया गया है और स्वास्थ्य विभाग की टीम अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। इस निजी नर्सिंग होम के सीज किए जाने के बाद अवैध नर्सिंग होम संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

# फारूक अंसारी को सीआईडी के इंस्पेक्टर से डीएसपी पद पर प्रोन्नत होने पर किया सम्मानित



प्रात :किरण संवाददाता

माँझी। माँझी नगर पँचायत के जलाल बाबा रोड स्थित फूल मोहम्मद मार्केट के सभागार में रविवार को अंजुमन तर्रकीय उर्दू कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माँझी प्रखंड के मटियार गाँव निवासी फारूक अंसारी को सीआईडी के इंस्पेक्टर से डीएसपी पद पर प्रोन्नत होने पर उन्हें अंग वस्त्र एवं बुके आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने उर्दू पर चर्चा करते हुए कहा कि कोई भी भाषा किसी एक जाति, समुदाय अथवा धर्म का नहीं होती। उर्दू बेहद मीठी भाषा है। इसके उपयोग से शब्दों एवं वाक्य में निखार आ जाता है। गजल,शेरो शायरी उर्दू के बिना अधूरा लगता है। वक्ताओं ने कहा कि आम बोलचाल में भी लोग उर्दू शब्दों का उपयोग करते हैं। लेकिन धीरे-धीरे इसका स्तर गिरते जा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य लोगों को अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। समारोह को राजद के वरीय नेता सुधांशु रंजन,मन्नान खां, गुड्डू फौजी,ई सौरभ सन्नी,नजमुल्ला खान,परवेज आलम,जुबेर खान,नेहाल खान,एकराम खान,बशीर खान,तौकीर अहमद,संदीप कुमार तथा वार्ड पार्षद मो असलम आदि ने संबोधित किया। संचालन खुर्शीद नैय्यर एवं अध्यक्षता मोहम्मद नबी हसन द्वारा किया गया।

# पुलिस ने मवेशी चोर को किया गिरफ्तार

## एक कट्टा ,दो कारतूस तथा एक स्प्लेंडर बाइक जब्त

प्रात :किरण संवाददाता




नगरा।थाना क्षेत्र के अफौर गांव में मवेशी चोरी की कोशिश को नगरा पुलिस ने नाकाम कर दिया है।ग्रामीणों की सजगता और पुलिस की तत्परता से एक मवेशी चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है,जबकि उसका एक साथी फरार हो गया।प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त चोर मवेशी चोरी करने के इरादे से अफौर गांव पहुंचे थे।जहां बिजली कट करने के फिराक थे ,तभी ग्रामीणों को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने तुरंत हो - हल्ला मचाया और नगरा थाना पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही नगरा थानाध्यक्ष विजय रंजन के नेतृत्व में जनार्दन प्रजापति तथा अन्य पुलिस टीम और गस्ती वाहन मौके पर पहुंची।पुलिस को देखकर अपराधी भागने की कोशिश करने लगे लेकिन पुलिस ने छापेमारी कर उनमें से एक को धर दबोचा।उक्त गिरफ्तार अपराधी की पहचान नगरा थाना क्षेत्र के विजेन्द्र नट उर्फ राजा नट के रूप में हुई है,जो कि कादीपुर बंगरा गांव कुमार नट का पुत्र बताया जाता है।उक्त अपराधी के पास से नगरा पुलिस ने एक देशी कट्टा,दो जिंदा कारतूस और एक स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई है।वहीं बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पहले से नगरा थाना में तीन मामले दर्ज हैं।वहीं इस संबंध में नगरा थानाध्यक्ष विजय कुमार रंजन ने बताया कि ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्काल सूचना देने से पुलिस को चोर को पकड़ने में सफलता मिली।उन्होंने यह भी कहा कि फरार चोर की तलाश जारी है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।उक्त चोर पर नगरा थाना में भी विभिन्न कांड में तीन मामले में दर्ज है ,वहीं गिरफ्तार चोर को जेल भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के माध्यम से युवा लगा रहे उद्योग : उमेश कुशवाहा

प्रात :किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत युवा ग्रामीण स्तर पर उद्योग लगा कर रोजगार सृजित कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवाओं के लिए यह योजना चालू किया है ताकि घर पर रह कर रोजगार करे उक्त बातें जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कही श्री सिंह ने आगे कहा की सरकार दस लाख रुपिया उद्योग लगाने के लिए दे रही जिसमे से पांच लाख रुपिया ही 84 किस्तो में जमा करना है पांच लाख रुपिया सरकार सब्सिडी के रूप में दे रही जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का बजरंग चौक, सीतापुर बाईपास,गड़खा,मेथवलिया फोरलेन,कोपा बजार पर जदयू कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया जिला अध्यक्ष ने कहा कि माननीय प्रदेश अध्यक्ष जलालपुर प्रखण्ड के कोपा अनवल में राजकुमार कुशवाहा द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत आटा मिल के उद्घाटन करने के लिए आए है मुख्य रूप से पूर्व विधायक रणधीर सिंह,पूर्व विधायक हेमनारायण साह,राजेश त्यागी ,मुरारी सिंह,कामेश्वर सिंह, अरशद परवेज मुन्नी,चंद्रभूषण पंडित,डाङ्क विशाल सिंह राठौर,सुधाकर भारद्वाज,गुड्डा सिंह, ईङ्क प्रभास शंकर,भोला सिंह,कुसुम देवी,संभू मंझी,संजीव सिंह, रमेश किशन कुशवाहा,पवन वर्मा ,चांदनी कुशवाहा,मनोज सिंह ,जितेंद्र सोनी,अनंत गोंड,अखिलेश गोंड,रविंद्र सिंह,कुसुम रानी,सादाब आलम मुन्नू,अरुण सिंह,अनील कुमार सिंह,संजय राम ,राजीव सिंह , राम ,शिवनारायण सिंह पटेल,आशिफ आली,अमजद अली

# स्मार्ट मीटर नहीं लगने पर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने पूरे गांव का काटा लाइट



प्रात :किरण संवाददाता

एकमा प्रखंड के बिन्दलाल के रामपुर पंचायत के हरिजन बस्ती में स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर ग्रामीणों उपभोक्ताओं ने विरोध किया तो बिजली विभाग के कर्मचारियों ने लगभग 100 घरों का लाइट काट दिया जिससे पूरा गाँव मे अंधेरा ब्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया की आज जो बिजली विभाग द्वारा लाइट काट कर पूरा गाँव अन्धेरा कर दिया गया है ।इससे तो अच्छा दिये लालटेन का समय था जिससे कम पैसे में गरीब परिवार का गुजारा चल जाता था हम लोग सरकार से यही माँग करते हैं कि बिजली काट दिये हैं तो हम गरीब परिवार को किरासन तेल उपलब्ध करा दे। जिससे हमारे घर मे अंधेरा तो नही रहेगा। उन्होंने कहा कि बिजली कटने के बाद बिजली विभाग के जेई को फोन किया गया तो जेई साहब फोन ही नहीं उठा रहे हैं जिसके चलते ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए बिजली विभाग ले खिलाफ हाय-हाय का नारा भी लगाया विद्धुत विभाग के कर्मचारियों ने तो जिसका नया मीटर लगा है उसका भी लाइट काट दिया ग्रामीणों ने इसकी शिकायत को लेकर विभाग के वरीय अधिकारियों फोन किया लेकिन विभाग के तरफ से कोई रिस्पांस नहीं आया तब ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया एक तो गर्मी का समय है और कई घंटे तक लाइट गुल रहा जिसके चलते ग्रामीण परेशान है अपनी दुःख किससे कहे सरकार के तरफ से हरिजन परिवार के लोगों को कई प्रकार की लोक लुभावन संदेश सुनने को मिल रहे हैं मगर बिजली की इस मुसीबत को कोई अधिकारी पदाधिकारी सुनने वाला नही है। ग्रामीण त्रिभुवन राम,शैलेश राम, शैलेंद्र राम, कामेश्वर राम, सोनू राम,दिनेश राम, जोनिया देवी जानकी देवी, नीतू देवी, कलावती देवी, चंदा देवी, दरबारी राम, शांति देवी, सनी राम, ग्रामीण में विरोध प्रदर्शन किया

# दूसरी निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण चंपारण शतरंज अकादमी बेतिया में संपन्न

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) ।चंपारण शतरंज अकादमी के द्वारा 18 अगस्त रविवार को चंपारण शतरंज अकादेमी के सभागार में निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण का शुरूवात आयोजित किया गया ।दूसरी निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण की शुरूआत रोटी बैंक बेतिया के अध्यक्ष संस्थापक अध्यक्ष संजू गिरी जी और उनके टीम के द्वारा शतरंज का चाल चलकर प्रशिक्षण की शुरूआत किया गया ! इस निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण की शुरूआत सुबह 9:00 से 11:00 बजे तक चला । उसके बाद सभी खिलाडियों अपने साथ मैच खेल कर अभ्यास किए ! निःशुल्क शतरंज सिखाने का कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन के द्वारा किया जाएगा ! साथ ही खिलाड़ियों को बिहार राज्य , अंदर 11 शतरंज प्रतियोगिता जो पटना में 24 से 26 अगस्त तक और बिहार राज्य अंदर 13 शतरंज प्रतियोगिता जो 31 अगस्त से 2 सितंबर में कटिहार में हो रहा है उसके बारे में सभी खिलाड़ियों को बताया गया और एंट्री करने के बारे में बोला गया ! मौके पर मौजूद थे रोटी बैंक के विनीत कुमार चंपारण शतरंज अकादमी के निदेशक नवीन जायसवाल, सचिव रंजीत प्रसाद, बबलू सोनी, मुकेश कुमार, योगेंद्र त्रिवेदी, खेल प्रेमी आदि मौजूद थे।

# 4 घंटे से चल रहे अष्टयाम का रविवार को हुआ समापन, हजारों लोग हुए शामिल

प्रात :किरण संवाददाता



बगहा। वीटीआर जंगल के बीच प्रकृति की गोद मे विराजमान जटाशंकर मठ परिसर में थारू कल्याण महासंघ तपा राजपुर सोहरिया के सदस्यों के जन सहयोग से 24 घंटे का महा अष्टयाम का आयोजन किया गया ।जो रविवार के दोपहर विसर्जन हो गया ।बतादें की शनिवार के दोपहर शुरू हुए अष्टयाम का रविवार के दोपहर 2 बजे समापन हो गया ।अष्टयाम की शुरूआत 101 कन्याओं के द्वारा त्रिवेणी संगम से कलश जलबोझी कर पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच स्थापना कर की गई ।उसके बाद अखण्ड निर्बाध भजनकीर्तन 24 तक चलता रहा ।तपा राजपुरा सोहरिया संघ के अध्यक्ष महेश्वर काजी ने बताया कि जगत कल्याण व विश्व शांति निवारण के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे विधविधान के साथ महाष्टयाम का आयोजन किया गया। बतादें की 24 घंटे के आयोजन के दौरान हरनाटांड,सन्तपुर, सोहरिया, चम्पापुर,भेड़ियारी थारू टोला,दरुआबारी आदि गांवों व क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु इस अष्टयाम में शामिल हुए ।अष्टयाम के दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया था। इस आयोजन के सहयोग के लिए मठाधीश खाटू श्याम पूरी,महेश्वर काजी,मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो,लक्ष्मीनारायण महतो,पूर्व मुखिया पति राजलाल महतो,रविन्द्र प्रसाद,समाजसेवी केदारनाथ काजी,सुरेंद्र खतैइत,अमित सिंह,कमल दहित समेत अन्य कई लोगों ने पूर्ण सहयोग दिया।

# इसुआपुर में भगवान विष्णु सह राधे कृष्णा का बनेगा भव्य मंदिर

प्रात :किरण संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड कार्यालय इसुआपुर से सटे पूरब विष्णुपुरा-डटरा गांव में भगवान विष्णु सह राधे कृष्ण मंदिर का भव्य निर्माण होगा। जिसको लेकर सत्यदेव सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में पूर्व में रजिस्टर्ड श्री विष्णु धाम मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों की एक बैठक हुई। जिसमें मंदिर के निर्माण को लेकर भव्य रूप रेखा तैयार की गई। साथ ही उक्त स्थल पर सर्व समिति से आगामी 26 अगस्त को कृष्ण जन्मोत्सव मनाने का निर्णय भी लिया गया। इस मौके पर कार्यालय का उद्घाटन भी होगा। वहीं मीडिया कर्मियों को बताया गया कि 1 मई 2010 को महर्षि श्रीधर बाबा के मार्ग निर्देशन में उक्त स्थल पर महा विष्णु यज्ञ का आयोजन हुआ था। यज्ञ समापन के लगभग 2 महीने बाद जहां श्रीधर बाबा का कुटिया बना था, उसी जगह से अचानक लड्डू गोपाल की मूर्ति प्रकट हुई। जिसे भगवान के प्रकट होने तथा उनका आशीर्वाद मानकर धर्मावलंबियों मन में उक्त स्थल पर भगवान विष्णु के मंदिर बनाने का विचार आया। वहीं सदस्यों ने एक आश्चर्यजनक बात यह भी बताया कि प्रकट हुई भगवान विष्णु की मूर्ति बीच-बीच में कुछ समय के लिए विलुप्त भी हो जाती है। जो बाद में प्रकट भी हो जाती है। कमेटी के अध्यक्ष सत्यदेव सिंह कुशवाहा, सचिव सरोज प्रसाद, कोषाध्यक्ष रजांति कमारी, सदस्य रामजी प्रसाद, रामबाबू सिंह कुशवाहा, सनोज कुमार राय व अन्य ने विचार रखें।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रभा सिन्हा बनी महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव



आरा। आनंद नगर निवासी सिंगर प्रभा सिन्हा लोजपा रामविलास महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव बनीं। वहीं प्रभात सिन्हा ने कहा कि मैं पार्टी को पूरे बिहार में मजबूती से आगे बढ़ाने के काम करूंगी और इस पार्टी से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने का काम करूंगी प्रदेश कार्यालय पटना में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शोभा सिन्हा द्वारा उन्हें मनोनयन पत्र दिया गया। प्रभा सिन्हा को मनोनयन पत्र देने पर जिला अध्यक्ष लालती देवी महिला प्रकोष्ठ भोजपुर, राजेश्वर पासवान जिला अध्यक्ष,संतोष पासवान प्रदेश महा सचिव अनुसूचित प्रकोष्ठ,राजेश साहु कार्यकारी अध्यक्ष संसदीय बोर्ड,आमोद प्रसाद अमरप्रखंड अध्यक्ष सहार,रमेश कुमार प्रखंड अध्यक्ष संसदीय बोर्ड जगदीशपुर,अनिल सिंह मुखिया,राजेंद्र यादव सामाजिक कार्यकर्ता ने प्रदेश कार्यालय में उपस्थित हो कर उन्हे बधाई दी।

### मिथिलेश पासवान हत्याकांड का दूसरा आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आरा।जिले के कोईलवर के बहुचर्चित मिथिलेश पासवान हत्याकांड मे पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।पुलिस ने इस हत्याकांड के दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान आरा नगर थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा निवासी कामता यादव के पुत्र राहुल कुमार के रूप में किया गया है।राहुल इस हत्याकांड में नामजद आरोपी था। कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि मिथिलेश पासवान हत्याकांड से जुड़े नामजद और गैर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है।टीम द्वारा पूर्व में भी एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसी कड़ी में तकनीकी सूचना के आधार पर आरोपी के राजगीर में होने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना के सम्पुष्टि के बाद तुरंत ही टीम को राजगीर भेजा गया और आरोपी के धर पकड़ के लिए जाल बिछा दिया गया। इसी बीच आरोपी राहुल पुलिस टीम की गिरफ्त में आ गया।

### हत्या के विरोध में डॉक्टर नहीं करेंगे मरीजों का उपचार, मांग रहें इंसाफ

बिक्रमगंज (रोहतास) कोलकाता के आईजी कर मेडिकल कॉलेज में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की हत्या के विरोध में अनुमंडल क्षेत्र के चिकित्सकों ने एक दिवसीय कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया हैं।राष्ट्रीय आईएमए के आह्वान पर बिहार प्रदेश इकाई द्वारा बहिष्कार का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत 17/8 को अनुमंडल क्षेत्र के चिकित्सा ओपीडी सेवा एवं सामान्य कार्य से स्वयं को अलग रखेंगे।बिक्रमगंज अनुमंडल इकाई के डॉ शशि भूषण सिंह के नेतृत्व में अनुमंडल मुख्यालय में कार्यरत सभी चिकित्सक शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल बिक्रमगंज में उपस्थित हुए। इस दौरान घटना की निंदा करते हुए लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।साथ ही केंद्र सरकार से चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सुरक्षा कानून लाने की मांग किया। मौके पर डॉ अरुण कुमार, डॉ ओमप्रकाश, डॉ कर्मेंद्र सिंह, डॉ सोनम सिंह, डॉ वीणा रानी, डॉ पिंकी कुमारी एवं स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के बीच हुई राखी-निर्माण प्रतियोगिता

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय मानपुर कझाई में रक्षाबंधन पर्व को लेकर शनिवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक मनीष तिवारी की देखरेख में राखी-निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई ।जिस राखी- निर्माण प्रतियोगिता में ग्यारहवीं,दशवीं एवं नौवीं कक्षा की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। साथ ही सभी छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक एवं आकर्षक राखियां बनाई । जो सबके मन को लुभा रही थी।इस प्रतियोगिता में ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा निशा कुमारी व रिजवाना खातून , दशवीं कक्षा की छात्रा नेहा कुमारी व रतन कुमारी और कक्षा नौवीं की छात्रा डिंपल कुमारी सहित अन्य छात्राओं ने अनेकों मनमोहक राखियां बनाई ।तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने छात्रों के माथे पर विजय तिलक लगाते हुए कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर एक दूसरे को रक्षा करने का वचन व संकल्प लिए ।उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनीष तिवारी ने रक्षाबंधन पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम को दशार्ता है ।साथ ही साथ अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी इसकी महत्ता पर बारी-बारी से प्रकाश डाला। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक मनीष तिवारी ,पुष्पक वर्मा , आलोक सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं बच्चे मौजूद थे।

# डीएम और एसपी ने एनआइटी के छात्र के स्टार्टअप को सराहा, दी शुभकामनाएं

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। भोजपुर जिले के आरा शहर में डाक्जाप्वाइंट एप और बेवसाइट सेवा की शुरूआत हो चुकी है। इस एप से आरा शहर के अलग-अलग विभागों के करीब 30 से अधिक प्रसिद्ध चिकित्सक जुड़ चुके हैं। इसमें प्रसिद्ध सर्जन, फिजिशियन, स्त्री रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग और दंत रोग विशेषज्ञ आदि चिकित्सक शामिल हैं । कोई भी मरीज अब आरा शहर के अलग-अलग बीमारियों के प्रसिद्ध डाक्टर के पास घर बैठे आसानी से नंबर लगाकर अपना इलाज करवा सकते हैं।

आरा शहर के संकट मोचन नगर (न्यू पुलिस लाइन) मोहल्ला निवासी शुभम कुमार सिंह एनआईटी नागपुर के इंजीनियरिंग के छात्र हैं। इन्होंने स्टार्टअप इंडिया और स्टार्टअप बिहार के तहत स्वास्थ्य के क्षेत्र इस नई तकनीक सेवा की शुरूआत की है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की समस्या को देखते हुए पैन इंडिया के तहत अपने दोस्तों के साथ मिलकर इस एप तैयार किया है।

इधर, आरा में लांच होने पर भोजपुर के डीएम राज कुमार एवं एसपी प्रमोद कुमार यादव ने भी एनआइटी के छात्र शुभम के स्टार्टअप को सराहा है। साथ ही सपोर्ट में भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं भी है। दोनों अधिकारियों ने कहा है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस नयी शुरूआत से ग्रामीण इलाकों के मरीजों को इसका काफी लाभ मिलेगा। लोग घर बैठे डाक्टर के पास नंबर लगा सकते हैं। इधर, कंपनी के निदेशक शुभम कुमार सिंह ने बताया कि उनके स्टार्टअप को भोजपुर के लिए डीएम और एसपी ने भी सराहा है। दो दिनों के अंदर करीब 120 से अधिक लोग इस एप से जुड़ चुके हैं। लोगों की सहायता के लिए एक मोबाइल नंबर-9470075205 को भी सार्वजनिक किया गया है। आरा शहर के बाद बक्सर व और फिर राजधानी पटना में भी इस सेवा की शुरूआत की जाएगी। आम लोग इस नंबर पर काल कर विस्तृत जानकारी प्राप्त का सकते हैं। 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहेगी। अगर किसी डाक्टर के पास नंबर फूल हो जाएगा, तो नंबर नहीं लग सकेगा। नंबर लगने के बाद लोग आसानी से चिकित्सक के पास पहुंचकर इलाज करवा सकते है। शहर के अमूमन सभी डाक्टरों का प्रेम और स्नेह इस लोकप्रिय एप सुविधा को मिलना शुरू हो गया है। अन्य चिकित्सकों ने भी इच्छा जतायी है। इधर, आरा के कई प्रसिद्ध डाक्टरों ने महानगरों की तर्ज पर आरा शहर में भी इस तरह की बेहतर सेवा शुरू होने को लेकर नयी तकनीक की सराहना की है।

# मवेशी की तलाश में निकले किशोर को मारी गोली

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति गेट के पास शनिवार की देर रात हथियारबंद बदमाशों ने किशोर को गोली मार दी। जख्मी किशोर को गोली पेट में मारी गई है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा के एक निजी अस्पताल में लाया गया। जहां उसका इलाज जारी है।

जख्मी किशोर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगा गांव निवासी शिवजी यादव का 17 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार है। वह वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर स्थित सूर्य नगर गली नंबर - 2 में रहता है। जो अपने पिता के साथ खटाल चलाता था। पांच दिन पहले खटाल से एक गाय चोरी हुई थी। उसे ही खोजने किशोर गया हुआ था। रास्ते में अपराधियों ने उसे गोली मार दी। जख्मी किशोर के बड़े भाई रंजन कुमार यादव ने बताया कि दो माह पूर्व उसकी बहन की शादी थी। उसे समय शामियाना में 10 मनचले लड़के आ गए थे और बारातियों से झगड़ा कर लिया था। उसे समय जब मैं और मेरा भाई वहां गए तो मेरे छोटे भाई के साथ मारपीट की गई और उसका मोबाइल भी छीन लिया गया था। हम लोगों ने इसकी शिकायत नवादा थाना पुलिस से की थी। तब से वे लोग जान से मारने की धमकी दे रहे है।

रंजन ने कहा कि मेरा भाई अकेले गाय को खोजने के लिए निकला था। तभी पेट में गोली मारी गई। जख्मी स्थिति में भाई ने फोन कर घटना की जानकारी दी। नवादा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई। परिजन पहले उसे सदर अस्पताल ले गए थे। वहां से पटना रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजन निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं।

वहीं, इस मामले में एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि बीती रात नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति के पास चार-पांच अज्ञात अपराध कर्मियों द्वारा जगदेव नगर निवासी आशीष कुमार उम्र 17 वर्ष, पिता शिवजी यादव को गोली मारकर जख्मी कर दिया, जिसका इलाज निजी अस्पताल में जारी है। गोली मारने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। अपराधियों की पहचान के लिए छापेमारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि जख्मी जगदेव नगर से गोढ़ना रोड अपने खटाल पर जा रहा था। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और एक टीम का गठन कर दिया गया है।

# मोदी - नीतीश के राज्य में जनता नारकीय जीवन जीने को विवश : सुदामा प्रसाद

## आरा सांसद कामरेड सुदामा प्रसाद ने बड़हरा में किया जनसंपर्क, जनता ने सुनाई अपनी समस्या

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने आज बड़हरा के बभनगांवा, सरैया, पैगा, बखोरापुर, बड़हरा, बबुरा, सेमरा, बभनौली, पचैना बजार, हरिपुर, कायम नगर सहित कई गाँवों में जनसंपर्क किया। जहाँ सैकड़ो कि संख्या में मजदूर - किसान , महिलाएं, छात्र - नौजवानों ने सांसद को अपने बीच पा कर उतसाहित थे। मौजुद लोगों ने अपनी समस्या रखी । जिसमे नली - गली, बिजली - सड़क, खेती किसानी सहित शिक्षा - रोजगार, स्वस्थ्य से सम्बंधित था। इस मौके पर सासंद सुदामा प्रसाद ने कहा कि मोदी - नीतीश की सरकार का विकास का दावा गांवों में फेल है। जनता से मिल रहा आवेदनों से यह साफ है कि लोग नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। गरीबों के पास रहने के लिए आवास, भूमि नही है। गांवों में नली - गली , सड़के रखारब पड़ी है ।

वर्षो से लोगों को उजाड़ जा रहा है जबकि सरकार के वादा था कि कोई भी परिवार बिना छत का नही रहेगा। उन्होंने जनता से कहा कि इस सरकार में निवेदन - आवेदन से काम नही चलने वाला है। इसके लिए जोर दार आंदोलन कि जरूरत है। मैं आपके इस मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करूंगा। मैंने अभी मानसून सत्र में जिला और देश के कई सवालों को सदन में उठाया। जिले के सड़क, रेलवे, अबैध बालू खनन , सोन नहर के आधुनिककरण, सहित सहारा इंडिया में लाखों निवेशकों का पैसा भुगतान करने की मांग सरकार किया।

इस जनसम्पर्क कार्यक्रम में नंद जी, बड़हरा प्रखण्ड सचिव, विष्णु ठाकुर कोइलवर प्रखण्ड सचीव, भोजपुर जिला व्यवसाई संघ के नेता कृष्ण रंजन, गुप्ता, माले नेता संतोष राम , विजय यादव , दिपक रवानी,कन्हैया कुमार जिला परिषद सदस्य रविन्द्र रजक, राजद के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राय, जय राम यादव ,सुरेश सिंह , विसुन पुर पंचायत के मुखिया प्रति निधि गुप्ता यादव , पश्चिमी गुड़ी के मुखिया प्रति निधि अंकुश कुमार , निशी कांत यादव , शिव शंकर प्रसाद , नंद जी यादव, ललीत यादव , निर्मल कुमार अधिवक्ता , रवि कुमार।

# तरारी के पूर्व विधायक सुनील पांडेय ,बेटे सहित सैकड़ो समर्थक के साथ भाजपा की सदस्यता ली

आरा। रविवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार मे कद्दावर नेता,पूर्व विधायक नरेन्द्र पांडेय उर्फ सुनील पांडेय,उनके पुत्र विशाल प्रशांत ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने सदस्यता रसीद और पार्टी का अंगवस्त्र दे कर सदस्यता दिलवायी। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज सहित जिला उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ,वंदना राजवंशी सहित जिले के भाजपा नेताओ की उपस्थिति रही। सदस्यता लेने के बाद सुनील पांडेय और उनके पुत्र को माला पहना कर स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि तरारी के पूर्व विधायक और कदावर नेता सुनील पांडेय अपने पुत्र सहित सैकड़ो समर्थकों के साथ प्रदेश अध्यक्ष से पार्टी की विधिवत सदस्यता ली।

# विधानसभा उप चुनाव में सभी सीट एनडीए के पक्ष में : डॉ. प्रेम कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिला भ्रमण के दौरान बिहार भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार के सहकारिता वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने जिला अतिथि गृह में पार्टी कार्यकताओं के साथ बिहार विधानसभा उपचुनाव पर संगठनात्मक बैठक किये । बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी उपचुनाव की तैयारी पर विशेष चर्चा की गई साथ ही पार्टी के उद्देश्यों, नीतियों एवं माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा भोजपुर जिले के विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आवाहन किया गया। कार्यकताओं से बातचीत के दौरान माननीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा एवं माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा भोजपुर जिले में कई विकास की योजनाएं दी गई है ।चाहे वह आरा रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार हो, हाईवे हो या कोईलवर पुल हो ऐसे कई विकास की योजनाएं एवं जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। वही उपचुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि बिहार भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता चाहे वह बूथ अध्यक्ष हो या पन्ना प्रभारी हो सभी उपचुनाव को लेकर तैयार हैं और हमें पूरा विश्वास है की केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार के कार्य योजनाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश के जनता को विशेष लाभ मिला है । तरारी विधानसभा का उप चुनाव मे भाजपा का लड़ना और जीतना तय है ।निश्चित रूप से बिहार विधानसभा उपचुनाव में एनडीए सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। जिला भ्रमण के दौरान मंत्री सदर अस्पताल पहुंच कर भाजपा नेता हरेराम चंद्रवंशी के परिवार के साथ हुए मारपीट की घटना मे घायल परिवार की हालचाल पूछा और घटना की जानकारी ली। उन्होने घटना की जाँच और न्याय की बात कही। आरा परिसदन पहुंचने पर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं द्वारा फूल-माला,अंगवस्त्र, गुलदस्ते आदि से स्वागत किया गया।

जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,हरेन्द्र पांडेय,राम दिनेश यादव, हरेराम चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी,संजय कुमार सिंह, ममता सिंह,विभु जैन,रवि कुमार चंद्रवंशी, प्रतीक चंद्रवंशी, निशांत सिंह सेंगर,श्रीमंत यादव,प्रमोद ओझा आदि दर्जनों नेता और कार्यकर्ता शामिल थे। उक्त जानकारी भाजपा मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह द्वारा दी गई।

# भारती कंसल्टेंसी सर्विस में किया गया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन भोजपुर द्वारा आज वर्ल्ड फोटोग्राफी दिवस की पूर्व संध्या पर स्थानीय शहीद भवन चौक के समीप भारती कंसल्टेंसी सर्विस में, श्रद्धांजलि सभा के साथ स्थानीय रमना मैदान के ईर्द गिर्द स्ट्रीट फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें प्रथम स्थान सागर अभिज्ञान को दिया गया, वही दूसरे स्थान पर जाहिद हुसैन व तीसरे स्थान पर मनीष कुमार रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय अरविंद दुबे व सैयद शौकत हुसैन फोटोग्राफर को श्रद्धांजलि देते हुए की गई । भोजपुर जिले के लगभग दो दर्जन से ज्यादा फोटोग्राफर स्ट्रीट फोटोग्राफी प्रतियोगिता में शामिल हुए निर्णायक की भूमिका में सलिल भारतीय वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट, रोहित खत्री बिहार फोटोग्रफर्स एसोसिएशन के जोनल अधिकारी, वरिष्ठ फोटोग्राफर अमित मिश्रा व पंकज कुमार थे। निर्णायक सलिल भारतीय ने कहा कि स्ट्रीट फोटोग्राफी में फोटोग्राफी संबंधी पूरी आजादी रहती है इसका कोई एक विषय नहीं होता है इसका प्रचलन बहुत पहले से चला रहा है ।इस अवसर पर विजेताओं द्वारा केक काटा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन भोजपुर के अध्यक्ष जयंत कुमार ओझा उर्फ विक्की ओझा द्वारा किया गया। मंच संचालन का कार्य सरोज सुमन द्वारा किया गया। इस मौके पर भोजपुर फोटोग्राफर एसोसिएशन के सारे सदस्यों और कोर कमेटी के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अमित मिश्रा को संस्था का मीडिया प्रभारी बनाया गया ।इस अवसर पर संस्था के कोर कमेटी के सदस्य प्रदीप रंजन कुमार, मोहम्मद अशरफ आलम, सुनील कुमार ओझा उपस्थित थे धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सचिव चंदन कुमार द्वारा किया गया।

# आज बहनें बांधेगी भाई के कलाई पर राखी

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भाई और बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक त्योहार रक्षाबंधन आज सोमवार को पूरे देश मे मनाया जा रहा है। इसे लेकर खूब तैयारियां चल रही है। बहने अपने भाइयों के लिए पसंद की राखी खरीदने के लिए बाजार का रुख कर रही हैं। ऐसे में बाजारों में चहल पहल बढ़ गयी है। बाजार में राखी की सैकड़ों दुकाने सजी हैं जहां विभिन्न प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं। दुकानदारों ने बताया कि आमतौर पर 5 रुपये से लेकर 100 रुपये से अधिक तक कि राखियां मौजूद हैं। इनमे 10 से 50 रुपये तक के राखी की मांग ज्यादा है। साधारण से विशेष जरी वाली राखियां भी मौजूद हैं। आकर्षण का केंद्र इकोफ्रेंडली राखियां हैं जो रेशम और खादी के धागे और टेराकोटा जैसी प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने वाली चीजों से बनी है। रक्षाबंधन को लेकर प्रखण्ड समेत पंचायतों के विभिन्न मंदिरों में भी पूजा अर्चना को लेकर तैयारियां व्यापक रूप से की गई है। कोईलवर के बाबा दिनेश्वरनाथ धाम में बिंदगांवा संगम से जल भर कर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की टोली हर हर महादेव और बोलबम के नारे के साथ बिंदगांवा से प्रस्थान कर चुकी है। शिव मंदिर और देवी मंदिरों समेत तमाम मंदिरों में आकर्षक सजावट और लाइट बत्ती की व्यवस्था की गई है जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के उमड़ने की आशा है। कोइलवर दिनेश्वरनाथ धाम के पुजारी बुधन बाबा ने बताया कि इस साल रक्षाबंधन के दिन भद्रा सुबह 5 बजकर 53 मिनट से आरंभ हो जाएगी, जो दोपहर 1 बजकर 32 मिनट पर समाप्त होगी। पंचांग के अनुसार इस साल राखी बांधने का शुभ मुहूर्त 19 अगस्त को दोपहर 01:30 से लेकर रात्रि 09:07 तक रहेगा। इस मुहूर्त में आप भाई को राखी बांध सकती है।

# मेरे और मेरे परिवार से किसी का दुश्मनी नही,घटना की जाँच होनी चाहिए : राघवेन्द्र प्रताप सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह के पैतृक गाँव धमार मे उनके दरवाजे पर गोली चलने और एक व्यक्ति के घायल होने के बाद अस्पताल पहुंच कर घायल युवक अरविन्द सिंह की स्वास्थ्य की जानकारी ली ।उन्होने घटना पर आश्चर्य चकित होते हुए कहा कि आज तक इस प्रकार की घटना कभी घटित नही हुआ था ।मेरे परिवार से किसी का दुश्मनी नही है। पता नही ऐसी घटना कैसे घटित हुआ ।मुझे घटना की खबर मिलते ही एसपी से बात की और उसे जाँच करने को कहा। इस घटना मे मेरे गाँव का एक यूवक को गोली लग गया, जिसे तुरंत अस्पताल मे भर्ती किया गया। डाँक्टर से बात हुई है,। मरीज की स्थिति ठीक है ।उन्हे किसी भी चीज की कमी नही होने देंगे ।मै चाहता हूँ कि जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी हो और घटना का कारण मालुम हो।

# पत्नी के साथ मारपीट के आरोप में शराबी पति को जेल

नासरीगंज (रोहतास) शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट करते हुए पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित मामला दर्ज कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि कछवां थाना के निज ग्राम कछवां निवासी गुलशन प्रजापति शराब के नशे में धुत होकर अपने पत्नी के साथ मारपीट कर रहे थे । जिसकी सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी । सूचना पाते ही मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए स्थानीय पुलिस घटनास्थल पहुंच शराबी को मारपीट करने के क्रम में गिरफ्तार कर लिया । तत्पश्चात पुलिस ने संबंधित मामले की जांच की । जांचोपरांत गिरफ्तार आरोपी को शराब पीने की पुष्टि हुई । तत्पश्चात शराबी को नशे की हालत में थाना लाया गया । इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराबी शराब के नशे में धुत होकर अपने पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी उक्त मामले में दो बार जेल जा चुका है।

# राखी निर्माण प्रतियोगिता नन्हें बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

बिक्रमगंज (रोहतास) शहर के एएस कालेज रोड स्थित मोडर्न कीड्स प्ले स्कूल में शनिवार को राखी-निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सीएम चौधरी ने रक्षाबन्धन के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया। प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक राखी बनाई। राखी निर्माण के उपरांत सभी छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधी। इस आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा दो के रोहित कुमार प्रथम, उसी कक्षा का शुभम द्वितीय तथा कक्षा तीन के पियूष कुमार तृतीय स्थान पर रहा।

# तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, दो मवेशी समेत पशुपालक घायल

राजपुर(रोहतास)। राजपुर थाना क्षेत्र के सबेया गांव में राजपुर नासरीगंज पथ पर शनिवार को देर शाम एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी । जिसमें दो मवेशी समेत एक पशुपालक जख्मी हो गए । घटना की जानकारी देते हुए ईलाज के लिए घटनास्थल पहुंचे चिकित्सा कर्मी मो अंसार व पशुपालक सत्येंद्र सिंह यादव ने बताया कि मवेशियों को खाना खिलाने के बाद बांधने के लिए घर ले जा रहे थे,तभी राजपुर की ओर से नासरीगंज की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी । घटना में उनकी दो भैंस एवं वे खुद जख्मी हो गए हैं । एक भैंस की हालत गंभीर है,जो जीवन व मौत के बीच जुझ रही है ।

बकुलहर एवं लोहियरिया पंचायत सहित पूरे प्रखंडवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

HAPPY RAKSHA BANDHAN

सुशील कुमार
पंचायत रोजगार सेवक चनपटिया
पश्चिमी चंपारण बिहार



# भारतीय जनता पार्टी मंडल अकोदी गोला की विस्तृत कार्य समिति की बैठक की गई

प्रात : किरण संवाददाता



डेहरी(रोहतास)। आज दिनांक 18 8 24 को महर्षि मेंही दास आश्रम तेतराढ़ में भारतीय जनता पार्टी मंडल अकोदी गोला की विस्तृत कार्य समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि भूषण राय और संचालन आशुतोष सिंह ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा जिला उपाध्यक्ष सह डेहरी विधानसभा प्रभारी प्रमोद सिंह कुशवाहा पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह यादव पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ भोला सिंह बिहार प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक राजू गुप्ता जिला प्रवक्ता कन्हैया सिंह जिला प्रवक्ता एवं मंडल प्रभारी प्रकाश गोस्वामी पूर्व मंडल अध्यक्ष गुप्तेश्वर सिंह रवि पांडे रमेश सिंह महेंद्र सिंह बिट्टू सोनी देहरी नगर अध्यक्ष अशोक सोनी अकोदी गोला मंडल महामंत्री श्रीकांत चौबे विपिन बिहारी गुप्ता उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा नरेंद्र सिंह हजारी सिंह यादव ओम प्रकाश कश्यप मंत्री सुनील सिंह दिवेस सिंह अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक दीपक चंद्रवंशी नमामि गंगे जिला संयोजक चंदन सिंह यादव कोषाध्यक्ष परमा यादव तेतराढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी आनंदी गुप्ता मोहन यादव संजय यादव पूर्व महामंत्री अशोक सिंह पंकज पांडे मंत्री प्रमोद पांडे धर्मेंद्र सिंह सुनील सिंह किसान मोर्चा अध्यक्ष ललन पांडे दशरथ सिंह यादव बजरंग दल संयोजक गोपाल नारायण सिंह श्री राम सिंह संतोष सिंह पत्रकार वीरेंद्र शर्मा राजा राम तथा भगत विभिन्न पंचायत से आए हुए जनप्रतिनिधि एवं सम्मानित वरिष्ठ सक्रिय बहुत से कार्यकर्ता गण भाग लिए। बैठक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और वंदे मातरम गायन से शुरू की गई। सभी आगत अतिथियों का एवं वरिष्ठ कार्यकताओं को अंग वस्त्र से सम्मानित एवं स्वागत किया गया।

रक्षाबंधन एवं विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर समस्त पंचायत वासियों का हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



HAPPY RAKSHA BANDHAN

निवेदक
डॉ सुनील कुमार
पैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधि
रामपुर चाय ,करपी,
(अरवल)

रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर समस्त पंचायत वासियों का हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...



HAPPY RAKSHA BANDHAN

राजेश्वर पासवान
(रा) लोजपा भोजपुर
जिला अध्यक्ष सह पूर्व
मुखिया रामापुर सनदिया,
आरा।

# बिहार को स्पेशल पैकेज की जगह बजट से कई गुना ज्यादा लाभ मिलेगा : जितन राम मांझी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

गया। मोहडा के गेहलौर में दशरथ मांझी के 17वा महोत्सव का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी एव बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के साथ साथ औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा, विधायक बाराचट्टी, विधायक गुरुआ, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी गया, वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया है।

इस कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत जिला पदाधिकारी गया द्वारा पुष्प गुच्छ एव प्रतीक चिन्ह देकर सभी का स्वागत किया है। इसके साथ ही डीएम ने दशरथ मांझी में पौत्र भगीरथ मांझी को पुष्प गुच्छ एव केंद्रीय मंत्री में शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया है। दशरथ मांझी महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर जिला पदाधिकारी गया ने स्वागत भाषण से संबोधित करते हुए कहा कि आज दशरथ मांझी के 17वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन, गया द्वारा आयोजित दशरथ मांझी महोत्सव में उपस्थित कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता एवं मुख्य अतिथि मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, भारत

सरकार-सह-सांसद, गया जीतन राम मांझी , गरिममायी उपस्थिति उप मुख्यमंत्री-सह-मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार विजय कुमार सिन्हा , मंत्री, सहकारिता तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार डॉ० प्रेम कुमार , सभा में सांसदगण, विधायकगण, वरीय पुलिस अधीक्षक, जिले के गणमान्य व्यक्ति, माताओं, भाईयों, बहनों एवं मीडिया के प्रतिनिधि को इस महोत्सव में शामिल होने के लिए आप सबों का हार्दिक स्वागत किया है। बिहार एवं देश को गौरवान्वित करने वाले बाबा दशरथ मांझी के सम्मान में आयोजित इस महोत्सव में मैं सर्वप्रथम गेहलौर की धरती का नमन करता हूँ, जिसने ऐसे जीवंत पुत्र को जन्म दिया है। यहाँ के वादियों में आज भी दशरथ मांझी की छेनी और हथौड़ी की आवाज की गुंज मौजूद है। 22 वर्षों के कठोर परिश्रम, लगन के बल पर उन्होंने पहाड़ का सीना चीरकर सुगम्य मार्ग बना दिया है। यह कार्य उन्होंने अपनी पत्नी की असहाय पीड़ा का एहसास कर किया था।आज उनकी कृति वर्तमान एवं भावी पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बन गया है। उनकी कृति ने अपने यश का डंका न सिर्फ भारत में बल्कि संपूर्ण विश्व में बजा रखा है। आज बॉलीवुड, हॉलीवुड के बड़े-बड़े निमार्ताओं ने उनपर कई फिल्में बनायी, जो अत्यंत लोकप्रिय है। बिहार सरकार भी धन्यवाद के पात्र है। जिसने ऐसे कर्मठ एवं एकल पुरूष को सम्मानित किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री, बिहार नीतीश कुमार उनसे इतने प्रभावित हुए की अपना आसन पर उन्हें बिठा दिया है। हमें उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। साथ ही ऐसे लोगों को सम्मान प्रदान करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा गेहलौर में प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय, अस्पताल, थाना सहित कई सरकारी भवनों का निर्माण करवाया गया है। इसके साथ ही पंचायत सरकार भवन, ओ०पी०, किसान सरकार भवन तथा पर्यटक को बढ़ावा देने के लिए समाधि स्थल का विकास एवं सौन्दर्याकरण, जन सुविधा, पेयजल, शौचालय, पाथ वे, स्वागत द्वार का अधिष्ठापन कार्य किया गया है। इनके स्मृति में स्मृति भवन का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही उनके सम्मान में समाधि स्थल पर उनकी प्रतिमा स्थापित करवायी गयी है। भीषण गर्मी में यहां पेयजल की अत्यंत समस्या रहती थी।इस क्षेत्र में विशेष रूप से पेयजल की समस्या को समाप्त करवाया गया है। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा की बिहार को स्पेशल पैकेज की जगह बजट में ऐसे प्रावधान किए गए हैं।इससे कई गुना ज्यादा लाभ मिलेगा।बिहार को लगभग पांच लाख करोड़ फायदा होने की पूरी उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने गया में विष्णुपद और बोधगया में कॉरिडोर को मंजूरी दी है, इसके अलावा राजगीर और वाणावर को भी इसमें जोड़ने के लिए केंद्रीय मंत्री प्रयासरत हैं।गया के आसपास से अमृतसर से कोलकाता



आद्योगिक कॉरिडोर तथा एक अन्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाना है जिससे गया, नोएडा के रूप में विकसित होगा और यहां के लोगों को रोजगार के लिए भटकना नहीं होगा। भविष्य में गया जिला में रोजगार की अपार संभावनाएं बन रही है।

बिहार या विशेषकर गया जिला के युवाओं को अब नोयडा जाने की जरूरत नही, वह गया में ही अपना रोजगार कर सकेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री को ध्यानवाद दिया है कि भगीरथ प्रयास रहा कि गया जैसे सुखाड़ वाले इलाके को हर घर गंगाजल प्रोजेक्ट लाकर लोगो को पेयजल की समस्या को समाप्त किया है। उन्होंने बताया कि मुझे सुक्ष्म लघु मध्यम और उद्योग विभाग मिला है इसमें से 70%आबादी आच्छादित है। देश में 24000 बडे उद्योग है.वही सुक्ष्म लघु मध्यम उधोग 6करोड है। उन्होंने आए लोगों को आश्वासन दिया कि दस एकड़ जमीन में टेक्नोलॉजी सेंटर के निर्माण के लिए प्रयासरत हैं।उन्होंने जिलाधिकारी गया को जमीन भी खोजने की अपील की है। पत्थर उधोग ,लकड़ी उधोग,कपड़ा उधोग के लिए क्लस्टर नहीं है। क्लस्टर स्वीकृति मिलने के बाद हजारों करोड़ का फायदा होगा।उन्होंने गया में उधोग का जाल बिछाने का वायदा महोत्सव में पहुंचे लोगों से किया है। उप मुख्यमंत्री बिहार विजय कुमार सिन्हा ने महोत्सव में संबोधित करते हुए कहा कि दशरथ मांझी ने कर्म और श्रम से पहचान बनाकर बसुधैव कुटुमवक की परम्परा को जीवित रखा है।दुसरे के लिए अपनी जिंदगी न्योछावर कर आने वाले पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बने हैं।आदमी संकल्प लेकर तस्वीर के साथ तकदीर भी बदलता है और इसके उदाहरण दशरथ मांझी हैं जो अभाव के वावाजूद प्रभाव को साबित किया है.परिवारवाद के पर पर चलकर आगे नहीं बढ़ा जा सकता है।अधिकार के साथ कर्तव्य वोध के साथ सभी को साथ लेकर विकास की नींव मुख्यमंत्री नीतीश और भारत के प्रधानमंत्री मजबूत कर रहे हैं.बिहार में उधोग धंधा को समेटने में मजबूर करनेवाले कौन है।पक्ष और विपक्ष एकजूट हो तो राज्य आगे बढ़ेगा।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ० प्रेम कुमार ने कहा कि माउंटेन मैन के नाम से प्रसिद्ध,पक्का इरादा वाले,एंग्री यंग मैन,दृढ़ संकल्प,धुन के पक्के,जुल्म के खिलाफ विद्रोह करने वाले दशरथ मांझी का जन्म 14 जनवरी 1929 को गहलोर गांव,गया में एक दलित परिवार में हुआ था। गरीबी के कारण उनकी बहुत ज्यादा पढ़ाई लिखाई नहीं हो पाई है।

दशरथ मांझी के पिता ने जमींदार से कर्ज लिया था जिसे नहीं लौटाने के कारण इनके पिता ने जमींदार के यहां इनको बंधक,बंधुआ मजदूर रख दिया है। विद्रोही स्वभाव के होने के कारण इनको जमींदार की गुलामी पसंद नहीं आई और भाग कर धनबाद चले गए हैं। वहीं कोयला खदान में काम करने लगे। 1955 में 7 वर्षों के बाद पुनः अपने गांव लौटे। वही एक लड़की से इन्हें प्रेम हुआ और 1960 में उससे शादी की। पत्नी को पानी लाने के लिए पहाड़ के उस पार जाना पड़ता था। वही अतरी और वजीरगंज ब्लॉक की दूरी पहाड़ के कारण 55 किलोमीटर होती थी। उसे पार करने के लिए लोगों को काफी कठिनाई होती थी।एक दिन पहाड़ी पार करते हुए उनकी पत्नी के गिरने से घायल हुई है। बाद में बच्चे जन्म देने के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई है। इन्हीं घटनाओं ने उन्हें पहाड़ का सीना चीरने के लिए प्रेरित किया है। केवल एक हथोड़ा और छेनी से अकेले ही 360 फीट लंबा,30 फुट चौड़ा और 25 फीट ऊंचा पहाड़ को काटकर एक सड़क बना डाला है।उन्हें सड़क बनाने के लिए 22 वर्षों तक अथक,अनवरत परिश्रम करना पड़ा,तब जाकर के अतरी और वजीरगंज की दूरी 55 किलोमीटर से घटकर 15 किलोमीटर हो गई। लोगों को पानी ले जानेआने में भी सुविधा होने लगी। इन्होंने जब पहाड़ तोड़ना शुरू किया तो लोग ईन्हें पागल कहा करते थे। धुन के पक्के,उनके जिद के आगे पहाड़ भी बौना पड़ गया और छेनी हथौड़े ने पहाड़ के बीच रास्ता बना डाला है। एक बार इंदिरा गांधी गया में आई थी। तब उनका मंच टूट गया था,तो मंच को संभाले दशरथ मांझी और उनके साथियों ने रखा है।इसी कारण इंदिरा गांधी का कार्यक्रम हो पाया है। इसके बाद इंदिरा गांधी जी उनके साथ फोटो खींची और मदद की बात कही है।वहां के जमींदारों ने उनसे अंगूठा लगाकर मदद के नाम पर 25 लाख रुपए उनसे ठग लिया है। इसकी शिकायत करने वह मात्र ₹20 लेकर दिल्ली ट्रेन से जा रहे थे। जहां टीटी ने उन्हें ट्रेन से उतार दिया है। किसी तरह दिल्ली पहुंच गए हैं।उन्होंने इंदिरा गांधी के साथ अपनी फोटो सुरक्षा गार्ड को दिखाई तो गार्ड ने उस फोटो को फाड़ दिया है। उन्हें पीएम इंदिरा गांधी से मिलने नहीं दिया है।अंततः थक हार कर वापस आ गए हैं। गरीबी मुफलिसी में जीने वाले एंग्री यंग मैन,दशरथ मांझी लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनके जीवन पर माउंटेन मैन फिल्म भी बना हुआ है। पद्मश्री के लिए उन्हें नामित किया गया है। आमिर खान ने सत्यमेव जयते के सीजन 2 में उनकी कहानी लोगों तक पहुंचाई। ऐसे महान व्यक्ति,धुन के पक्के,दशरथ मांझी की मृत्यु, लिवर में कैंसर के कारण दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान 17अगस्त 2007 में हो गई।एक संघर्षशील जीवन का अंत हो गया है ।उनके जयंती के अवसर पर उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए गर्व महसूस होता है। आप जैसे धुन और लगन के पक्के कभी कभी पैदा होते हैं। औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने कहा कि सच्चा प्रेम का प्रतीक स्थल गहलौर घाटी है।उन्होने और गुरुआ विधायक विनय यादव ने उनके याद में उधोग की स्थापना के साथ भारत रत्न देने की मांग की है।

# डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने पश्चिम बंगाल में अभिलंब राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

गया। पश्चिम बंगाल में कानून को ठेंगा दिखाकर सरकार के संरक्षित अपराधियों के द्वारा धरती के भगवान के साथ बलात्कार और हत्या का मामला हमारे समाज के गिरते नैतिक मूल्यों का दयनीय चित्रण है। धरती के भगवान एक ऐसा शब्द है जिसका उपयोग हम आमतौर पर चिकित्सकों के लिए करते हैं, क्योंकि वे हमारी जान बचाने के लिए दिन-रात काम करते हैं। लेकिन जब इन देवताओं के साथ ही अमानवीय अत्याचार होता है, तो समाज की विकृति और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठते हैं। इस हत्या के निंदा करते हुए भाजपा किसान मोर्चा बगवानी प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ मनीष पंकज मिश्रा वभारतीय जानता पार्टी जिला के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा की इस हत्या ने पूरे देश को झांकोर कर रख दिया है पश्चिम बंगाल में जब धरती के भगवान भी सुरक्षित नहीं है आम जनों के साथ इसी तरह का हत्या बलात्कार आम बात है इस हत्या का निंदा करते हुए दो मिनट का मौन व्रत रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया इस घटना में, एक चिकित्सक के साथ बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई है। यह न केवल एक व्यक्ति की हत्या है, बल्कि समाज की नैतिकता की हत्या भी है। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि एक तरफ जहां चिकित्सक हमारी जान बचाने के लिए अपने परिवार से दूर रहते हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ दरिंदे उनके साथ ऐसा अमानवीय व्यवहार करते हैं। इस घटना से हमें यह समझना होगा कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। यह केवल एक आपराधिक मामला नहीं है, बल्कि हमारे समाज के गहरे नैतिक संकट की निशानी है। अगर हम जल्द ही नहीं चेते, तो ऐसी घटनाएं और भी आम हो सकती हैं। जरूरत है कि ऐसे मामलों में त्वरित न्याय हो और दोषियों को कठोर से कठोर सजा दी जाए।इसके साथ ही, समाज में नैतिक मूल्यों को पुनः स्थापित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। इस घटना से हमें यह भी सीखना चाहिए कि किसी भी पेशे, विशेषकर चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में कार्यरत लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कलकत्ता की इस घटना ने हमें झकझोर कर रख दिया है। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित भारतीय जनता पार्टी के जिला के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर ने देश को ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हैं कि पश्चिम बंगाल में अभिलंब राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की जिससे वहाँ कानून व्यवस्था का राज स्थापित हो। पश्चिम बंगाल के कानून राज पर उच्च न्यायालय कोलकाता के द्वारा लगातार टिप्पणी की जा रही है। यह समय है कि हम समाज के रूप में आत्ममंथन करें और यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। तभी हम एक सुरक्षित और समृद्ध समाज का निर्माण कर पाएंगे।

# प्रेम और समर्पण के प्रतीक थे माउंटेन मैन दशरथ माँझी :- अर्जुन गुप्ता

पटना :- अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा पटना महानगर के नेतृत्व में प्रेम निष्ठा समर्पण और सामाजिक सरोकार के पुरोधा बिहार के गौरव माउंटेन मैन दशरथ माँझी की पुण्यतिथि पटना महानगर के अध्यक्ष मुकेश चन्द्रवशी की अध्यक्षता में भगवान उत्सव हॉल जक्कनपुर में मनाई गई जिसमें मुख्यरूप से मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद वर्मा राष्ट्रीय महासचिव प्रीति पाठक शामिल हुए मोर्चा के नेताओ ने दशरथ माँझी की तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके द्वारा कि गई कार्यों पर प्रकाश डाला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने बताया की दशरथ माँझी एक ऐसे महान व्यक्ति थे जिन्होंने यह साबित कर दिया था की अगर मन में प्रेम निष्ठा और समर्पण की भावना हो तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं हो सकता जिस तरह से वो अपने बीमार पत्नी के इलाज में होई विलम्ब के कारण मौत पर 360 फिट लम्बा 30 फिट चौड़ा और 251 फिट उच्चा गहलोर घाटी को काट कर रास्ता बनाने का काम किया ताकि उनकी पत्नी की तरह कोई दूसरा समय के अभाव में मर न सके ऐसे महापुरुषों से हम सब को सीख लेने की आवश्यकता है

# आर्षेय अरिहंत फाउंडेशन ट्रस्ट के अधीन संचालित अर्श सुपर स्पेशलियटी हॉस्पिटल के द्वारा मेगा हेल्थ कैम्प का किया गया आयोजनक

प्रात : किरण संवाददाता

गया । गया जिले के टेकारी ज्ञान भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में आर्षेय अरिहंत फाउंडेशन ट्रस्ट के अधीन गया शहर के एपी कॉलोनी में संचालित अर्श सुपर स्पेशलियटी हॉस्पिटल और जिबिआरसी विद्यालय के निदेशक रोमित कुमार के सहयोग से मेगा हेल्थ कैम्प का सफल आयोजन किया गया। इस कैम्प को सफल बनाने में रोमित कुमार ने अहम भूमिका निभाया है।इस मौके पर अर्श हॉस्पिटल के संस्थापक सह हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ नवनीत निश्चल एवं प्रबंध निदेशक डॉ कविता निश्चल ने कहा कि उनलोगों को विशेष आभार, जिन्होंने इस कैम्प के लिए अनुकूल स्थान,मरीजों और सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराईं है।वही उन्होंने कहा कि

इस मेगा हेल्थ कैम्प में अर्श हॉस्पिटल के सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं जिसमे डॉ. टी. शर्मा, डॉ. गुंजन कुमार, डॉ. आशीष झा, डॉ. अबू हुरैरा, डॉ. अमित कुमार सिंह,



डॉ. विकास कुमार, डॉ. प्रियदर्शिनी, और डॉ. कृष्णदेव ने कैम्प में उपस्थित मरीजों का बीपी,सुगर,ईसीजी का जांचोपरांत परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया।इसके साथ ही लोगो को मुफ्त में दवाइयों भी दिया गया है।

इसके साथ ही, ज्ञान भारती टीम और अर्श टीम के सहयोग का भी सराहना किया। इस कैम्प में सभी सामाजिक कार्यकताओं का भी योगदान महत्वपूर्ण रहा, जिनकी सेवाओं के बिना यह आयोजन सफल नहीं हो पाता। यह स्वास्थ्य शिविर स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाने का एक सराहनीय प्रयास था और इसे सफल बनाने में सभी के सहयोग की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। वही इस मौके पर विद्यालय के निदेशक रोमित कुमार ने कहा कि कुछ दिन पहले डॉक्टरों का हड़ताल था जिससे मरीज अस्त व्यस्त हो रहे थे ऐसे में अर्श हॉस्पिटल के ओर से इस तरह का निःशुल्क चिकित्सा कैम्प का आयोजन करना एक सराहनीय पहल है।उन्होंने अर्श के संस्थापक डॉ नवनीत निश्चल एवं उनके पूरे टीम के प्रति आभार प्रकट किया।इस मौके पर डॉ विकाश कुमार,रमेश कुमार,मनोज कुमार,मंटू कुमार,रविन्द्र कुमार,विवेक कुमार अमर पांडेय,अमित कुमार,के अलावे अर्श के कई कर्मचारियों एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपना योगदान दिया है।

# चेम्बर्स आफ कोमर्स द्वार पौधारोपण -सह- वन भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया

गया। शहरीकरण और विकास के नाम पर लगातार तेजी से पेड़ों को काटा जा रहा है। पेड़ों की तेजी से कटाई का सिलसिला जारी है और ये पर्यावरण के साथ खिलवाड़ है। हालांकि हर साल सरकारों द्वारा वनों को बचाने का अभियान चलाया जाता है।इस वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद एक कैंपेन की शुरूआत की है। इस कैंपेन को ह्यएक पेड़ मांह्नके नाम दिया गया है। जिसका उद्देश्य देशभर में पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। यह बातें मानपुर के अलीपुर स्थित चिन्मय कोल्ड स्टोरेज परिसर में ह्यएक पेड़ मां के नामह्न के तहत पौधारोपण -सह- वन भोज कार्यक्रम में सहकारिता, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहीं है। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में गया शहर के तापमान को संतुलित बनाने हेतु रामशिला,प्रेतशिला ब्रह्मयोनि,नागकूट,



ढुंगेश्वरी आदि पहाड़ों को हरा- भरा रखने के लिए वन विभाग द्वारा सीड्स वॉल का छिड़काव किया जा रहा है। आने वाले समय में बोधगया एवं कंडी के पास जैव विविधता पार्क बनाने का प्रस्ताव सरकार के पास भेजेंगे। झारखंड बंटवारे के पूर्व बिहार में मात्र पांच प्रतिशत वन था।एनडीए की सरकार आने के बाद यह बढ़कर सात प्रतिशत हुआ। हमारा लक्ष्य की बिहार में 17% वन आच्छादित हो। उन्होंने उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने का संकल्प दिलाया है।इस दौरान चैंबर ऑफ कॉमर्स चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों के साथ मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने पौधारोपण किया है। चैंबर के पूर्व अध्यक्ष डॉ कौशलेंद्र प्रताप ने कहा कि आज हमने सैकड़ो लोगों के साथ विभिन्न प्रजातियों के लगभग 100 से अधिक फलदार और छायादार पौधे लगाए हैं।आए हुए अतिथियों का स्वागत पूर्व अध्यक्ष शिरिष प्रकाश गोयनका एवं मंच का संचालन ट्रस्ट के अध्यक्ष अनूप केडिया ने किया है।इस मौके पर समाज सेवी शिव कैलाश डालमिया, चैंबर के अध्यक्ष विपेंद्र अग्रवाल, डॉ कौशलेंद्र प्रताप,डॉ अनूप केडिया, पवन मोर, शिरिष प्रकाश गोयनका, किरण प्रकाश, सतीश कुमार गुप्ता सुनील कुमार बालकृष्ण भारद्वाज, राजेश झुनझुनवाला विनोद जसरापुरिया, प्रेम नारायण पटवा आदि लोग उपस्थित थे।

# 80 हेल्थ कैंप की मदद से श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य पर रहेगी नजर

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिला में 17 सितंबर से पितृपक्ष मेला की शुरूआत होगी। पितृपक्ष मेला दो अक्टूबर तक चलेगा। पितृपक्ष मेला के मद्देनजर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां प्रारंभ कर दी गयी है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने रणनीति तैयार कर ली है । सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह ने बताया कि पितृपक्ष मेला के दौरान 80 हेल्थ कैंप लगाये जायेंगे। इन स्वास्थ्य शिविर में तीन सौ दस स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी पर रहेंगे। इसके साथ ही मरीजों के अस्पताल आवागमन के लिए चौदह एंबुलेंस मौजूद रहेंगे। मरीजों की सुविधा के लिए जेपीएन अस्पताल में चार हेल्थ कंट्रोल रूम बनाया जायेगा। अलग–अलग समय में काम करेंगे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सिविल सर्जन ने बताया कि पांच हेल्थ कैंप सभी दिन 24 घंटे काम करेंगे जबकी 18 कैंप ऐसे बनाये गये हैं जो सोलह घंटे काम करेंगे। सोलह घंटे काम करने वाले स्वास्थ्य शिविर का समय छह बजे सुबह से दस बजे रात तक होगा। 47 कैंप आठ घंटे तक काम करेंगे। इन स्वास्थ्य शिविर का समय दो बजे दिन से रात आठ बजे होगा। इसके अलावा पांच मो बाइल रिस्पांस टीम होगी जो सातों दिन चौबिस घंटे काम करेगी। शहरी क्षेत्र के सभी आठ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक मौजूद रहेंगे जो सुबह ग्यारह बजे से शाम सात बजे तक संचालित होंगे। पितृपक्ष शिविर में पर्याप्त संख्या में होंगे चिकित्सकः



सिविल सर्जन ने कहा कि पितृपक्ष मेला के दौरान चिकित्सकों की कोई कमी नहीं होगी। पर्याप्त संख्या में मानव बल लगाया गया है। स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए 92 डॉक्टर, 150 पारा मेडिकल स्टाफ और 70 अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है। इन सबके साथ आठ एंडवांस तथा चार बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस और दो शव वाहन ड्यूटी पर लगाये गये हैं। श्रद्धालुओं के लिए अस्पताल में बेड सुरक्षितःसरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पताल में भी बेड सुरक्षित किया गया है। डीपीएम नीलेश कुमार ने बताया कि पितृपक्ष मेला के मद्देनजर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जय प्रकाश नारायण अस्पताल में दस बेड, प्रभावती अस्पताल में दस बेड, मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 20 बेड, अभय इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस हॉस्पिटल में दस बेड, शुभकामना हर्ट हॉस्पिटल में 10 बेड और सभी 24 सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 120 बेड पूरी तरह उनके लिए सुरक्षित रखा गया है। जरूरी दवाओं के साथ उपकरण भी मौजूद प्रत्येक स्वास्थ्य शिविर में मौसमी बुखार, डायरिया, उल्टी, मलेरिया, पेट, आंख व कानों से संबंधित समस्याएं और दूसरी अन्य बीमारियों के इलाज के लिए 37 प्रकार की दवाएं मौजूद रहेंगी। इसके साथ ही शल्य तथा अन्य प्रकार के जरूरी उपकरण जैसे डिजिटल थमार्मीटर, कैंची, थमार्मीटर, आक्सीमीटर, ग्लूकोमीटर तथा बेड आदि प्रत्येक शिविर में मौजूद रहेगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम के समन्वय के साथ पितृपक्ष मेला को देखते हुए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जा रहा है। इसके अलावा मच्छरों के रोक के लिए डीडीटी व रसायन का छिड़काव होगा। दुकानों की साफ–सफाई पर विशेष निगरानी रहेगी।जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने स्वास्थ्य विभाग के तमाम पदाधिकारी को निर्देश दिया कि विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला में लाखों की संख्या में तीर्थयात्री गया जी आते हैं,अधिकांश पिंडदानी भुजुर्ग व्यक्ति ही रहते हैं, इसी उद्देश्य से तमाम स्वास्थ्य टीम पूरी ततपरता से स्वस्थ के क्षेत्र में काम करे। किसी भी पिंडदानी को स्वस्थ संबंधी कोई समस्या आने पर क्विक रेस्पॉन्स देना होगा। उन्होंने कहा कि विष्णुपद मंदिर के गर्वगृह, सोलह वेदी के समीप विशेष टीम रख कर सेवा भाव के साथ सभी स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारी एव चिकित्सक कार्य करे।

# 2500 बहनों के बीच कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा राखी एवं मिठाई किया गया भेंट

गया। प्रखंड मुख्यालय डंडई स्थित कन्या विवाह एण्ड विकास सोसाइटी कि ओर से गरीब एवं जरूरतमंद बहनों के बीच रक्षाबंधन के अवसर पर मिठाई एवं राखी का वितरण किया गया है। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय डंडई, सोनेहारा, जर्दे , करके, रारो, लवाही, जरही, तसरार, महुदंड, पचौर सहित धुरकी प्रखंड के टाटीडिरी, मचैर्या, परासपानी, भंडार, शक्ति आदि गांवों कि लगभग 2500 बहनों के बीच संस्था द्वारा राखी एवं मिठाई का वितरण किया गया है। इस अवसर पर कन्या विवाह और विकास समिति के प्रखंड प्रभारी दीनानाथ पांडे ने कहा कि संस्था की ओर से रक्षाबंधन के अवसर पर रजिस्टर्ड बहनों के साथ-साथ अन्य गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं को राखी एवं मिठाई भेंट करती है। संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसी कुरुतियों को रोकना है। इसी वर्ष दिसंबर माह में 100 से अधिक कन्याओं के सामूहिक विवाह का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें सभी कन्याओं को विदाई सामग्री व अन्य सामान देकर धूमधाम से विवाह कराया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के प्रखंड प्रभारी दीनानाथ पांडे, सुमन देवी, प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद, पूर्व उप प्रमुख आनंद प्रकाश, मुनीरूद्दीन अंसारी, संस्था के काउंसलर राकेश मेहता, सरवेयर अंकुर प्रसाद, लक्ष्मी मेहता, अनिल कांत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# देश के सैनिकों की कलाइयों पर ओजस्विनी का रक्षासूत्र कार्यक्रम हर्षोल्लासपूर्वक सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

गया। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की महिला शाखा ओजस्विनी द्वारा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला देश के सैनिकों की कलाइयों पर ओजस्विनी का रक्षासूत्र कार्यक्रम निगमा मोनिस्ट्री, बोधगया में एनसीसी 6 बिहार बटालियन के अधिकारियों और प्रशिक्षकों को ओजस्विनी की बहनों द्वारा राखियाँ बाँधकर हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। ओजस्विनी की गया जिलाध्यक्षा प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी के नेतृत्व में स्नातकोत्तर जीवविज्ञान शिक्षिका डॉ. ज्योति प्रिया, ओजस्विनी की जिलामंत्री अमीषा भारती, महामंत्री शिल्पा साहनी, राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला संरक्षक रजनी त्यागी, नीलम मिश्रा, अर्पणा मिश्रा, जूही मिश्रा, शीतल साहनी, प्रिया साहनी, हर्षिता मिश्रा एवं प्रगति मिश्रा ने निगमा मोनेस्ट्री, बोधगया में एनसीसी 6 बिहार बटालियन के सैनिक भाइयों को रक्षासूत्र बांधकर अपने स्नेह भाव प्रकट किये है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ ओजस्विनी की गया जिलाध्यक्षा डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने एनसीसी 6 बिहार बटालियन के एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज कुमार कीर्ति चक्र, एडम अधिकारी कर्नल एम.के. शुक्ला, सूबेदार मेजर अमलेंदु मंडल, सूबेदार सुंदर सिंह की कलाइयों पर रक्षासूत्र बांधकर किया है। डॉ. रश्मि ने कर्नल पंकज कुमार, कर्नल एम. के. शुक्ला सहित एनसीसी की 6 बिहार बटालियन के सभी सैनिक भाइयों को ओजस्विनी एवं अहिप की ओर से रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपनी स्वरचित काव्य पंक्तियों के माध्यम से कहा कि ह्नरक्षा करना सब बहनों की , कहते हैं राखी के धागे। भैया तुमको मिले सफलता, जीवन से हर बाधा भागे। राखी के ये धागे रक्षा करें तुम्हारी, बनकर ढाल। मेरे प्यारे भैया जीवन सदा रहे तेरा खुशहाल है। सेवा करना सदा देश की, बहनों की अभिलाषा है। परहित हेतु कर्म करना ही जीवन की परिभाषा है।ह्व डॉ रश्मि ने कहा कि अपने सैनिक भाइयों को स्नेह तथा शुभेच्छा भरी राखियाँ बाँधकर हम बहनें हर्षित और गौरवान्वित हैं। देश के सैनिकों के त्याग और समर्पण के कारण ही हम सभी सुरक्षित हैं और हमारा राष्ट्र सभी क्षेत्रों में अविस्मरणीय सफलताएँ प्राप्त कर रहा है। डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी वर्तमान में गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की एनसीसी केयर टेकर ऑफिसर भी हैं। स्कूलों एवं कॉलेजों में कैडटों को सैन्य प्रशिक्षण देकर देश के भावी सैनिकों को तैयार करने में एनसीसी के प्रशिक्षण शिविरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए डॉ. रश्मि ने सभी सैनिक भाइयों के उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु जीवन के लिए मंगलकामना की। कर्नल पंकज कुमार कीर्ति चक्र, कर्नल एम.के. शुक्ला एवं अन्य अधिकारियों ने डॉ. रश्मि को एनसीसी 6 बिहार बटालियन की ओर से मेमेंटो प्रदान करके सम्मानित किया है। तत्पश्चात डॉ. ज्योति प्रिया, अमीषा भारती, रजनी त्यागी, नीलम मिश्रा, अर्पणा मिश्रा सहित सभी ओजस्विनियों ने भी सीओ कर्नल पंकज कुमार, सीओ एम. के. शुक्ला सहित सभी एनसीसी प्रशिक्षकों को तिलक लगाकर, अक्षत का छिड़काव करके रंग-बिरंगी राखियाँ बांधी, मिठाइयाँ खिलाकर भाइयों के स्वास्थ्य एवं प्रसन्न जीवन हेतु कामना की है। एनसीसी के अधिकारियों एवं सैनिकों ने जिले के विभिन्न हिस्सों से राखी बाँधने पहुंचीं ओजस्विनी बहनों के प्रति स्नेह, श्रद्धा और सम्मान भाव हेतु कृतज्ञता जतायी है। अमेरिका से राखी बाँधने आ रही अपनी बहन का स्मरण करते हुए सीओ कर्नल एम.के. शुक्ला ने रक्षाबंधन से जुड़ी महारानी कर्णावती और मुगल शासक हुमायूं की कथा को ओजस्विनियों से साझा किया गया है।

राखी बंधवाकर सभी एनसीसी के सभी अधिकारी, सैनिक एवं प्रशिक्षक काफी प्रसन्न और भावविभोर थे।इस कार्यक्रम में सूबेदार मेजर अमलेंदु मंडल, सूबेदार सुंदर सिंह, सूबेदार प्रमोद कुमार, नयाब सूबेदार विक्रम,नयाब मुकेश कुमार, अरविंद कुमार,बीएचएम कानाराम,करतार चौधरी,रोहतास कुंतल, सुशील कुमार,तारा सिंह, सुरेंद्र सिंह, टिंकू सिंह,जितेंद्र सिंह चहल,राहुल चौधरी, सूरज कुमार सहित , प्रकाश कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार व अन्य मौजूद थे। ज्ञातव्य है कि एनसीसी, अर्थात नेशनल कैडेट कोर भारतीय सशस्त्र बलों की युवा शाखा है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली भारत में है। यह सेना, नौसेना और वायु सेना से मिलकर बना एक त्रि-सेवा संगठन है, जो स्वैच्छिक आधार पर स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए खुला है। एनसीसी द्वारा स्कूल और कॉलेज के कैडेटों को छोटे हथियारों और ड्रिल में बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है।

## सिर्फ 8 कमरों में 500 से ऊपर विद्यार्थियों को 24 शिक्षक करते है शिक्षित

अरवल। जी हां ,,यह बिहार है जहां सरकारी व्यवस्था के नाम पर या तो खानापूर्ती देखने को मिलता है या फिर लुट ! भले ही उस लचर व्यवस्था से किसी के भविष्य से खिलवाङ ही क्यूं न हो जाये ! बच्चों को शिक्षा देने के मामले में बिहार सरकार के मुखिया के द्वारा तरह-तरह की बातें की जाती है एवं समय-समय पर अलग-अलग नियम बनाकर सुधार करने की कोशिश की जाती है मगर धरातल पर सब शून्य देखने को मिलता है !मात्र 8 कमरों में 500 से ऊपर बच्चों को 24 शिक्षक पढाते नजर आ रहे है !अब सोचिए क्या बच्चे सच में पढ पा रहे होगें ! यह दृश्य बेलखरा के मध्य व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देखने को मिल रहा है !जहां क्लास रूम के अभाव में 500से ऊपर विद्यार्थियों की पढाई केवल 8 कमरों में संचालित हो रही है ! हालांकि विद्यालय में दो कमरा और है जिसमें एक में कार्यालय और दूसरे में बच्चों के लिए पोषाहार का सामान रखा रहता है !दो कमरा की स्थिति ऐसी है जिसमें बच्चों को बैठना खतरा से खाली नहीं है ! मध्य विद्यालय बेलखरा में 14 एंव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 10 शिक्षक पद स्थापित हैं ! जहां तक वर्ग वार विद्यार्थियों की सवाल है उसमें वर्ग 1से लेकर 8 तक 309 विद्यार्थी हैं तो दूसरी ओर वर्ग 9 से लेकर 12वीं तक 213 विद्यार्थी हैं !

# इस राखी पर 12 हजार करोड़ रुपये के व्यापार

प्रात : किरण संवाददाता

देश भर के व्यापारियों के शीर्ष संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) बिहार अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने कहा है कि इस वर्ष राखी के त्यौहार पर बिहार मे लगभग 300-400करोड़ रुपये से अधिक का त्यौहारी व्यापार होने की उम्मीद है , अकेले पटना मे 150-200 करोड़ का व्यापार होगा। बाजारों में राखी की खरीददारी की जबरदस्त भीड़ है और लोगों में त्यौहार के प्रति बहुत उत्साह भी है।पिछले कई वर्षों से देश में स्वदेशी राखियों ही बिक रही हैं और इस वर्ष भी चीन की बनी राखियों की न तो कोई माँग थी एवं बाजार में चीनी राखियाँ दिखाई ही नहीं दी।

कैट की वैदिक कमेटी के अध्यक्ष तथा उज्जैन के प्रसिद्ध वेद मर्मज्ञ आचार्य दुर्गेश तारे ने बताया कि कल 19 अगस्त को दोपहर 1.30 मिनट तक भद्रा काल है जिसमें कोई भी मंगल कार्य निषेध है ,इसलिए देश भर में रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार दोपहर 1.31 मिनट से ही मनाया जाये। कैट ने इस तरह की एडवाइजरी आज बिहार के सभी व्यापारी संगठनों को भेजी है और कहा है कि सभी व्यापारी शुभ समय में ही रक्षा बंधन का पर्व मनाएँ

कैट बिहार चेयरमैन राजेश गुप्ता व प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया की जिस प्रकार से पिछले दिनों में राखियों की माँग में वृद्धि हुई है उसको देखते हुए इस वर्ष बिहार मे 300-400 करोड़ रुपये के राखी त्यौहार पर व्यापार होने की उम्मीद है जबकि पिछले वर्ष यह व्यापार लगभग 200-300 करोड़ रुपये का था वहीं वर्ष 2022 में लगभग 150 करोड़ रुपये, 2021 यह व्यापार 100 करोड़ रुपये का था ।

श्री गुप्ता व वर्मा ने बताया की इस वर्ष राखियों की एक विशेषता यह भी है कि इनमें देश के विभिन्न शहरों के मशहूर उत्पादों से विशेष प्रकार की राखियाँ भी बनाई गईं है जिनमें नागपुर में बनी खादी राखी, जयपुर में सांगानेरी कला राखी, पुणे में बीज राखी, मध्य प्रदेश के सतना में ऊनी राखी, आदिवासी वस्तुओं से बनी बांस की राखी,असम में चाय पत्ती राखी, कोलकाता में जूट राखी, मुंबई में रेशम राखी, केरल में खजूर राखी, कानपुर में मोती राखी, बिहार में मधुबनी और मैथिली कला राखी, पांडिचेरी में सॉफ्ट पत्थर की राखी, बैंगलोर में फूल राखी आदि शामिल हैं वहीं देश का गर्व प्रदर्शित करने वाली तिरंगा राखी, वसुधैव कुटुंबकम की राखी, भारत माता की राखी आदि शामिल हैं जिनकी माँग बहुत अधिक है ।इसके अलावा डिजाइनर राखियों तथा चाँदी की राखियाँ भी बाजार में खूब बिक रही है शाहाबाद प्रभारी बबल कश्यप ने बताया की उम्मीद है कि 19 अगस्त, रक्षा बंधन से शुरू होकर 15 नवंबर को तुलसी विवाह के दिन तक त्योहारी अवधि के दौरान, सामानों की बिक्री के माध्यम से बिहार के बाजारों में लगभग 2000 करोड़ रुपये से अधिक की त्यौहारों बिक्री होने की उम्मीद है जो मूल रूप से भारतीय वस्तुओं की खरीदी से ही होगी।

इस वर्ष की त्यौहार श्रृंखला रक्षा बंधन से शुरू होकर जन्माष्टमी, 10 दिवसीय गणेश उत्सव, नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा, करवा चौथ, धनतेरस, दिवाली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ पूजा सहित अन्य त्योहारों के साथ तुलसी विवाह के दिन सम्पन्न होगी ।इस त्यौहारों श्रृंखला की अवधि के दौरान उपभोक्ताओं की मांगों को पूरा करने के लिए देश का व्यापारिक समुदाय पूरी तरह तैयार है और पर्याप्त मात्रा में सभी उत्पादों का स्टॉक व्यापारियों ने कर लिया है । बिहार समेत देश के सभी राज्यों में व्यापारी भारतीय सामान को ही बेचेंगे क्योंकि उपभोक्ता भी अब भारतीय सामान की मांग कर रहे हैं। कैट पिछले चार वर्षो से देश में खास तौर पर त्यौहारों के समय भारतीय उत्पाद खरीदने के साथ चीनी सामान के बहिष्कार की सफल मुहिम चलाये हुए है ।

# महिला चिकित्सक के गैंगरेप व हत्या के विरोध में शेरघाटी में निकला कैंडल मार्च

## इनरव्हील क्लब, दवाई विक्रेता संघ व चिकित्सकों ने जताया विरोध

प्रात : किरण संवाददाता




शेरघाटी।पश्चिम बंगाल में बीते 8 अगस्त को आईजी का अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक महिला चिकित्सा के साथ गैंगरेप के बाद हुई हत्या के मामले में जिस तरह से पूरे देश में जन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस मामले में रविवार के संध्या इनर बिल क्लब एवं दवा विक्रेता संघ के बैनर तले विरोध में कैंडल मार्च निकाला कर विरोध प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम की शुरूआत शेरघाटी नगर परिषद कार्यालय परिसर से की गई इसके बाद मुख्य मार्ग होते हुए शहर के जेपी चौक स्थित जाकर चिकित्सकों एवं इनर बिल क्लब के सदस्य एवं दवा विक्रेता संघ के लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक डॉक्टर की आत्मा के लिए भगवान से प्रार्थना किया। इस अवसर पर कैंडल मार्च अगुआई कर रहे इनर व्हील क्लब के अध्यक्ष अनीता अग्रवाल सचिव रंजीता अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ हुई घटना की जितना निंदा की जाए यह काम नहीं है, उन्होंने कहा कि अस्पताल में डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर पहल होनी चाहिए वहीं जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से महिला डॉक्टर के साथ या घटना हुई है, अमानवीय है ऐसे दरिंदे को सरकार जल्द ही फांसी एवं कड़ी सजा दे। साथ ही महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है महिला डॉक्टर कभी भी सही तरीके से ड्यूटी नहीं कर पाएगी उक्त मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉ राजेश कुमार सिंह, डॉक्टर अमित कुमार,डॉक्टर रविंद्र अग्रवाल,डॉ रविरंजन कुमार, डॉ आशीष गुप्ता,समाजसेवी नेता निशांत सिंह उर्फ मल्लू,एवम वही दवाई विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजीव पाठक, सुरेंद्र यादव सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता, रवि अग्रवाल, व्हील क्लब के सदस्य पुष्पा अग्रवाल,विभा गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष प्रियंका सिंह, पूनम गुप्ता,बीना अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल आदि लोगों ने इस घटना के कड़ी निंदा किया उन्होंने कहा कि दोषियों को फांसी से काम की सजा कभी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश में जब भी कभी किसी महिला के साथ रेप घटना हो तो आरोपी को सिर्फ और सिर्फ फांसी की सजा होनी चाहिए। बताते चले कि बीते 9 अगस्त की रात को महिला चिकित्सक के साथ गैंगरेप के बाद बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। हालांकि घटना के जांच सीबीआई कर रही है लेकिन देशभर में चिकित्सक जांच से अभी तक का संतुष्ट नहीं हुए। वहीं शनिवार को देशभर में सुबह 6 से लेकर रविवार सुबह 6:00 बजे तक ओपीडी बाधित किए गए थे। ओपीडी बंद रहने से प्राइवेट एवं सरकारी अस्पतालों में मरीज इलाज के लिए परेशान दिखाते हुए नजर आए।

## राधा गोविंद ठाकुरबारी तारापुर में धूमधाम से मनाया जा रहा झूलन महोत्सव



प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर(मुंगेर)। प्रत्येक वर्ष की भांति सावन के मौके पर तारापुर के चर्चित राधा गोविंद ठाकुरवाड़ी में चार दिवसीय झूलन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।गौरतलब है कि ठाकुरवाड़ी मंदिर परिसर के बाहरी एवं भीतरी हिस्सों को पूजा कमिटी के लोगों द्वारा बड़े ही आकर्षण के तौर पर सजाया गया है ।शाम ढलते ही दूधिया रोशनी एवं तरह तरह के हैलोजेन लाइट से ठाकुरबारी मंदिर परिसर के आसपास का क्षेत्र चकाचौंध हो जा रहा है ।महोत्सव के दौरान कृष्ण की बाल लिला , राम के वनवास होने से लेकर कई अन्य देवी देवताओं के संदेश को टीवी के माध्यम से बड़े पर्दे पर देर रात तक मेला कमेटी के लोगों श्रद्धालुओं को दिखाया जा रहा है ।24 घंटे ठाकुरबारी के आसपास बज रहे भक्ति गीतों से आसपास के श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हैं ।इसके पूर्व महोत्सव का शुभारंभ लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ओम प्रकाश चौधरी पूर्व मुखिया जितेंद्र शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया ।झूलन महोत्सव के मौके पर ठाकुरबारी के गर्भ गृह में छोटे नन्हे बच्चों द्वारा भगवान श्री कृष्ण का झूला झूलाने का मनोरम दृश्य आने वाले श्रद्धालुओं के बीच भक्ति रस में डुबा दिया ।देर रात महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किए गए ।इस मौके पर बिंदु शर्मा, शिवन शाह , कैलाश भगत , पूर्व मुखिया शशि कुमार सुमन मुख्य रूप से मौजद रहे ।

## संक्षिप्त खबरें

### सिपाही ने प्रेमिका से खड़गपुर थाना परिसर में विवाह रचाया

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) पुलिस सूत्रों ने बताया की खगड़िया जिला के परवता थाना श्रीरामपुर टोडी गांव का रहने वाला बिहार पुलिस का जवान शिवम कुमार ने अपनी प्रेमिका से मिलने हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के परसोण्डो गांव में निधि से प्रेम करने लगा इस दौरान शुक्रवार को जब वह प्रेमिका से मिलने पर संतो गांव आया तो इस इसकी भनक ग्रामीण और परिजनों को मिला मिल गई इसके बाद प्रेमी एवं प्रेमिका को खड़कपुर थाना लाया गया जहां लड़का और लड़की की राजा मंडी से खड़कपुर थाना स्थित शिव मंदिर में दोनों की शादी कराई गई सिपाही शिवम कुमार ने बताया कि परसों दो गांव निवासी सदानंद राय की पुत्री निधि कुमारी से 6 महीने से प्रेम प्रसंग चल रहा था हम दोनों ने साथ जीने मरने की कसम में खाई शुक्रवार को निधि से मिलने पर संधू गांव आया निधि से शादी मर्जी से किया है मुझ पर कोई दबाव नहीं डाला गया है पंडित दयाशंकर पांडे ने विवाह संपन्न कराया।

### बाढ़ प्रभावित बरियारपुर कृष्णा नगर के लोग बेहाल

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। बाढ़ प्रभावित कृष्णा नगर के लोग बेहाल हैं वेहाल हो गए हवेली खड़गपुर प्रखंड के कृष्ण नगर के लोग बाढ़ के कारण बेघर हो गए हैं फिलहाल खड़गपुर बरियारपुर सड़क के किनारे किसी तरह गुजारा कर रहे हैं बाढ़ प्रभावित लोगों की मुश्किलें कम करने के लिए अनुमंडल प्रशासन भी सजग दिख रहा है गुरुवार व शुक्रवार को खड़गपुर के एसडीओ के नेतृत्व में ए आपदा एवं मेडिकल टीम बाढ़ प्रभावित कई गांव का दौरा कर प्रभावित लोगों से मिले और उसकी समस्याओं से अवगत हुए अधिकारियों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उसकी समस्याओं के समाधान के का निर्देश दिया अग्रहण पंचायत भदौरा तेलियाडीह आदि बाढ़ प्रभावित वार्ड नंबर 12 13 16 15 में सबसे अधिक समस्या लोगों को पेयजल की हो रही है एसडीओ राजीव रोशन ने बताया कि पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता को इन वार्डो में पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है साथ ही मेडिकल टीम को भी आवश्यक निर्देश दिए गए उन्होंने कहा कि फिलहाल रिलीफ केंद्र की आवश्यकता नहीं है बाढ़ प्रभावित लोगों की मांग अगर होगी अगर हम के मध्य विद्यालय में एवं भदौरा सहित आसपास स्कूलों में रिलीफ केंद्र खुलवाया जाएगा इस मौके पर वीडियो प्रियंका कुमारी भी मौजूद थी।

### भीम आर्मी का भारत बंद होगा सफल

बेनीपुर(दरभंगा)।भीम आर्मी के कार्यकताओं की बैठक दुर्गा मंदिर परिसर बेनीपुर में रविवार को प्रखंड अध्यक्ष चुन चुन आजाद ने की। इस दौरान अमरेश दास फलाहारी बाबा ने कहा भारत बंद बेनीपुर में पूर्णतः सफल होगा। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि भीम आर्मी के संस्थापक डॉ चंद्रशेखर आजाद के आदेशानुसार बेनीपुर क्षेत्र में शांतिपूर्वक एवं भाईचारे के माहौल में भारत बंद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस बंद को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। भारत बंद के दौरान इमरजेंसी सेवा को चालू रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक एवं तैयारी की स्थिति से पता चलता है कि लोग इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर स्वयं ही हिस्सा लेंगे और सफल बनाने में लोग सभी स्तर पर लगे हुए हैं। बैठक में अनिल पासवान, सुमित कुमार पासवान, संतोष कुमार राम, विजय राम, साजन बैठा, डॉ छोटेलाल पासवान, सज्जन पासवान, अविनाश पासवान, इंद्र कुमार राम, शिवनाथ प्रसाद, ओमप्रकाश महतो सहित दर्जनों की संख्या में भीम आर्मी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अज्ञात अपराधियों द्वारा चाकु के बल पर बाइक और मोबाइल छीना

मशरक थाना क्षेत्र अंतर्गत सपही गांव के पास एक व्यवसायी की बाइक और मोबाइल अज्ञात अपराधियो द्वारा चाकू का भय दिखाकर छीन लिया गया।इस मामले मे व्यवसायी पानापुर थाना क्षेत्र के टोटहा जगतपुर गांव निवासी संतोष कुमार सिंह पिता स्व वैजनाथ सिंह द्वारा मशरक थाना मे प्रथमिकी दर्ज करायी गयी है।जिसमे कहा गया है कि शुक्रवार को रात्री 8:30 बजे के करीब बनसोही बाजार से अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था।तभी मशरक थाना क्षेत्र के सपही गांव के पास सुनसान जगह पर तीन अज्ञात युवको द्वारा चाकु का भय दिखाकर बाइक और मोबाइल छीन लिया गया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कैंडल मार्च निकाला



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार) । पश्चिम बंगाल के मेडिकल कॉलेज की एक छात्रा सह ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ हुई बलात्कार के बाद हत्या की घटना के विरोध में शुक्रवार की देर शाम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई हवेली खड़गपुर ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च पाटलिपुत्र लाइब्रेरी से प्रारंभ होकर नंदलाल बसु चौक, नया पुल,एकता पार्क, थाना चौक, पुरानी चौक से वापस होकर अंबेडकर चौक पर पहुंच छात्र की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। कैंडल मार्च में मौजूद एबीवीपी के पूर्व कार्यकर्ता दीपक यादव ने बताया कि पश्चिम बंगाल में हुई घटना की हम कड़ी निंदा करते हैं। महिला डॉक्टर के साथ पहले दुष्कर्म किया गया और फिर उसे मौत के घाट उतार दिया गया। यह बहुत ही शर्मनाक घटना है। अस्पताल परिसर के अंदर ही महिला के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई। पश्चिम बंगाल सरकार को दोषियों को जल्द से जल्द सजा देनी चाहिए। जिला संयोजक व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।जिस राज्य में महिला मुख्यमंत्री के रूप में मुखिया होने के बावजूद भी वहां की महिलाएं अपनी जिंदगी और मौत से जूझ रही हो, वहां पर ममता बनर्जी को शर्म के मारे डूब मरना चाहिए। अभाविप की छात्रा खुशी कुमारी ने कहा कि एक तरफ जहां केन्द्र सरकार अपना पूरा फोकस बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पर लगा रही है। वहीं दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल सरकार इसके बिल्कुल विपरीत बेटियों की जिंदगी को दांव पर लगाये बैठी है। कैंडल मार्च में बलात्कारियों को फांसी दो,ममता सरकार इस्तीफा दो, वी वांट जस्टिस इत्यादि नारेबाजी की गई। इस मौके पर साक्षी,सोनी,अनामिका, नेहा कोमल, रुचि सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्रा एवं अन्य लोग मौजूद थे

## अनवल में जिला स्तरीय बनदेवी महोत्सव का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

कोपा / भाजपा आरक्षण समाप्त करना चाहती है।इसी कारण से केन्द्र सरकार ने संयुक्त सचिव स्तर की वैकेंसी में बिना आरक्षण के विज्ञापन निकाली है।जिससे एससी-एसटी समाज के लोगों को एकजुट होना होगा।यह बातें अनवल खेल मैदान के एसडीएस ग्लोबल पाबलिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय वनदेवी महोत्सव में मांझी विधायक एवं माकपा नेता डॉ सत्येंद्र यादव ने कही। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में क्रिमीलेयर लागू करने की सिफारिश की है। क्यों कि कोर्ट में भी अगड़ी जाति के लोग बैठे हैं। विधायक डॉ सत्येंद्र ने कहा कि भाजपा आदतन आरक्षण विरोधी है। मांझी की जनता इसे हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगी। समस्तीपुर के डाक अधीक्षक दिनेश साह ने कहा कि आरक्षण में क्रिमीलेयर के खिलाफ समाज को एकजुट होना होगा। समारोह को प्रमोद कुमार,जितेन्द्र कुमार,विनोद कुमार साह गोंड़,श्रीराम राय, डॉ रामजी प्रसाद, जदयू आदिवासी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।संचालन वीरप्रकाश साह गोंड़ ने किया।समारोह के दौरान गोड़ऊ नाच का आयोजन किया गया।जिसका सबने आनंद लिया। आदिवासी वन देवी महोत्सव में जिले के सभी प्रखंडों के आदिवासी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।

## स्मृति सभा का आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। पर्वत पुरुष दशरथ मांझी के पुण्यतिथि के अवसर पर स्मृति सभा का आयोजन हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा से के कर्मा रोड स्थित जिला कार्यालय में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाअध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह एवं संचालन जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सूरज कुमार राय ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे उपस्थित रहे। जिलाअध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि पर्वत पुरुष हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं उनका अपने लक्ष्य के प्रति जुनून, अपने प्यार के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि हम सभी को यह सीखने की जरूरत है कि इतने अभाव में जीवन में इतना संघर्ष के बावजूद अपने काम में लगनशीलता प्रेरणादायक हैं। हम सब आज उन्हें नमन करते है। इस स्मृति सभा में मुख्य रूप से वरीय नेता हीरालाल शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह, युवा हम के प्रदेश सचिव संतोष गौतम, छात्र जिलाध्यक्ष राहुल कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विकास मिश्रा, सदर प्रखंड अध्यक्ष विकाश सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद राम,जिला सचिव अभय सिंह, गोलू, अंकित, सुमंत शमिल रहे।

## बाथरूम में गिरने से मुंगेर के हवलदार की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत दिदारगंज पंचायत के कहुआ गांव निवासी हवलदार मुन्ना शर्मा की मौत मोतिहारी में स्नान करने के दौरान बाथरुम में गिरने से हो गयी,मृतक के भाई सह पंचायत समिति सदस्य नीरज शर्मा ने कहा की भाई की मौत की खबर सुनकर हम मोतीहारी पहुंचे जहां पता चला कि स्नान करने बाथरुम गया था जहां गिरने से उन्हें चोट लगी और ज्यादा खून बहने लगा,वहां के जवानों ने आनन-फानन में अस्पताल ले गया जहां चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।मृतक मुन्ना शर्मा को दो पुत्र एवं दो पुत्री थी पत्नी बुलबुल देवी का रो रो कर बुरा हाल है।हवलदार मुन्ना शर्मा की मौत की खबर सुन जहां घर में मातमी सन्नाटा था तो किसी भी घर में चुल्हा तक नही जला था।वे स्वभाव के बहुत अच्छे थे,गांव आने पर वे सभी से मिलते जुलते थे हर कोई उनके मौत से स्तंभ है। मृतक मुन्ना शर्मा मोतिहारी में बीएमपी में जमेदार थे।

## ट्रक चालक से मारपीट कर 17 हजार रुपए छीन लिए गए

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक थाना क्षेत्र के चालीस आरडी नहर के पास एक ट्रक चालक के साथ मारपीट कर 17 हजार 5 सौ रुपए छीन लिया गया।इस मामले मे ट्रक चालक पदमौल गांव निवासी राहुल राय द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।जिसमे कहा गया है कि 16 अगस्त को सुबह बालू खाली करके लौट रहा था।तभी चालीस आरडी नहर के पास सुंदर गांव के महमम्द नजरूदीन सहित चार अज्ञात लोगो द्वारा गाड़ी को घेर लिया गया।और मेरे ऊपर चाकु से हमला कर बालू बिक्री का 17 हजार 500 रूपए छीन लिया गया।घायलवस्था मे मुझे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया गया।ट्रक मशरक गोपालबाड़ी गांव निवासी अनील सिंह का है।

## शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त माहौल में सिपाही भर्ती परीक्षा मुंगेर के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया




प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार पटना द्वारा बिहार पुलिस के सिपाही संवर्ग (सामान्य/सशस्त्र) में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की वाहिनियों एवं अन्य इकाईयों में सिपाही पद पर चयन हेतु अभ्यर्थियों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा रविवार को मुंगेर के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा रविवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद के साथ निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कई केंद्रों पर अभ्यर्थियों का भौतिक जांच भी कराया। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से कहा कि कदाचार एक दंडनीय अपराध है, इससे बचें और कदाचार में लिप्त होकर अपना भविष्य अंधकारमय न होने दें। अपनी प्रतिभा से आगे बढ़ें, सफलता निश्चित मिलेगी। उनके द्वारा आज उपेंद्र ट्रेनिंग स्कूल, टाउन उच्च विद्यालय, उच्च विद्यालय मकसूदपुर सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए मॉडल +2 हाई स्कूल, रामसखा सत्यभामा इवनिंग इंटर कॉलेज , उपेंद्र ट्रेनिंग एकेडमी +2, जिला स्कूल, टाउन उच्च विद्यालय, बैजनाथ राजकीय बालिका +2 विद्यालय, बाल्मीकि राजनीति बालिका उच्च विद्यालय, उच्च विद्यालय मकसुसपुर तथा एम0डब्लू0 हाई स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों से शांतिपूर्ण माहौल में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए भी निर्देश दिया है।

## विधायक राजीव सिंह ने बीपीएससी में चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित किया

प्रात : किरण संवाददाता




संग्रामपुर (मुंगेर)।इस वर्ष प्रखंड क्षेत्र के बीपीएससी एवं बिहार दरोगा के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री राम ग्रैंड में किया गया। जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद स्थानीय विधायक राजीव कुमार सिंह के द्वारा चयनित अभ्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में संग्रामपुर बाजार निवासी नवल किशोर पाल की पुत्री पूजा कुमारी जो बीपीएससी की परीक्षा में उत्तीर्ण कर एसडीओ के पद पर चयनित हुई हैं। संग्रामपुर निवासी पूर्व मुखिया शम्भू भगत उर्फ राजन की पुत्री जागृति कुमारी दरोगा के पद पर एवं संग्रामपुर बस्ती निवासी शंकर तांती का पुत्र राजकुमार दरोगा के पद पर चयनित हुए हैं ये सभी सामिल थें। कार्यक्रम के मौके पर उपस्थित विधायक श्री सिंह ने कहा कि श्रीराम ग्रैंड के संचालक संतोष केशरी के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के लिए सम्मान समारोह का यह आयोजन सराहनीय कार्य है इससे जहां चयनित अभ्यर्थियों के हौसले बुलंद होंगे वहीं संग्रामपुर प्रखंड के अन्य छात्र-छात्राएं जो प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं उनमें भी पढ़ाई और तैयारी के प्रति जागरुकता आएगी उन्होंने कहा कि सरकार भी आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र छात्रों के लिए कई योजनाएं चल रही जिसका लाभ लेकर आज छात्र-छात्राएं अपने मुकाम को हासिल कर रहे हैं उन्होंने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के संबंध में भी लोगों को जानकारी जानकारी दी संग्रामपुर की बेटी पूजा और जागृति के सफलता को लेकर उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में बेटी एक अपना स्थान रखती है और सरकार भी लगातार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। थानाध्यक्ष रुबिकांत कच्छप ने चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि संग्रामपुर खूबसूरत जगह यहां से कई आईएएस आईपीएस भी हुए हैं दरोगा के पद पर चयनित हुए अभ्यर्थियों को उन्होंने शुभकामना देते हुए कहा कि आप दरोगा के पद से भी आगे बढे हमारी शुभकामनाएं आपके साथ है। वही इस मौके पर जड़ियों प्रखंड अध्यक्ष कमल नयन सिंह, जय प्रकाश सिंह, मनोज शाह रविंद्र पासवान मनोज भगत नंदकिशोर यादव कृष्णदेव शाह जवाहर सिंह नीलभ भगत बलराम यादव वाल्मीकि तांती शंभू भगत राजन सहित संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के छात्र-छात्र एवं अभिभावक गण्यमान एवं बुद्धिजीवी उपस्थित थे

## ट्रैफिक डीएसपी ने तत्कालीन थाना अध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगा

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) पुलिस विभाग कि भ्रष्टाचार की कहानी बरियारपुर थाने से शुरू होती है यह पुलिस वाले कोयला ट्रक हो या बालू से भरा हुआ ट्रक हो या गिट्टी से भरा हुआ ट्रक हो उन तमाम से बीना मुंह मांगी राशि लिए उसे नहीं जाने देते हैं ऐसी ही घटना खड़गपुर क्षेत्र के शामपुर गांव निवासी श्याम पासवान ने 24 अक्टूबर 2022 को बरियारपुर थाने में आवेदन देकर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें बताया गया था कि कोयले से लदी ट्रक संख्या डब 370 8870 के धक्के से बाइक सवार उसका पुत्र 23 वर्षीय शशिकांत और उसका एक दोस्त घायल हो गया था इलाज के दौरान उसके पुत्र की मौत हो गई आवेदक के आधार पर बरियारपुर थाना कांड संख्या 163 बाय 22 दर्ज किया गया घटना में शामिल ट्रक को घटना के समय ही जप्त कर लिया गया था कांड के अनुसंधान करता ने ट्रक मालिक पश्चिम बंगाल के वर्तमान निवासी सच्चिदानंद मिश्र का 9 जुलाई को बयान दर्ज किया जिसमे ट्रक मालिक ने बताया कि ट्रक चालक सोनू कुमार घटना के दिन कोयला लोड कर लौट रहा था बरियारपुर में उसके ट्रक से दुर्घटना हुआ जिसमें दो युवक घायल हुए घटना की सूचना मिलने पर वह बरियारपुर पहुंचकर दोनों जख्मी से बातचीत की थाना अध्यक्ष से भी बातचीत की और ट्रक को छोड़ दिया समस्तीपुर ले जाकर कोयला अनलोड करने के बाद ट्रक को अपने घर ले गया इस मामले का खुलासा तब हुआ जब अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पास कांड का अनुसंधान पहुंच डीएसपी ने केस की समीक्षा के लिए ट्रैफिक डीएसपी के पास भेजा ट्रैफिक डीएसपी की समीक्षा में थाना अध्यक्ष द्वारा मनवाने तरीके से ट्रक को छोड़े जाने का मामला सामने आया इस संबंध में ट्रैफिक डीएसपी प्रभात रंजन ने बताया कि बरियारपुर के तत्कालीन थाना अध्यक्ष से स्पष्ट करें पूछा गया है ज्ञात हो ज्ञात हो कि आए दिन जमुई से खगड़िया बेगूसराय के लिए बालू भारी ट्रैकिंग प्रतिदिन सेकंड अन आई है जाते रहते हैं जिससे थाना के अधिकारियों द्वारा जांच के नाम पर प्रतिदिन ट्रक चालकों वसूली करते हैं जो यह एक जांच का विषय है बड़ी पदाधिकारी अगर इसमें ईमानदारी से जांच करेंगे तो कई थाना प्रभारी भी पकड़े जा सकते हैं।

## शहादत दिवस पर शहीद राम जीवन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



प्रात : किरण संवाददाता

मढ़ौरा ।स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में चर्चित मढ़ौरा गोरा हत्याकांड और इसके शहीद रामजीवन सिंह की शहादत एक अमिट घटना है। 18 अगस्त 1942 को पटना के सात शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए मढ़ौरा नगर के मेहता गाछी की कांग्रेस की एक सभा आयोजित थी। इस दौरान वहां पहुंचे अंग्रेजी सेना के टॉमी सैनिकों और गांधीवादी गुरु रामलोचन बाबू के सुभाषवादी शिष्य रामजीवन सिंह की जंग ने एक अलग कहानी लिख दी। इस जंग ने ही मढ़ौरावासी में लड़ने के जज्बे का संचार किया जिसके परिणामस्वरूप के छः गोरे सैनिक मारे गए, वहीं छात्र रामजीवन सिंह की शहादत हो गई। यह इतिहास को देखने की एक नई दृष्टि है। उक्त बातें मढ़ौरा इप्टा द्वारा अमर शहीद रामजीवन सिंह की शहादत दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए इतिहास के विद्वान प्रो. भूपेश भीम ने कही। मढ़ौरा इप्टा द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में प्रो चित्रमणी ने उनको प्रणाम कहना, उनसे सलाम कहना शहीद गान से शहीद को याद किया। शिवकुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई विचार गोष्ठी में स्थानीय लोगों ने अपने विचार रखे। शिक्षक कुन्दन श्रीवास्तव ने कहा कि आजादी की लड़ाई में रामजीवन सिंह की शहादत महत्वपूर्ण रही है। बाबू रामजीवन सिंह की क्रांतिकारी विचारों के पीछे उनके गुरु रामलोचन बाबू एक प्रेरणास्रोत के रूप में रहे है। डा. सतीश सिंह ने कहा की शहीद राम जीवन बाबू की सोच देश के लिए थी, आज हम भी अपनी सोच में देश को आगे रखकर उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। पत्रकार मनोकामना सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा पर आधारित आंदोलन की परिकल्पना को रामजीवन सिंह जैसे सैंकड़ों-हजारों छात्रों, किसानों और देशवासियों ने अपनी शहादत देकर आजादी की पटकथा लिखी थी। पत्रकार संजीव कुमार ने कहा कि रामजीवन बाबू ने महज 18 साल की उम्र में देश के लिए शहीद हुए जो देश के लिए उनके जज्बे को दशार्ता है। मौके पर डा कर्ण सिंह, अधिवक्ता नागेन्द्र प्रसाद, अवधेश वर्मा, शिवकुमार गुप्ता, सेना के पुरुषोत्तम कुमार सहित अन्य ने भी अपने विचार रखी। गोष्ठी उपरांत सभी लोग बाबू रामजीवन सिंह के शहीद स्मारक पर पहुंचे और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मुंगेर सदर अस्पताल में सीसीटीवी कैमरा लगने के बावजूद भी लापरवाही

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। सदर अस्पताल मुंगेर की स्थिति दिन प्रतिदिन जितना सुविधा सरकार के द्वारा मरीजों को दिए जाने की है उससे कहीं ज्यादा वहां के नर्स स्टाफ और चिकित्सक भी काफी लापरवाह होते जा रहे हैं इसका जीता जागता नमूना कोतवाली थाने में कैसे एक नर्स के खिलाफ दर्ज कराया गया है सिविल सर्जन डॉक्टर विनोद कुमार सिंह एवं अस्पताल उपाधीक्षक डॉ रमन से भी शिकायत की गई है परिजनों ने आरोप लगाया है कि डॉक्टर द्वारा मरीज को सलाइन लिखने के 24 घंटे बाद भी उसे नहीं चढ़ाया गया। इससे महिला मरीज की स्थिति गंभीर हो गई इस मामले में अस्पताल की उपाधीक्षक ने कहा कि नर्स स्टाफ की लापरवाही के सामने आ रही है नर्स से स्पष्टीकरण मांगा गया है ।कोतवाली थाना अध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने कहा कि आवेदन मिला है प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जांच के लिए पुलिस टीम को भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा कभी कानून तोड़कर कार्रवाई नहीं करती: अनिल विज



**अंबाला, एजेंसी।** हरियाणा में पिछले 10 साल से भाजपा सत्ता में है। इस दौरान इसने कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जेल भेजने की बात कही। इस पर हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि भाजपा कभी कानून तोड़कर कार्रवाई नहीं करती, मामला कोर्ट में विचाराधीन है। हरियाणा में आम आदमी पार्टी भी मैदान में उतर रही है। पंजाब व दिल्ली से नेता कमान संभाल रहे हैं। इस पर अनिल विज ने कहा आप का दिया बुझ चुका है। पंजाब और दिल्ली में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा है। विज ने कहा कि बुझा हुआ दीपक कभी जल नहीं सकता। दूसरे दीपक को जल रहा दीपक ही जला सकता है। ये बुझी हुई शमा है। बता दें कि चुनाव आयोग ने शुक्रवार को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में ही एक अक्टूबर को चुनाव होंगे और नतीजों की घोषणा 4 अक्टूबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, 90 में 73 सीटें सामान्य और 17 सीटें आरक्षित हैं। हरियाणा में 27 अगस्त को फाइनल वोटर लिस्ट जारी होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 2 करोड़ से ज्यादा मतदाता हैं। 20 हजार 629 पोलिंग बूथ हैं। 150 मॉडल पोलिंग बूथ हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि लोकसभा का चुनाव दुनिया में हमारी लोकतांत्रिक ताकत का प्रमाण है। इससे पहले, 2019 में हरियाणा में एक ही चरण में चुनाव हुआ था। 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में 68.20 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था।

### उद्धव ठाकरे का सपना केवल सपना ही रह जाएगा, कभी सीएम नहीं बनाएगी कांग्रेस- मिलिंद देवड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिवसेना (एकनाथ गुट) के सांसद मिलिंद देवड़ा ने शनिवार को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे का मुख्यमंत्री बनने का सपना, सपना ही रह जाएगा और कांग्रेस उन्हें कभी भी मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बनाएगी। देवड़ा ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस की कार्यप्रणाली को करीब से देखा है। मालूम हो कि मिलिंद देवड़ा लंबे समय तक कांग्रेस में रहे हैं और उनकी गिनती गांधी परिवार के काफी करीब माने जाने वाले नेताओं में होती थी। लोकसभा चुनाव से पहले देवड़ा ने कांग्रेस का साथ छोड़कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का दामन थाम लिया था। त्रों के अनुसार, शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा, मुख्यमंत्री बनने की उम्मीद में उद्धव ठाकरे महाविकस अघाड़ी के साथ चले गए हैं। कल की घटना के बाद, यह स्पष्ट है कि उद्धव ठाकरे का मुख्यमंत्री बनने का सपना केवल सपना ही रह जाएगा। मैंने कांग्रेस की कार्यप्रणाली को करीब से देखा है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि वे मुख्यमंत्री पद के लिए उद्धव का समर्थन नहीं करेंगे। वहीं, महायुति सरकार के सीएम पद के बारे में देवड़ा ने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार का कोई भ्रम नहीं है और जल्द ही मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर घोषणा भी हो जाएगी। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कभी नहीं कहा कि वह मुख्यमंत्री बनेंगे और अगर कांग्रेस या एनसीपी (एससीपी) के पास कोई चेहरा है, तो उद्धव समर्थन देने के लिए तैयार हैं। आज नागपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए राउत ने कहा, उद्धव ठाकरे को आगे आने की जरूरत नहीं है, वह 2019 में भी आगे नहीं आए, सभी ने मिलकर उन्हें सीएम बनाया। अब 2024 की बात करें तो उद्धव ठाकरे ने कभी नहीं कहा कि मैं सीएम बनूंगा, कल का भाषण सुनिए। अगर कांग्रेस एनसीपी के पास कोई चेहरा है तो उसे सामने लाएं।

# आचार संहिता के बाद सीएम की पहली रैली, बोले चार अक्टूबर के बाद हांसी में बैठेगा डीसी

**हांसी, एजेंसी।**
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हांसी में म्हारा हरियाणा नॉन स्टाप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली में कहा कि चुनाव के बाद सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। वे अभी अक्तूबर 2024 के लिए आशीर्वाद लेने के लिए आए हैं। 4 अक्टूबर को हरियाणा में बीजेपी की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री ने आजादी में शामिल हांसी बलिदानियों को नमन किया और कहा कि हांसी का इतिहास गौरवशाली रहा है। मुख्यमंत्री बोले हम भ्रष्टाचारियों का सुपड़ा साफ करने का काम करेंगें। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कुछ काम तो किया नहीं जिनकी बही खाते फटे पड़े हैं। वे जब भी बोलते हैं उनके मुंह से भ्रष्टाचार निकलता है। वे हमसे हिसाब मांगने के लिए घूम रहे है। सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने 10 वर्षों में हांसी की तस्वीर बदलने का काम किया। इसी साल हांसी-महम-रोहतक रेलवे लाइन का सम्पन्न हुआ है। 148 बी का निर्माण व हांसी को पुलिस जिला बनाने का काम भी इसी सरकार में हुआ है।

उन्होंने कहा कि आचार संहित के कारण वे घोषणा नहीं कर सकते परंतु 4 अक्टूबर के बाद हांसी में डीसी भी यहां पर बैठने का काम करेगा। उन्होंने हांसी में हुए करोड़ों रुपए के विकास कार्यो को गिनवाया। हांसी में खेल स्टेडियम का



निर्माण भी गिनवाया। सबका साथ सबका विकास के मुलमंत्र पर काम करवाया गया।

मुख्यमंत्री ने भूपेंद्र हुड्?डा पर बोलते हुए कहा कि वे अपनी किताब उठा लाएं और बताएं कि उन्होंने कितने लोगों को नौकरी देने का काम किया है। उन्होंने भूपेंद्र हुड्?डा को भर्ती रोको गैग के नाम से बुलाया। जो लोग अब हिसाब मांगते घूम रहे हैं। 2014 से पहले प्रदेश में निराशा का माहौल था। नौकरियों में क्षेत्रवाद व भाई-भतीजा वाद का बोलबाला था।

पहले सरकारी योजनाओं का लाभ उन लोगों को पहुंचता था जिसकी पहुंच कांग्रेस के लोगों तक थी। आज सरकार द्वारा स्वयं योजनाओं का लाभ आम लोगों को दिया जा रहा है। कांग्रेस ने लोगों को 100 गज के प्लाटों का लॉलीपॉप देने का काम किया था। उन्हें ना तो कागज दिए गए और कब्जा। परंतु आज कब्जा भी दिया गया और कागज भी दिए गए। साथ ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया कि जिन्हें 100 गज का प्लाट नहीं मिला उन्हें 4 के बाद 100-100 गज के प्लाट दिए जाएंगे।

कांग्रेस करती है कमीशन मोड पर कामः

विपक्ष के लोग लगातार झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित करते हैं। इनका मुखौटा जल्द उतरेगा। ये लोग कमीशन मोड पर काम करते हैं। जबकि हम मिशन मोड में काम करते हैं। वे लोग हिसाब मांग रहे हैं जिन्होंने सीएलएयू के नाम पर हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार करने का काम किया है। कांग्रेस को हमारी ई गर्वनस की नीति से बहुत ज्यादा एलर्जी है। उनका पेट खराब हो रहा है। जब मेरा करनाल से नाम घोषित हुआ था तो कांग्रेस का पेट खराब हो गया था। करनाल के लोगों ने चंडीगढ़ भी कमल का फूल भेजने का काम किया था और दिल्ली में भी। मैं आपसे आशीर्वाद लेने आया हूं ताकि मैं प्रदेश को और विकास की गति पर आगे बढ़ा सकूं।

हांसी जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने अन्नदाताओं की सभी फसलों के एक-एक दाने को एमएसपी पर खरीदने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बड़ा किसान हितैषी कोई नहीं है और हरियाणा के हमारे किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा सरकार के साथ है यह हमारे लिए खुशी की बात है।

कांग्रेस पर हमलावर होते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस वो पार्टी है जिसने किसानों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि हमारे किसान अब दो-दो रुपए का चेक देने वाले व जमीन लूट कर बिल्डरों को सौंपने वाले हुड्डा पिता-पुत्र और सीएलयू गैंग के झांसे में नहीं आने वाले हैं। रैली के दौरान डीपी वत्स, मनीष ग्रोवर, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, धर्मबीर रतेरिया, छत्रपाल सिंह, कैप्टन भूपेंद्र सिंह, बरवाला से पूर्व विधायक वेद नारंग, अशोक ढालिया, रतिया विधायक लक्ष्मण नापा, राजपाल यादव, गायत्री देवी, नेहा धवन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



### अवैध संबंध से प्रेग्नेंट हुई विधवा महिला की अबॉर्शन से मौत, झोलाछाप डॉक्टर के पास ले गया था प्रेमी

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली पुलिस ने 10 दिन पहले घर से लापता हुई एक विधवा महिला की मौत के मामले में सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, बुलंदशहर के डिबाई में स्थित एक अस्पताल में गर्भपात के दौरान महिला की मौत हो गई थी। इसके बाद उसके प्रेमी ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला के शव को छिपा दिया था। पुलिस ने महिला का शव बरामद कर लिया है। पुलिस ने घटना में शामिल महिला के प्रेमी और गर्भपात करने वाले डॉक्टर दंपती समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि चार आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। महिला के बच्चे के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि 15 अगस्त को जेवर कोतवाली में एक युवक ने अपनी विधवा मां की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करवाया था।शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसकी मां 6 अगस्त से घर से लापता है।

### ओडिशा में बिजली गिरने से 9 लोगों ने गंवाई अपनी जान, कई घायल

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा में आसमानी बिजली ने अपना कहर मचा रखा है। शनिवार को ओडिशा के विभिन्न हिस्सों में बिजली गिरने से एक नाबालिग लड़के सहित नौ लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए।अधिकारियों ने बताया कि मरने वाले 9 लोगों में से मयूरभंज, बालासोर और भद्रक जिले में 2 लोग तो वहीं क्योंझर, ढेंकनाल और गंजम जिले में तीन लोगों की मौत हुई है। सीएम मोहन चरम माझी ने लोगों की मौतों पर गहरा दुख जताते हुए पीड़ितों के परिवारजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मयूरभंज जिले में आदिवासी दंपत्ति लछमन मुर्मू और उनकी पत्नी साकार मुर्मू धान की रोपाई करने में लगे हुए थे, तभी बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होने के बाद, जैसे ही दम्पति सुरक्षित स्थान पर वापस जाने की कोशिश कर रहे थे, वे बिजली की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई।

## बलौदाबाजार हिंसा में बड़ा ऐक्शन, कांग्रेस विधायक गिरफ्तार, पूर्व सीएम बघेल ने बताया राजनीतिक प्रतिशोध

**दुर्ग/बलौदाबाजार, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार शहर में 10 जून को सतनामी समुदाय के आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। वहीं, यादव ने बीजेपी सरकार पर आगजनी मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फंसाने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि विधायक को दुर्ग जिले में उनके आवास से पकड़ा गया। उन्हें बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के मुख्यालय बलौदाबाजार लाया गया, जहां उन्हें शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस विधायक पर पुलिस की कार्रवाई की बात फैलने के बाद यादव के कई समर्थक दुर्ग के भिलाई नगर इलाके में उनके आवास के बाहर एकत्र हुए और नारे लगाए। पार्टी का प्रभावशाली युवा चेहरा यादव भिलाई नगर निर्वाचन क्षेत्र से दूसरी बार विधायक हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यादव को बलौदाबाजार आगजनी घटना में कोतवाली थाने में दर्ज एक मामले



के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। मामला भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। यादव को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 20 अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बता दें कि 15 की रात को अज्ञात व्यक्तियों ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के गिरौदपुरी धाम में अमर गुफा के पास सतनामी समुदाय द्वारा पूजे जाने वाले पवित्र प्रतीक जैतखाम या विजय स्तंभ को तोड़ दिया था। 10 जून को इसके विरोध में सतनामियों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ ने बलौदाबाजार शहर में एक सरकारी कार्यालय भवन और 150 से अधिक वाहनों को आग लगा दी थी। दशहरा मैदान में सतनामियों के प्रदर्शन के दौरान विधायक यादव सहित कांग्रेस नेता कथित तौर पर एक सार्वजनिक बैठक में शामिल हुए थे। 10 जून की आगजनी के सिलसिले में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) और भीम आर्मी के सदस्यों सहित लगभग 150 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। सत्तारूढ़ भाजपा की आलोचना करते हुए यादव ने कहा कि वह सरकार से नहीं डरते हैं और लोगों के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बलौदाबाजार आगजनी मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फंसाने की कोशिश कर रही है। कहा कि सतनामी समाज के युवाओं और निर्दोषों के लिए आवाज उठाने पर सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई की। वहीं, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यादव की गिरफ्तारी को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। बघेल ने आरोप लगाया कि पूरी घटना में सरकार और पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष के कारण की गई है और हम इसका विरोध करते हैं।

हम कानूनी सुझाव लेंगे और उसके अनुसार भविष्य की कार्रवाई तय करेंगे। विधायक यादव छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान उजागर हुए कथित कोयला लेवी घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय और राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज मामलों में भी आरोपी हैं।

## पहले हैंगर से मारा फिर जमीन पर घसीटा, लंदन के होटल में एयर इंडिया के चालक दल की सदस्य पर हमला

**लंदन, एजेंसी।** लंदन के एक होटल से दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। हीथ्रो के रैडिसन रेड होटल में गुरुवार की रात को एयर इंडिया के चालक दल की सदस्य पर एक व्यक्ति ने हमला किया। हमलावर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पीड़िता को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया और वह अब मुंबई लौटने वाली है। सूत्रों ने बताया कि यह घटना आधी रात के बाद हुई, जब एयर इंडिया के कई उड़ानों के चालक दल के सदस्य होटल में रुके थे। जब हमलावर ने हमला किया जब चालक दल की सदस्य सो रही थी। आरोपी ने पीड़िता पर हैंगर से हमला किया और भागने की कोशिश करने पर आरोपी ने उसे जमीन पर घसीटा।




सूत्रों ने कहा, इस हमले में वह बुरी तरह से घायल हो गई थी। हमलावर भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस को घस घटना की जानकारी दी गई और पीड़िता को अस्पताल ले जाया गया। वह ड्यूटी पर वापस नहीं जा सकी और चालक दल का एक सदस्य उसके साथ रुक गया। बता दें कि चालक दल ने अपर्याप्त सुरक्षा, अंधेरे गलियारे, शरारती तत्वों द्वारा होटल के कमरों के दरवाजे खटखटाने की शिकायत की थी। लंदन समेत ब्रिटेन के कई क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति के कारण वहां सबी को सतर्क रहने की जरूरत है। एक पायलट ने कहा, लंदन में इन दिनों हम अकेले बाहर जाने से बचते हैं। चालक दल के सदस्यों के ठहरने के लिए केवल फुलप्रूफ सुरक्षा प्रणालियों वाले होटलों का ही चयन किया जाना चाहिए। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि वह अपने चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने इस घटना में शामिल लोगों की गोपनीयता का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा, होटल में चालक दल के सदस्य पर हमले की घटना से दुखी हूं। हम अपने सहयोगी और उनकी टीम को हर संभव मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। एयर इंडिया स्थानीय पुलिस के संपर्क में है। हम होटल के साथ भी संपर्क में है, जिससे कि भविष्य में किसी को भी कभी ऐसी घटनाओं का सामना न करना पड़े।

## चीफ जस्टिस को चुनाव विवादों को सुलझाने वाली पीठ से अलग किया जाए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के नौ सांसदों ने चुनाव विवादों से संबंधित मामले के समाधान के लिए पंजाब में नियुक्त चुनाव न्यायाधिकरण के मामले की सुनवाई करने वाली पीठ से पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा को अलग करने की मांग की है। दरअसल, देश में 8 फरवरी को आम चुनाव हुए थे। इसमें बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगे थे। सीजेपी की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ 8 फरवरी के आम चुनावों से संबंधित चुनावी विवादों को सुलझाने के लिए पंजाब में चुनाव न्यायाधिकरणों के गठन के संबंध में लाहौर हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ पाकिस्तान के चुनाव आयोग की अपील पर विचार करेगी। जस्टिस काजी फैज ईसा के अलावा, पीठ के सदस्यों में अमीनुद्दीन खान, जमाल खान मंडोखैल, नईम अख्तर अफगान और जस्टिस अकील अहमद अब्बासी शामिल हैं। 4 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में आठ चुनाव न्यायाधिकरणों की नियुक्ति पर लाहौर हाई कोर्ट के फैसले और इसकी अधिसूचना को निलंबित कर दिया था। यह निलंबन तब तक



प्रभावी रहा जब तक कि हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और ईसीपी के बीच बातचीत पूरा नहीं हुई। पीटीआई के सांसदों ने रजिस्ट्रार सुप्रीम कोर्ट को प्रस्तुत अपने आवेदन में चुनाव न्यायाधिकरण के मुद्दे पर सुनवाई कर रही पीठ से जस्टिस ईसा को अलग करने के लिए आवेदन दायर करने की मांग की है।

# गाजा में 25 वर्षों में पोलियो का पहला मामला दर्ज

### बिना टीकाकरण वाले 10 महीने के बच्चे में मिले लक्षण

**गाजा, एजेंसी।** इस्राइल-हमास युद्ध के बीच गाजा में 25 वर्षों में पहला पोलिया का मामला दर्ज किया गया है। जॉर्डन में परीक्षण के दौरान मध्य गाजा पट्टी के एक बिना टीकाकरण वाले 10 महीने के बच्चे में वायरस की पुष्टि हुई है। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पोलियो का यह मामला तब पकड़ में आया, जब संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने हजारों बच्चों का टीकाकरण करने के लिए इस्राइल-हमास युद्ध को रोकने का आह्वान किया था। 25 वर्षों तक पोलियो के बिना रहने के बाद, गाजा पट्टी में इसके फिर से उभरने से पड़ोसी देशों को खतरा हो सकता है।

फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, जॉर्डन की राजधानी अम्मान में आवश्यक परीक्षण करने के बाद पोलियो संक्रमण की एक 10 महीने के बच्चे में पुष्टि हुई है। यह मामला तब सामने आया जब गुटेरेस ने गाजा युद्ध में 640000 से अधिक बच्चों का टीकाकरण करने के लिए दो सात दिनों के ब्रेक का आह्वान किया।

संयुक्त राष्ट्र और स्वास्थ्य एजेंसियों ने कहा कि फलस्तीनी क्षेत्र में बच्चों तक पहुंचने के लिए विस्तृत योजना बनाई गई है, जो इस महीने से शुरू हो सकती है। लेकिन, इसके लिए इस्राइल-हमास के बीच 10 महीने से चल रहे युद्ध को रोकना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यूनिसेफ ने कहा कि वे गाजा पट्टी में टाइप 2 पोलियोवायरस (सीवीडीपीवी2) के खिलाफ अगस्त के अंत में शुरू होने वाले दो सात दिवसीय टीकाकरण अभियान की योजना बना रहे हैं। एजेंसियों ने एक बयान में कहा, लड़ाई में ये



ठहराव बच्चों और परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाओं तक सुरक्षित रूप से पहुंचने और सामुदायिक आउटरीच कार्यकर्ताओं को उन बच्चों तक पहुंचने की अनुमति देगा जो पोलियो टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं तक नहीं पहुंच सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुटेरेस ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संवाददाताओं से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, पोलियो को फैलने से रोकने के लिए व्यापक, समन्वित और तत्काल प्रयास की आवश्यकता होगी। मैं सभी पक्षों से अपील कर रहा हूं कि वे अभियान के लिए मानवीय ठहराव की गारंटी देते हुए तुरंत ठोस आश्वासन दें। बता दें कि पिछले महीने 23 जून को यह घोषणा की गई थी कि गाजा में एकत्र किए गए नमूनों में टाइप 2 पोलियोवायरस पाया गया था।

## रूस-यूक्रेन के बीच चरम पर तनाव, मॉस्को का आरोप- कुर्स्क में बने पुल को पश्चिमी हथियारों से बनाया निशाना

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन युद्ध ढाई साल से अधिक समय से जारी है। दोनों में से कोई भी देश पीछे हटने को तैयार नहीं है। इस बीच, मॉस्को ने कीव पर हमले में पश्चिमी रॉकेटों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है, जो संभवतः अमेरिका में बनाए गए हैं। उसका कहना है कि कुर्स्क क्षेत्र में सेयम नदी पर बने पुल को पश्चिमी हथियारों से निशाना बनाया गया। इसकी वजह से नागरिकों को निकालने की कोशिश कर रहे स्वयंसेवकों की मौत हो गई।

यूक्रेन की सेना ने शुक्रवार को कुर्स्क के ग्लुशकोवस्की जिले में पुल पर हमला किया क्योंकि वे पश्चिमी रूस के क्षेत्र में अपनी घुसपैठ बढ़ा रहे हैं। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शुक्रवार देर रात टेलीग्राम मैसेजिंग एप पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहली बार कुर्स्क क्षेत्र पर पश्चिमी देश में बने रॉकेट लॉन्चर का इस्तेमाल किया गया है। संभवतः अमेरिकी एचआईएमएआरएस से यह हमला किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि पुल पर हुए हमले का नतीजा यह था कि यह पूरी तरह नष्ट हो गया था। स्वयंसेवक जो नागरिकों को बाहर निकालने में मदद कर रहे थे, वो मारे गए।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129